आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 29 जून 2024
वर्ष 5, अंक 223, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में 13

कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़ 14

## अयोध्या में रामपथ के घटिया निर्माण पर तीन अभियंता निलंबित

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने अयोध्या में रामपथ के घटिया निर्माण के लिए शुक्रवार को अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-3 ध्रुव अग्रवाल, एई अनुज देशवाल और जेई प्रभात पांडेय को निलंबित कर दिया है। प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी अजय चौहान ने बताया कि मुख्य अभियंता मध्य क्षेत्र को जांच दी गई है। 22 जून से 25 जून तक अयोध्या में तेज बारिश के कारण इस मार्ग की सतह उखड़ गई थी। हाल में ही बने मार्ग के क्षतिग्रस्त होने से सरकार की किरकिरी हुई थी। अधिशासी अभियंता को निलंबन अवधि में मुख्य अभियंता अयोध्या क्षेत्र से संबद्ध किया गया है।

# नीट मुद्दे पर विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्यवाही स्थगित



नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी को लेकर विपक्ष के भारी हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। इससे पहले इसी मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित की गई थी।

दोपहर 12 बजे सदन की कार्यवाही जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्य हंगामा करने लगे। इस पर अध्यक्ष ओम बिरला ने सदस्यों से शांत रहने और तृणमूल कांग्रेस के सदस्य एसके नुरूल इस्लाम के लोकसभा की सदस्यता की शपथ लेने की कार्यवाही पूरी करने देने को कहा। इस्लाम के शपथ लेने के बाद विपक्षी सदस्य पुनः शोर करने लगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सदस्य सदन के बीच आकर हंगामा और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी सदस्यों का कहना था कि नीट पर तत्काल चर्चा होनी चाहिए। वे शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करने की भी मांग कर रहे थे। संसदीय कार्य मंत्री किरण रीजीजू ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। सदस्यों को अपनी बात कहने का पर्याप्त समय दिया जाएगा। सरकार हर बात का जवाब देगी। इसके बाद भी विपक्षी सदस्य हंगामा करते रहे तो बिरला ने सदन की कार्यवाही सोमवार पूर्वाह्न 11 बजे तक स्थगित कर दी।

### संसद में नीट पर हो व्यापक चर्चा प्रधानमंत्री भी लें भाग : राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संसद में नीट पर व्यापक चर्चा करनी चाहिए। राहुल ने सदन की कार्यवाही से पूर्व यहां संसद भवन परिसर में कहा कि यह गंभीर मामला है और इसकी पड़ताल की जानी चाहिए, प्रधानमंत्री भी इस चर्चा में भाग लें।

### सरकार चर्चा को तैयार, किंतु मर्यादा में रहते हुए हो : प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार नीट परीक्षा पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन यह परंपरा के अनुसार और मर्यादा में रहते हुए होनी चाहिए। हंगामे के कारण सदन की बैठक दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद प्रधान ने अपील की कि छात्रों को भ्रमित नहीं किया जाना चाहिए।

### नेहरू जवाहरात के लाल थे और मोदी गुदड़ी के लाल हैं : त्रिवेदी



**नई दिल्ली।** भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि नेहरू की तुलना में मोदी अतुलनीय प्रधानमंत्री हैं। त्रिवेदी ने यह बात राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की शुरुआत करते हुए कही। त्रिवेदी ने कहा कि नेहरू जवाहरात के लाल थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी गुदड़ी के लाल हैं।

### कांग्रेस ने फिर लगाया आरोप सदन में बंद किए गए माइक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पर 'माइक ऑफ' कर आवाज दबाने के आरोप लगाए हैं। लोकसभा में राहुल गांधी और राज्यसभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नीट पर चर्चा की मांग कर रहे थे। कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दोनों सदनों की वीडियो क्लिप भी पोस्ट की है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला से सदन में नीट पर चर्चा करवाने की मांग की थी।

### कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम बेहोश हुईं

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में शुक्रवार को नीट-यूजी के मुद्दे पर हंगामे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं। उन्हें पास ही स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और विपक्ष के कई सांसदों ने अस्पताल में उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। खरगे ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सांसद के मूर्छित होकर गिरने के बाद भी सदन की कार्यवाही जारी रखी गई। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नीट, यूजीसी-नेट और अन्य पेपर लीक घोटालों पर तत्काल चर्चा से सरकार के इनकार के कारण आज राज्यसभा में हुए शोर शराबे के बीच कांग्रेस सांसद फूलो देवी नेताम अचानक गिरीं और बेहोश हो गईं।

# बारिश से दिल्ली पानी-पानी

## दिल्ली में 88 साल बाद जून में 228 मिमी बारिश, सड़कों पर बाढ़, कारें डूबीं

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली-एनसीआर में पिछले 24 घंटे में हुई बारिश ने 88 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1936 के बाद पहली बार राजधानी में इतनी बारिश दर्ज की गई। सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए, लोगों को पूरे दिन जाम से जूझना पड़ा। कई इलाकों में चार से पांच फीट पानी भरने से कारें डूब गईं। सड़कों पर नाव चलीं और ट्रैफिक प्रभावित हुआ।

कई सांसदों के आवास में भी पानी भर गया। आईएमडी ने बताया कि दिल्ली में गुरुवार सुबह 8:30 बजे से शुक्रवार सुबह 8:30 बजे तक, 24 घंटे में 228 मिमी बारिश हुई। यहां 88 साल बाद जून महीने में एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इससे पहले जून 1936 में 24 घंटे में 235.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

दिल्ली यातायात पुलिस ने प्रभावित मार्गों के संबंध में परामर्श जारी कर यात्रियों को इसके अनुसार ही यात्रा योजना बनाने की सलाह दी है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में जलमग्न सड़कों पर यात्रियों को अपने बच्चों को लेकर घुटनों पानी से होकर गुजरना पड़ा। कुछ इलाकों में मेट्रो स्टेशनों में भी पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने दिल्ली में जलभराव की स्थिति के लिए नालों में जमा प्लास्टिक कचरे को जिम्मेदार ठहराया।

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने छुट्टी पर गए सभी वरिष्ठ अधिकारियों को तुरंत ड्यूटी पर वापस आने के लिए कहा, अगले दो महीने तक के लिए छुट्टियां रद करने की सिफारिश की।

आईटीओ पर ट्रैफिक जाम में फंसे वाहन



हवाईअड्डे की गिरी छत



रोहिणी में धंसी सड़क



सराय काले खां में डूबी कार



### हवाई अड्डे की छत ढही, एक की मौत, छह घायल

**नई दिल्ली।** भारी बारिश के कारण इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल 1 की छत का हिस्सा ढह गया जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने अधिकारियों से बात की और कहा कि व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहा हूं। प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने मृतक के परिवार को 20 लाख और घायलों को तीन-तीन लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की।

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से रिहा



- 31 जनवरी को किए गए थे गिरफ्तार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को जमानत दे दी जिसके बाद सोरेन को जेल से रिहा कर दिया गया। अदालत ने सोरेन की जमानत याचिका पर फैसला 13 जून को सुरक्षित रख लिया था। न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की एकल पीठ ने 50 हजार के मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानत पर जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के मामले में 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन (48) बिरसा मुंडा जेल में कैद थे। सोरेन के वकील अरुणाभ चौधरी के अनुसार अदालत ने कहा है कि प्रथम दृष्टया, वह दोषी नहीं हैं और रिहाई के दौरान याचिकाकर्ता द्वारा कोई अपराध किए जाने की कोई आशंका नहीं है।

## मोबाइल नंबर पोर्ट के लिए अब 7 दिन करना होगा इंतजार

**नई दिल्ली।** दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को कहा कि 'सिम स्वैप' यानी मोबाइल नंबर बदलने के बाद 'पोर्टिंग' के लिए पात्र होने में सात दिन की प्रतीक्षा अवधि होगी। यह कदम मोबाइल फोन नंबर के जरिए की जाने वाली धोखाधड़ी को रोकने के लिए उठाया गया है। ट्राई ने कहा कि 14 मार्च 2024 को जारी दूरसंचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी (नौवां संशोधन) विनियम एक जुलाई से लागू हो जाएगा। इससे पहले 'सिम स्वैप' करने पर 10 दिन इंतजार करना होता था। लेकिन नियामक ने नवीनतम संशोधन में इस अवधि को घटाकर सात दिन कर दिया है।

## एयरटेल ने मोबाइल सेवा दरों में की 10-21% वृद्धि

- कंपनी तीन जुलाई से लागू करेगी दरों में वृद्धि का फैसला

**नई दिल्ली।** भारती एयरटेल ने शुक्रवार को मोबाइल सेवाओं की दरों में 10-21 प्रतिशत बढ़ोतरी की घोषणा की। इससे एक दिन पहले रिलायंस जियो ने दरों में वृद्धि की घोषणा की थी। ढाई साल में दूरसंचार उद्योग ने पहली बार दरों में बड़ी वृद्धि की है। एयरटेल ने एक बयान में कहा कि दरों में बढ़ोतरी 10-21 प्रतिशत के बीच है। दरों में संशोधन तीन जुलाई से प्रभावी होगा। दैनिक डेटा ऐड-ऑन (एक जीबी) की दर में तीन रुपये की वृद्धि होगी और यह 19 से बढ़कर 22 रुपये हो जाएगा। वहीं 365 दिन की वैधता वाले प्लान में दो जीबी प्रतिदिन की पेशकश वाले प्लान में 600 रुपये तक की वृद्धि होगी और नई दरें 2,999 रुपये से बढ़कर 3,599 रुपये हो जाएंगी। असीमित 'वॉयस प्लान' श्रेणी में दर को 179 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये कर दिया गया है। कुल 28 दिन की वैधता वाले इस प्लान में 20 रुपये की वृद्धि की गई है। इस प्लान में दो जीबी का डेटा दिया जाता है।













# बेटा-बेटी की तरह अब बहू को भी मिलेगा अधिकार

### सरकार ने लिया निर्णय

- प्रमुख सचिव नगर विकास ने जारी किए शासनादेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : नगर विकास विभाग ने निकायों में विधवा पुत्र वधू को भी मृतक आश्रित मानने का आदेश जारी किया है। ऐसे में राज्य सरकार ने बेटे-बेटी की तरह अब बहू को भी समान हक दिलाने की दिशा में कदम बढ़ा दिए हैं। इसी के तहत अब नगर विकास विभाग ने निकायों में कार्यरत अकेंद्रीयत सेवा के कार्मियों की विधवा पुत्रवधू को राज्य कर्मियों के समान आश्रितों के बराबर हक देने का निर्णय लिया।

सरकार के इस निर्णय से हजारों लोगों को लाभ पहुंचना संभव है। कई परिवार ऐसे हैं जहां कमाने वाले की मृत्यु के बाद उसके बेटे की भी दुर्घटना अथवा अन्य कारण से आकस्मिक मौत होने पर मुश्किलें बढ़ जाती हैं। ऐसे परिवारों की बहू को नौकरी के लिए सरकार के पास काफी सिफारिशे आती रहती थीं। इस संबंध में नगर विकास विभाग ने उप्र सेवाकाल में पालिका (अकेंद्रीयत) सेवानिवृत्त लाभ नियमावली-1984 में कुटुंब की परिभाषा में बदलाव करते हुए मृतक कर्मी की आश्रित पुत्रवधू को भी शामिल कर दिया है। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में शासनादेश जारी करते हुए निकायों को निर्देश भेज दिया है।

## 4,603 यात्रियों का पहला जत्था घाटी पहुंचा

अमरनाथ यात्रा

**जम्मू।** अमरनाथ यात्रियों का पहला जत्था शुक्रवार को कश्मीर घाटी पहुंचा। श्रीनगर पहुंचने पर पुलिस और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों तथा स्थानीय लोगों ने 4,603 तीर्थयात्रियों का स्वागत किया। शनिवार को अनंतनाग में पारंपरिक 48 किमी. लंबे नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल में 14 किमी. लंबे बालटाल मार्ग से यह 52 दिवसीय तीर्थयात्रा शुरू होगी और 19 अगस्त को संपन्न होगी। हर हर महादेव के जयकारों के बीच जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को भगवती नगर स्थित आधार शिविर से 4,603 तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को रवाना किया।

# दो हजार करोड़ से बनेगा बायो प्लास्टिक पार्क



- लखीमपुर खीरी में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होगा पार्क
- मुख्यमंत्री योगी ने परियोजना को तेजी से पूरा करने के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : राज्य सरकार दो हजार करोड़ से बायो प्लास्टिक पार्क की स्थापना करने जा रही है। इसका उद्देश्य बायो प्लास्टिक के निर्माण के जरिए पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करना है। इस क्रम में लखीमपुर खीरी के गोला गोकर्णनाथ तहसील के कुंभी गांव में 1000 हेक्टेयर में स्थापित होने वाले इस प्रोजेक्ट को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए हैं। इसके लिए जमीन की तलाश तेज कर दी गई है।

पार्क को बलरामपुर चीनी मिल फर्म द्वारा बनाया जाएगा, जिससे यहां न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार का सृजन होगा बल्कि बायो प्लास्टिक पार्क बनने से क्षेत्र में कई अन्य सहायक उद्योग भी स्थापित हो सकेंगे। पार्क के विकास के लिए उप्र. एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को नोडल बनाया जाएगा।

बायो प्लास्टिक पार्क के विकास से नए वैज्ञानिक व तकनीकी क्षेत्र में नौकरी के अवसर भी उत्पन्न होंगे ही साथ ही ये पार्क वैज्ञानिकों और अनुसंधानकर्ताओं के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा, जहां वे नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधानों के माध्यम से प्लास्टिक निर्माण की क्षमताओं को विकसित कर सकते हैं।

पार्क में वैज्ञानिक अनुसंधान होंगे, जिससे प्लास्टिक के प्रभावी उपयोग और रि-साइकिल के लिए नवीनतम तकनीकी उत्पाद विकसित किए जा सकेंगे। इसके जरिए प्लास्टिक से पैदा होने वाली पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान निकाला जा सकेगा।

## विक्रम मिसरी होंगे भारत के अगले विदेश सचिव



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय उपसुरक्षा सलाहकार और विदेश सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विक्रम मिसरी अगले विदेश सचिव होंगे। वह निवर्तमान विदेश सचिव विनय क्वात्रा का स्थान लेंगे। मंत्रिमंडल की नियुक्ति संबंधी समिति के अनुसार नियुक्ति 15 जुलाई से प्रभावी होगी।

## स्वीमिंग पूल के कार्यालय और दो घरों से लाखों की चोरी

**बिसौली, अमृत विचार :** चोरों ने स्वीमिंग पूल के कार्यालय से 15 हजार रुपये, डीबीआर, स्पीकर सहित लगभग एक लाख का सामान चोरी कर लिया। वहीं शिव कॉलोनी में एक मकान में रह रहे दो किराएदारों के कमरे से नगदी, जेवर समेत एक लाख रुपये का सामान चोरी किया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

नगर निवासी रामकिशोर का दबतोरी मार्ग पर स्वीमिंग पूल है। गुरुवार रात को चोरों ने पूल के कार्यालय की दीवार में नकब लगाकर दो दानपात्र, मंदिर में रखे 15 हजार रुपये, 40 हजार रुपये के दो स्पीकर, बिस्तर, सीसीटीवी कैमरों की डीबीआर समेत एक लाख रुपये का सामान की चोरी कर लिया। शुक्रवार को वह कार्यालय पहुंचे तो चोरी का पता चला। कस्बा की शिव कॉलोनी निवासी तेज प्रकाश के मकान में राकेश पाल और ब्रज मोहन किराए पर रहते थे। दोनों किराएदार अपने कमरों में ताला लगाकर अपने गांव चले गए थे। चोरों ने उनके कमरों से 30 हजार रुपये और जेवर चोरी कर लिए। शुक्रवार को दोनों किराएदार वापस लौटे तो कमरों के ताले टूटे मिले।

# जलभराव से मुक्ति में अतिक्रमण का रोड़ा, नालों पर बने हैं मकान और दुकानें

## अतिक्रमण वाले नालों पर नहीं गया जिम्मेदारों का ध्यान, छह सड़का, सुभाष चौक, आर्य समाज और लावेला चौक पर बड़ी संख्या में अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बरसात के मौसम में शहरवासियों को जलभराव का सामना करना पड़ता है। इस विकट स्थिति का सामना इस बार भी शहरवासी कर रहे हैं। हालांकि नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई कराई गई, परंतु उसमें भी खानापूर्ति कर दी गई। उन स्थानों की ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं गया जहां नालों पर अतिक्रमण है। छह सड़का, सुभाष चौक, आर्य समाज चौक और लावेला चौक सहित कई स्थानों पर नालों पर अतिक्रमण कर ऊंची-ऊंची बिल्डिंग खड़ी कर ली गई हैं। इनकी वजह से नाले चोक पड़े हुए हैं। जिसकी वजह से लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात से पूर्व नगर पालिका द्वारा नालों की तली झाड़ सफाई कराई जाती है। इस बार पालिका द्वारा ठेके पर कर्मचारी रखकर नालों की सफाई कराई गई। नालों की सफाई के दौरान जिम्मेदारों द्वारा फोटो भी खिंचवाए गए। परंतु उन स्थानों की ओर ध्यान ही नहीं गया जहां नालों पर बड़ी बिल्डिंग बनी हुई हैं। जिसमें प्रमुख रूप से सुभाष चौक, आर्य समाज चौक, छह सड़का, महिला अस्पताल और लावेला चौक हैं। इन स्थानों से गुजर रहे नालों पर रसूखदारों के मकान और प्रतिष्ठान बने हुए हैं। जिसकी वजह से नालों की सफाई नहीं हो पाती है। सफाई के अभाव में नाले चोक हो चुके हैं। ऐसी स्थिति में बरसात का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। जिसकी वजह से लोगों को जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ता है। अगर पालिका के जिम्मेदार इन नालों से अतिक्रमण हटाकर तली झाड सफाई कराएं तब कहीं जाकर शहरवासियों को बरसात के दौरान होने वाले जलभराव से मुक्ति मिल सकती है।



लावेला चौक पर दुकानदारों ने नाले पर अतिक्रमण कर रखे काउंटर। ● अमृत विचार


सुभाष चौक पर नाले पर बनीं दुकानें। ● अमृत विचार


पनबड़िया जाने वाले रोड से निकल रहे नाले पर अतिक्रमण। ● अमृत विचार

### सुबह हुई बारिश, जलभराव से जूझे शहरवासी

पिछले कई दिनों से बारिश का दौर जारी है। सुबह के समय झमाझम बारिश हो रही है। शुक्रवार को भी सुबह छह बजे से आठ बजे तक बारिश हुई। जिसकी वजह से शहर के अंदर कई स्थानों पर जलभराव हो गया। जलभराव होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



आर्य समाज चौक से निकल रहे नालों पर बने मकान और दुकान। ● अमृत विचार

### तत्कालीन डीएम ने नालों से हटवाया था अतिक्रमण

शहर में जलभराव की समस्या को देखते हुए वर्ष 2020-21 में तत्कालीन डीएम रहे कुमार प्रशांत द्वारा नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया था। जिसमें प्रमुख रूप से लावेला चौक और छह सड़का पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया गया था। उस दौरान रसूखदार लोगों ने खूब हो हल्ला मचाया था। परंतु प्रशासन के आगे उनकी एक न चली। कई दुकानों को ध्वस्त कर नालों की सफाई कराई गई थी। नालों की सफाई होने के बाद लोगों को बरसात के दौरान जलभराव से कुछ निजात मिली थी। उनके स्थानांतरण होने के बाद फिर से लोगों ने नाले पर अतिक्रमण कर लिया। स्थिति फिर से वैसी ही हो गई। नालों की सफाई न होने की वजह से शहरवासियों को फिर से जलभराव की समस्या से जूझना पड़ रहा है।


पनबड़िया बिजलीघर के पास चोक पड़ा नाला।

> शहर के कई स्थानों पर नालों के ऊपर अतिक्रमण है। फिलहाल छह सड़का पर अतिक्रमण हटाकर नाला साफ कराने का काम चल रहा है। अन्य स्थानों पर भी जल्द अतिक्रमण हटाकर नालों की सफाई कराई जाएगी।
> **-अरुण कुमार**, सिटी मजिस्ट्रेट/प्रभारी ईओ

## पालिका के दावों की खुली पोल बारिश में तालाब बना कस्बा

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** बरसात शुरू होते ही नगर पालिका के विकास कार्यों की पोल खुलने लगी है। कस्बे में जगह-जगह हुए जलभराव से लोगों को परेशानी हो रही है। सड़कों पर नालों का पानी बह रहा है, जिससे गंदगी फैलने लगी है ।

गुरुवार को सुबह चार बजे से शुरू हुई बारिश ने पूरे कस्बे को तालाब में तब्दील कर दिया है। साई विहार कॉलोनी के निकट गायत्री नगर कॉलोनी में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई है। कॉलोनी वालों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। इस कॉलोनी में ज्यादातर लोग नौकरीपेशा हैं, जिन्हें सुबह ऑफिस जाना होता है। गायत्री नगर कॉलोनी में सड़कों और नालों की बहुत आवश्यकता है। बरसात होते ही कॉलोनी तालाब में तब्दील हो गई है। घरों के मुहाने तक पानी पहुंच गया है जिससे घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। यही स्थिति बुध बाजार से बिल्सी रोड तक जाने वाली सड़क की है। पिछले पांच साल से इधर पालिका के अधिकारी भी नहीं आए हैं। रोड नहीं बना है नाले अभी तक नहीं बनाए गए हैं। जबकि इधर दो विद्यालय हैं। बच्चों का इस सड़क से निकलना रहता है।एक जुलाई से खुलने वाले स्कूलों तक पहुंचने को बच्चों और बड़ों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।


गायत्री नगर कॉलोनी में भरा पानी।

## ईओ ने किया नाला सफाई का निरीक्षण जताई नाराजगी

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनूप कुमार राय ने शुक्रवार को नगर की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। जिसमें कई खामियां देखने को मिली। जिसको लेकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

साथ ही संबंधित ठेकेदार और सफाई प्रभारी को नोटिस जारी किए हैं। उन्होंने नगर के कई मोहल्लों में नालों का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने पाया कि बरसात से पहले नाले और नालियों की सफाई की गयी, सफाई के बाद मलवा को ठेकेदार द्वारा नहीं हटाया गया, जो बरसात में सड़कों पर फैल गया। जिससे लोगों को तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 20 गांवों में सात घंटे बत्ती रही गुल, परेशान हो गए ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **पेयजल संकट से जूझ रहे लोग कई जगह टूटे तार**
- **ग्रामीणों ने कहा विभाग की मनमानी से हो रही दिक्कत**

**अमृत विचार :** जिले भर के लोग बिजली संकट से जूझ रहे हैं। जगह-जगह टूटे तारों से सप्लाई ठप है। विभागीय अधिकारी मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं जिससे 20 गांव के लोग सात घंटे तक पेयजल को परेशान रहे । उधर बिनावर बिजलीघर में पानी भर जाने से सौ गांवों की बत्ती गुल है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तीन दिन पूर्व तेज आंधी के बाद जगह-जगह खंभे और बिजली के तार टूट गए। जिससे पूरा जनपद बिजली संकट से जूझ रहा है। कुछ इलाकों में बिजली सप्लाई बहाल हो चुकी है जबकि अधिकांश क्षेत्रों में अभी अंधेरा छाया हुआ है। शहर स्थित ढाक वाली जियारत से जिन इलाकों को बिजली दी जाती है उन क्षेत्रों में शुक्रवार को सुबह चार बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक बिजली गुल रही। 11 बजे के बाद बिजली सप्लाई शुरू होने पर लोगों को राहत मिली। ककराला रोड स्थित गांव सिमरिया से लेकर उघैनी, कटिन्ना बरचऊ, उपरैला, रूपापुर, सूरजपुर, झंडपुर, रसूलपुर, दौंरी नरोत्तमपुर, सहित 20 गांवों में सात घंटे तक बिजली सप्लाई ठप रही। बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ा, गर्मी और उमस से लोगों का बुरा हाल हो गया।

ग्रामीणों ने बताया कि गुरुवार को बिजली सप्लाई दो घंटे ठप रही जबकि शुक्रवार को सात घंटे बिजली गुल रही जिससे लोग परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दो जगहों पर गुरुवार की रात से तार टूटे पड़े हैं। जिसकी सूचना ढाक वाली जियारत स्थित बिजलीघर को दी जा चुकी है। गांव में रखे ट्रांसफार्मर से भी बिजली सप्लाई ठप है।

उधर बिनावर बिजलीघर में बारिश का पानी भर जाने से करीब सौ गांवों की बिजली गुल है। गुरुवार को हुई तेज बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया। बारिश का पानी बिजलीघर में तालाब की तरह भरा खड़ा है। बिजली विभाग ने इस बिजलीघर से जुड़े गांवों की बिजली सप्लाई पर रोक लगा दी है। गुरुवार सुबह से आज दूसरे दिन भी सौ गांवों की बिजली गुल है। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से बिजली सप्लाई शुरू करने की मांग की है।

> कुछ लाइनें बहुत पुरानी है जो तेज हवा में भी क्षतिग्रस्त हो जाती हैं। ककराला रोड की लाइन पर अक्सर तार टूटने की शिकायत मिलती है। ठीक भी कराया जाता है। इस लाइन पर काम पूरा कर लिया गया है जिसके बाद सप्लाई भी शुरू कर दी गयी है। उधर बिनावर के बिजलीघर में पानी भर जाने से सप्लाई रोक दी गई है। पानी निकालने के बाद सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।
> **-संजीव कुमार**, अधिशासी अभियंता प्रथम


गांव में लगा ट्रांसफार्मर।


बिजली की समस्या तीन दिन से बनी हुई है। जब से आंधी आयी है तभी से बिजली गुल है। कुछ देर को बिजली आती है फिर घंटों को गायब हो जाती है। आज सात घंटे बाद बिजली दी गई । **-पुष्पेन्द्र**


दो जगह से तार टूटे हुए हैं। लाइनमैन को इसकी सूचना दी गई है फिर भी तार नहीं जोड़े गए हैं। इस ट्रांसफार्मर पर भी बिजली नहीं आ रही है। बिजलीघर पर सूचित किया जा चुका है। **-जोधेलाल**


ककराला रोड के करीब डेढ़ दर्जन गांवों में कई घंटे से बिजली गुल है। गर्मी व उमस से लोगों का बुरा हाल है। विभाग के अधिकारी शिकायतों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं उपभोक्ता परेशानी झेल रहे हैं। **-गंगा प्रसाद**


जब भी आंधी आती है तो तार टूटते हैं उसके बाद दो से तीन दिन ठीक होने में लगते हैं। विभाग की लापरवाही के चलते लोगों को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। **-हरिओम**

## निपुण भारत कार्यक्रम में मेधावी बच्चे, शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **डीएम और बीएसए ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**
- **कार्यशाला का आयोजन कर लक्ष्य प्राप्त करने की बनाई रणनीति**

**अमृत विचार:** ऑडिटोरियम में निपुण भारत मिशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले बीईओ, जिला समन्वयक, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक और परीक्षाओं में उत्तीर्ण बच्चों को डीएम व बीएसए ने सम्मानित किया।

डीएम मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षा केवल रोजगार ही नहीं बल्कि हमें देश का एक जिम्मेदार एवं सफल नागरिक बनने का भी मार्ग प्रशस्त करती है। बीएसए स्वाती भारती ने कार्यशाला के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डाला, तथा विद्यार्थियों को निपुण बनाने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षकों के साथ चर्चा की। उन्होंने कहा कि निपुण भारत मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2026 तक प्राथमिक कक्षाओं में सार्वभौमिक मूल-भूत साक्षरता और संख्या ज्ञान प्राप्त करने तथा कक्षा एक से तीन तक सभी बच्चों को पढ़ने-लिखने और संख्या ज्ञान कराया जाना है। इसके बाद राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा-2023-24 में जनपद के 118 विद्यालयों के 231 छात्रों के परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा 197 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।वहीं अन्तर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता में कांस्य पदक विजेता जिला व्यायाम शिक्षक रामदास यादव को भी सम्मानित किया।


शिक्षक को प्रशस्ति पत्र देते डीएम मनोज कुमार व बीएसए स्वाती भारती।


परीक्षा में उत्तीर्ण बच्चे को मेडल पहनाते डीएम मनोज कुमार।

## मेधावियों को मिलेगा सम्मान कलेक्ट्रेट में होगा कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **जिले में 21 मेधावियों का किया जाएगा सम्मान, धनराशि के साथ मिलेगा टैबलेट**

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के मेधावियों को सम्मान किया जाएगा। इसके लिए आज कलेक्ट्रेट में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मेधावियों को धनराशि के साथ टैबलेट उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में तैयारी चल रही है।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले के 21 छात्र, छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें चार बच्चों के नाम प्रदेश की टॉप टेन सूची में शामिल रहे। इन सभी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा। जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड के 21 विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाना है। चार विद्यार्थियों का नाम प्रदेश की सूची में शामिल है। इन्हें एक लाख रुपये का चैक और एक टेबलेट दिया जाएगा। शेष बच्चों को टैबलेट और 21-21 हजार रुपये दिए जाएंगे। कार्यक्रम कलेक्ट्रेट में आयोजित होगा। जिसमें जनप्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे। सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

## पत्रकार पवन शर्मा के पिता को दी श्रद्धांजलि

**बिल्सी।** आल इंडिया रिपोर्टर एसोसिएशन आईरा की एक शोक सभा पत्रकार नईम आजाद के आवास पर आयोजित की गई। नगर के मोहल्ला संख्या एक टीचर्स कॉलोनी निवासी पत्रकार पवन कुमार शर्मा के पिता मुन्नालाल शर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष अखिलेश सोलंकी, भानु प्रताप सिंह, संजीव कुमार, गोविंद देवल, आकाशदीप सिंह, आरके नन्दवंशी, सुनील कुमार, नईम आजाद, जयप्रकाश ओझा, बलभद्र सिंह, योगेश कठेरिया आदि मौजूद रहे।







**परेशानी** मंडी समिति के सामने जल निकासी को बनाई जा रही पुलिया, आठ दिन से परेशान हो रहे वाहन चालक और दुकानदार

# निर्माणाधीन पुलिया से ककराला रोड पर आवागमन बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** शहर के पानी के निकासी के लिए मंडी समिति पर बनाई जा रही पुलिया के कारण ककराला रोड पर वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। इस रोड के वाहन फर्रुखाबाद रोड से होकर मंडी के सामने से गुजर रहे हैं। जिससे हर समय जाम लगा रहता है।

एक साल पूर्व फर्रुखाबाद रोड का चौड़ीकरण शुरू किया गया था। चौड़ीकरण मंडी समिति से फर्रुखाबाद तक पूरा किया जाना है। मंडी समिति से ही ककराला-उसहैत को रोड जाता है। इस रोड के किनारे लोक निर्माण विभाग द्वारा पानी निकासी के लिए मंडी समिति गेट के सामने ककराला रोड पर पुलिया का निर्माण किया जा रहा है। करीब एक सप्ताह से पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए मंडी के सामने सड़क खोद दिए जाने से ककराला रोड को बंद कर दिया गया है। जिससे ककराला-उसहैत को आने-जाने वाले वाहन नरऊ मोड़ से होकर फर्रुखाबाद रोड पर पहुंचते हैं। इसलिए फर्रुखाबाद रोड पर मंडी के सामने ही जाम लग जाता है। शुक्रवार को सुबह सात बजे जैसे ही वाहनों का निकलना शुरू हुआ तो इस रोड पर जाम लग गया। जाम में फंसे वाहन इधर-उधर भी नहीं निकल सके। जब वाहन रेंगते हुए आगे बढ़े तो करीब दो घंटे बाद जाम कुछ हल्का हुआ तो कहीं जाकर आवागमन शुरू हुआ। मंडी के सामने फर्रुखाबाद रोड पर दिन भर यही स्थिति बनी रहती है।

ककराला रोड से फर्रुखाबाद रोड के बीच में करीब बीस मीटर की जगह है जिसमें मिट्टी डाल दी गई है। बारिश में यह मिट्टी दलदल बन गई। जब वाहन ककराला रोड से फर्रुखाबाद रोड पर जाते तो इस दलदल में फंस जाते हैं। कई वाहन फिसल चुके हैं। मंडी समिति के आसपास ककराला और फर्रुखाबाद रोड पर सौ से अधिक दुकानें हैं। वाहनों का जाम लगने से दुकानदारों को भारी परेशानी होती है। दुकानों के सामने वाहनों की कतार लग जाती है। इसके साथ ही दुकानों के आगे फर्श न होने से कीचड़ से परेशानी होती है।


मंडी समिति के निकट ककराला रोड पर बन रही पुलिया। ● अमृत विचार


मंडी समिति के सामने फर्रुखाबाद रोड पर लगा जाम। ● अमृत विचार

### 200 करोड़ से हो रहा चौड़ीकरण

मंडी समिति से फर्रुखाबाद तक रोड का चौड़ीकरण किया जाना है। इसके लिए शासन से सौ करोड़ का बजट पास हुआ है। लोक निर्माण विभाग ही नाले और पुलिया बना रहा है। एक सप्ताह से शुरू हुआ पुलिया निर्माण कार्य करीब 15 दिन तक और चलेगा। उसके बाद ककराला रोड पर आवागमन शुरू हो सकेगा।


मरीजों को फल बांटते डॉ. राजेश वर्मा व ध्रुवदेव गुप्ता।


## भामाशाह की जयंती पर मरीजों को बांटे फल

**बदायूं, अमृत विचार :** भामाशाह सेना के अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता एवं महामंत्री कौशल गुप्ता ने भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में जिला अस्पताल में मरीजों को फल, बिस्किट और चाय वितरित की ।

ध्रुव देव गुप्ता और कौशल गुप्ता ने कहा दानवीर भामाशाह का जीवन वैश्य समाज की लिए एक आदर्श है। उन्होंने अपने जीवन की समस्त पूंजी समर्पित कर ऐसी मित्रता की मिसाल पेश की है जो क्षत्रियों के लिए भामाशाहों की मित्रता के सूत्र में बांध कर गई है। इस अवसर पर दीपेंद्र गुप्ता, प्रधुमन साहू, कृष्णा साहू, आकाश सैनी आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।






शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

| 32.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

# जलभराव नहीं किया दूर, बोर्ड की बैठक में हंगामा

## नगर पालिका परिषद सहसान की बोर्ड बैठक में सभासदों ने जताई नाराजगी, ईओ ने कराया शांत

संवाददाता, सहसवान


सहसवान में नगर पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में समस्याओं से अवगत कराते सभासद। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद सहसवान की बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। पालिका अध्यक्ष मीर हादी अली उर्फ बाबर मियां ने सभासदों के साथ क्षेत्र की समस्याओं को लेकर चर्चा शुरू की। नगर में जलभराव से आक्रोशित सभासदों ने हंगामा शुरू कर दिया। कहा कि नगर में जलभराव की वजह से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। पानी निकासी की जल्द व्यवस्था करें। सभासदों का गुस्सा देखकर अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने सभासदों को समझाकर शांत कराया।

शुक्रवार दोपहर लगभग 12 बजे नगर पालिका परिषद सभागार में पालिका अध्यक्ष मीर हादी अली उर्फ बाबर मियां की अध्यक्षता में बैठक शुरू हुई। बारिश में सड़कों पर जलभराव के चलते सभासदों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। कहा कि कई महीनों से नगर में जल निगम पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़कें खोद रहा है लेकिन पाइपलाइन डालने के बाद भी गड्ढे बंद नहीं किए जा रहे हैं। कहीं पाइप सड़क से बाहर आ गए हैं तो कहीं सड़कें खराब हैं। नगर पालिका को बारिश के मौसम से पहले ही नालों की तलीझाड़ सफाई करानी चाहिए थी जो नहीं कराई गई। जिससे नाले चोक पड़े हैं। गंदा पानी निचले इलाकों में बने घरों में जा रहा है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर पालिका अध्यक्ष ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

वार्ड 14 के मोहल्ला दहलीज में पेयजल व्यवस्था ठप है। लोगों के सामने पेयजल की किल्लत है। उन्होंने पालिका अध्यक्ष से पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। पालिका अध्यक्ष ने नाराज सभासदों को आश्वासन दिया कि प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर नगर के सभी नालों की सही से सफाई कराई जाएगी। कहा कि जल्द ही पेयजल व्यवस्था भी सही कराई जाएगी। पालिका अध्यक्ष के आश्वासन और अधिशासी अधिकारी डॉ. राजेश कुमार के आश्वासन पर सभासद शांत हुए। बैठक का संचालन स्वास्थ्य निरीक्षक अब्दुल फरीद ने किया। पालिका के वरिष्ठ लिपिक मोहम्मद इस्हाक, कमर जमशेद, जल कल लिपिक खुर्शीद आलम, अवर अभियंता अंसार हुसैन, कदीर उल हसन उर्फ गुड्डू आदि उपस्थित रहे।

- सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण और बाल्मीकि बस्ती में मैरिज लॉन का प्रस्ताव स्वीकृत

**यह रही सभासदों की मांगें**

वार्ड 10 के मोहल्ला नयागंज के सभासद चंद्रपाल मौर्य ने मोहल्ला नयागंज स्थित सुभाष चंद्र बोस पार्क के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव रखा। स्ट्रीट लाइट के अलावा पार्क में बैठने के लिए बेंच की व्यवस्था हो। वार्ड 6 के सभासद प्यारे मियां कुरेशी ने मोहल्ला बजरिया की बाल्मीकि बस्ती में वैवाहिक कार्यक्रम के लिए स्थान चिह्नित करके मैरिज लॉन के निर्माण का प्रस्ताव रखा। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिए गए हैं। कहा कि जल्द ही प्रस्तावों पर काम शुरू कर दिया जाएगा। सभासदों ने कहा कि वार्डों की गलियों में बिजली के खंभे लगवाए गए हैं लेकिन स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरा छाया रहता है। यहां स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था कराएं। लोगों को आवागमन में परेशानी न हो।

# आचार संहिता के उल्लंघन मामले में सपा सांसद धर्मेंद्र यादव दोष मुक्त

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 2022 के विधानसभा चुनाव के दौरान एसडीएम सदर ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- मामले में शेखूपुर, सहसवान विधायक और जिला अध्यक्ष समेत 29 लोग थे आरोपी

**अमृत विचार:** आचार संहिता उल्लंघन के मामले में आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव को बरी कर दिया है। इनके साथ ही अन्य 29 आरोपियों को भी आरोप मुक्त किया गया है। आजमगढ़ सांसद सहित सभी पर दर्ज मुकदमे की सुनवाई एमपी एमएलए कोर्ट में चल रही थी। शुक्रवार को सुनवाई के बाद कोर्ट ने इन सभी के पक्ष में फैसला सुनाया है। साथ ही वाद की विवेचना करने वाले दरोगा भानू प्रताप पर विभागीय कार्रवाई के लिए एसएसपी को आदेश दिए हैं। कहा कि कार्रवाई के बाद न्यायालय को भी अवगत कराया जाए।

साल 2022 के विधानसभा चुनाव के समय तत्कालीन एसडीएम सदर सुखलाल प्रसाद वर्मा ने आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया गया था। प्रकरण एमपी एमएलए सिविल जज सीनियर डिजीवन लीलू सिंह के कोर्ट में विचाराधीन था। आरोप था की चुनाव के समय सपा के नेताओं की ओर से शहर के एक लॉन में शिक्षामित्रों और अनुदेशकों को बुलाकर सभा की।

आरोप था कि कार्यक्रम में प्रलोभन देकर मत हासिल करने का प्रयास किया गया। पुलिस ने इसी आरोप के साथ धर्मेंद्र यादव समेत 29 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। तब से मामला कोर्ट में चल रहा था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश ने सपा सांसद धर्मेंद्र यादव सहित सभी 29 आरोपियों को बरी कर दिया। साथ ही कोर्ट ने मुकदमे में विवेचना करने वाले दारोगा पर विभागीय कार्रवाई करने के लिए एसएसपी को आदेशित किया है तथा कार्रवाई के बाद कोर्ट को अवगत कराने के भी आदेश दिए हैं।

# आंगनबाड़ी केंद्र का रिफाइंड बेचने के मामले में तीन पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना अधिकारी ने थाना कादरचौक पुलिस को तहरीर देकर एक महिला समेत तीन लोगों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

तहरीर के अनुसार थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज निवासी नाजिम नौ जून को अपने ई-रिक्शा से आंगनबाड़ी केंद्रों पर वितरित होने वाले रिफाइंड के पाउच बोरे में भरकर ले जा रहा था। लोगों ने उसका ई-रिक्शा पकड़ा था और डायल 112 पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस मौके पर पहुंची। बोरे से रिफाइंड के 50 पैकेट बरामद किए। सालारपुर और कादरचौक के बाल विकास परियोजना अधिकारियों के अलावा कादरचौक की मुख्य सेविका ने मामले की जांच की थी। जांच के दौरान पूछताछ में नाजिम ने बताया था कि वह रिफाइंड उसने गांव मोहम्मदगंज निवासी पंकज गुप्ता के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकत्री महजबी से खरीदा था। कादरचौक के बाल विकास परियोजना अधिकारी विशेष कुमार शर्मा की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पैथोलॉजी मशीन खराब, भटके मरीज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीएमएस से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ सुधार
- लोड आने बाद बंद हो जा रही है पैथोलॉजी लैब की मशीन

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। बदइंतजामी के चलते हर रोज मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल की पैथोलॉजी लैब की मशीन काम नहीं कर रही है, जिससे ब्लड की जांच नहीं हो पा रही है। मरीज परेशान होकर वापस लौटते रहे। कुछ मरीज प्राइवेट पैथोलॉजी लैब से ब्लड जांच रिपोर्ट लेकर आए।

जिला अस्पताल में पिछले तीन दिन से ब्लड की जांच नहीं हो पा रही है। अस्पताल सूत्रों का कहना है कि पैथोलॉजी लैब की मशीन अधिक लोड नहीं ले पा रही है। मशीन पर लोड बढ़ जाने पर मशीन काम नहीं करती है। इसलिए तीन दिन से ब्लड की जांच बंद हैं। ब्लड जांच के लिए आने वाले मरीज इधर-उधर भटक रहे हैं। तीन दिन से एलएफटी, केएफटी और शुगर की जांच नहीं हो पा रही है। जिला अस्पताल में 90 प्रतिशत मरीज इन्ही जांच के लिए आते हैं। लेकिन ब्लड सैंपल देने के बाद जांच रिपोर्ट नहीं मिल पाती है। इससे पहले मई के महीने में भी करीब दस दिन तक पैथोलॉजी लैब बिजली संकट के चलते बंद रही थी जिसके बाद मरीजों ने प्राइवेट लैब से ब्लड की जांच करा कर डॉक्टर को दिखाई उसके बाद ही उन्हें दवाएं लिखी गईं।

लैब टेक्नीशियन का कहना है कि यहां पर जो मशीन है वह काफी पुरानी है इसलिए अधिक लोड होने पर बंद हो जाती है। यहां पर एक कंपनी द्वारा ब्लड की जांच की जाती है। कंपनी संचालक को मशीन के बारे में सूचित किया जा चुका है। तीन दिन बाद पैथोलॉजी लैब चालू होने की उम्मीद की जा रही है।

> पैथोलॉजी लैब में कुछ दिक्कत है इसलिए ब्लड की जांच प्रभावित हो रही है। संभवत: दो दिन में समस्या का समाधान कर लिया जाएगा जिसके बाद लैब से जांच रिपोर्ट मिल सकेगी। लैब की मशीन पर अधिक लोड होने की बात टेक्नीशियन द्वारा बताई गई है। जो जल्द ही ठीक कर दी जाएगी।
> –डॉ. कप्तान सिंह, सीएमएस

**दो घंटे गुल रही बिजली परेशान रहे मरीज**

शुक्रवार सुबह करीब दो घंटे तक जिला अस्पताल में बिजली गुल रही जिससे मरीजों को गर्मी और उमस की समस्या से जूझना पड़ा। सुबह सात से नौ बजे तक बिजली सप्लाई ठप रही। वार्डों में भर्ती मरीजों को गर्मी के कारण परेशानी हुई। वहीं पेयजल की समस्या भी बनी रही। बिजली गुल होने से मरीज और तीमारदार वार्ड से बाहर घूमते रहे। पानी के लिए हैंडपंप पर लाइन में लगे रहे। नौ बजे के बाद जब बिजली सप्लाई शुरू हुई तो मरीजों और तीमारदारों ने राहत की सांस ली। नौ बजे के बाद ही अस्पताल में एक्स-रे रूम खोला गया उसके बाद मरीजों की भीड़ लगी रही।

# छत से गिरकर प्राइवेट स्कूल के शिक्षक की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** लघुशंका करने छत के किनारे गए प्राइवेट स्कूल के एक शिक्षक का पैर फिसल गया। वह छत से जमीन पर आ गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज आवाज सुनकर परिजन आ गए। घायल शिक्षक को अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव बरवारा निवासी नंद किशोर गांव नरैनी स्थित एक प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते थे। गुरुवार रात उन्होंने परिजनों के साथ खाना खाया और सोने के लिए छत पर चले गए थे। परिजनों के अनुसार रात लगभग दो बजे वह लघुशंका के लिए छत के किनारे गए। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और छत से नीचे जा गिरे। तेज आवाज होने पर परिजन जाग गए। बाहर निकलकर देखा तो घायल नंद किशोर पड़े थे। परिजन शिक्षक को अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# हैंडपंप पर पानी भरने के दौरान गिरी दीवार, बच्ची की मौत, एक घायल

संवाददाता, विजय नगला


दीवार गिरने से बच्ची की मौत के बाद जानकारी करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- घायल बच्ची को जिला अस्पताल में किया भर्ती, हालत गंभीर

**अमृत विचार :** सरकारी हैंडपंप पर पानी भर रही दो सगी बहनों के ऊपर कच्ची दीवार गिर गई। दोनों बहनें उसके नीचे दब गईं। आवाज सुनकर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। दोनों बहनों को मिट्टी के ढेर से बाहर निकाला गया। तब तक एक बच्ची की मौत हो चुकी थी जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल थी। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। बच्ची की मौत पर परिवार में कोहराम मचा है।

मामला थाना बिनावर क्षेत्र के गांव दियोरीजीत का है। शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे अरविंद की 6 साल की बेटी स्वाती और 3 साल की बेटी नन्हीं घर के सामने लगे सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने गई थीं। हैंडपंप के पास ही नसीम का कच्चा मकान है। जिसकी दीवार अचानक दोनों बहनों के ऊपर गिर गई। वह दोनों दीवार के मलबा में दब गईं। तेज आवाज सुनकर उनके परिजन और पड़ोसी पहुंच गए। दोनों को मलबा से बाहर निकाला गया लेकिन स्वाती की मौत हो चुकी थी और नन्हीं गंभीर रूप से घायल थीं।

घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीण की सूचना पर पुलिस गांव पहुंची। एसडीएम सुखलाल प्रसाद वर्मा, सीओ सिटी आलोक मिश्रा ने मौका मुआयना किया। हल्का लेखपाल यज्ञपाल पटेल ने बताया कि बच्ची की मौत पर रिपोर्ट बनाकर तहसील प्रशासन को दी है। स्वाती के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं घायल बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत कुमार शर्मा ने बताया कि बच्ची की मौत के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ग्राम प्रधान किरन देवी ने बताया कि जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत गांव में टंकियां तो लगवाई गई हैं लेकिन काम बहुत धीमी गति से चल रहा है। अगर टंकी से पानी की सप्लाई होती तो बच्ची की जान नहीं जाती।

# प्रसूता की बच्चेदानी निकालने का आरोप

संवाददाता, विजय नगला/बिनावर


थाने पर खड़े पीड़ित महिला के परिजन। ● अमृत विचार

- हंगामा होने पर भाग गया पूरा स्टाफ, पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार :** कस्बे के एक निजी अस्पताल में महिला चिकित्सक ने गर्भवती का ऑपरेशन कर मृत नवजात का शव परिजनों को दे दिया और प्रसूता की बच्चेदानी भी निकाल दी। महिला चिकित्सक की इस करतूत पर पीड़ित परिवार ने हंगामा शुरू कर दिया जिसके बाद अस्पताल का स्टाफ मौके से भाग गया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव सहोरा निवासी लीलावती पत्नी रामेश्वर ने थाना बिनावर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्रवधू फूलवती उर्फ निशा को प्रसव के लिए बिनावर के एक अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां डॉक्टर ने उसे बताया कि उनकी पुत्रवधू को नॉर्मल डिलीवरी हो जाएगी। जिसकी फीस 28 हजार रुपए ली गई। इसके बाद वहां तैनात महिला डॉक्टर ने धीरे-धीरे उसे डराना धमकाना शुरू कर दिया और कहने लगी कि अब ऑपरेशन करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि पहले भी उनकी पुत्रवधू के दो बार सामान्य प्रसव हुआ है। आरोप है कि डॉक्टर ने उसकी पुत्रवधू का ऑपरेशन कर दिया। डॉक्टर ने परिजनों को बताया कि फूलवती के मृत पुत्री हुई है। इसके साथ ही प्रसूता की बच्चेदानी भी निकाल दी गई है। प्रसूता की बच्चेदानी निकालने के बाद उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे बरेली रेफर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने अस्पताल पर हंगामा कर दिया। हंगामा होने पर भीड़ जुट गई। हंगामा होने पर अस्पताल का स्टाफ इधर उधर भाग गया। पीड़ित ने तहरीर देकर अस्पताल संचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

> बिनावर की घटना के बारे में जानकारी नहीं है। यदि वहां पर प्राइवेट अस्पताल में प्रसव किया गया है, तो उसकी जांच कराई जाएगी। अस्पताल किसका है रजिस्ट्रेशन है या नहीं इस बात का पता लगाया जाएगा। इस मामले में शनिवार को टीम जांच पड़ताल करेगी। –डॉ. अब्दुल सलाम खान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी

# प्रसव के बाद महिला की मौत परिजनों ने किया हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- परिजनों का आरोप, चिकित्सक ने बिना बताये कर दिया ऑपरेशन एंबुलेंस में रखवा दिया शव

**अमृत विचार :** प्रसव पीड़ा होने पर एक युवक ने अपने पत्नी को दातागंज-बरेली मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि चिकित्सक ने बिना बताए महिला का ऑपरेशन कर दिया। महिला की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा किया। परिजनों ने अस्पताल संचालक, चिकित्सक और कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी है।

कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव भटौली निवासी रवेंद्र कुमार ने प्रसव पीड़ा होने पर अपनी पत्नी चांदनी (22) को गुरुवार दोपहर दातागंज क्षेत्र में बरेली मार्ग स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों के अनुसार उन्होंने चिकित्सक से कहा था अगर प्रसव करने में कोई समस्या है तो बता दें किसी और चिकित्सक को दिखा देंगे लेकिन प्रसव के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। आरोप है कि चिकित्सक ने शुक्रवार सुबह बिना बताये चांदनी का ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद महिला को एंबुलेंस में लिटा दिया। परिजन कुछ कहते इससे पहले ही चिकित्सक अस्पताल में ताला डालकर भाग गए। कुछ देर के बाद चांदनी की मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर हंगामा किया। सूचना मिलने पर कोतवाली दातागंज पुलिस मौके पर पहुंची। रवेंद्र कुमार ने चिकित्सक, अस्पताल संचालक और कर्मचारियों के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# महिला ने की आत्महत्या, बहू से कहासुनी की चर्चा

**सहसवान, अमृत विचार :** एक महिला का शव फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार बहू से कहासुनी होने के बाद महिला ने फंदा लगाया था।

मामला थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव बिचौला का है। शुक्रवार सुबह गांव निवासी उर्मिला (65) पत्नी रामकुमार ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने शव फंदे से नीचे उतारा और गांव के पास अंतिम संस्कार कर दिया। गांव में चर्चा है कि महिला की किसी बात को लेकर उसकी बहू से कहासुनी हो गई थी। जिससे परेशान होकर उसने फंदा लगाया था। जरीफनगर के थानाध्यक्ष रविकरन ने बताया कि थाने पर शिकायत नहीं आई है।

# डीएनए रिपोर्ट बताएगी खेत में मिला कंकाल किसका था

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- मूसाझाग क्षेत्र के प्रधान ने अपने लापता भाई का बताया था कंकाल
- दो जून को उझानी में मिला था कंकाल, जांच को भेजे गए सैंपल

**अमृत विचार :** धान के रुपये लेने के लिए उझानी की मंडी समिति गए ग्राम प्रधान का भाई लापता हो गया था। 15 दिनों के बाद उसका कंकाल उझानी क्षेत्र खेत में पड़ा मिला। कपड़ों से उसकी शिनाख्त की थी। पुलिस ने कंकाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अब प्रधान के लापता भाई की पत्नी और बेटे का डीएनए सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। जिससे इस बात की पुष्टि हो सके कि कंकाल प्रधान के लापता भाई का ही है।

मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव मौसमपुर के प्रधान शफीक के भाई फारुक गल्ला व्यापारी थे। 19 अप्रैल को वह धान के रुपये लेने के लिए मंडी समिति जाने की बात कहकर घर से निकले थे। इसके बाद वह वापस नहीं आए। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। दो जून को उझानी कोतवाली क्षेत्र में खाटू श्याम मंदिर के पीछे खेत में एक कंकाल पड़ा मिला। पास में ही कपड़े और चप्पलें पड़ी थीं। प्रधान शफीक के गांव अल्लेहपुर भोगी निवासी उनके फुफेरे बहनोई शेर मोहम्मद को फारुक का शव होने की आंशका हुई तो उन्होंने शफीक को फोन करके बुलाया। शफीक ने भी अपने भाई के रूप में शिनाख्त की। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया लेकिन शव की स्पष्ट तौर पर शिनाख्त नहीं हो सकी। जिसके चलते पुलिस ने कंकाल से सैंपल लेने के साथ ही फारुक की पत्नी और बेटे का सैंपल लेकर डीएनए जांच के लिए भेजा है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, म्याऊं

- शुक्रवार को कस्बा म्याऊं के पास गौतरा मोड़ पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** कस्बा म्याऊं के पास गौतरा मोड़ पर शुक्रवार को ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायल को पीएचसी ले गई। युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मौत के बाद युवक के परिजनों में कोहराम मचा है।


मृतक देवराज।

उसावां थाना क्षेत्र के गांव सांडी निवासी देवराज (22) पुत्र शिव सिंह शुक्रवार दोपहर बाइक से अपने बैंक खाते से रुपये निकालने के लिए कस्बा म्याऊं स्थित बैंक जा रहा था। रास्ते में गौतरा मोड़ पर ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में देवराज गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने पुलिस को अवगत कराया। म्याऊं चौकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और घायल देवराज को म्याऊं के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां कुछ देर के बाद किशोर की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मचा है। पुलिस ने ट्रक पकड़ लिया है, चालक फरार है।

# यात्री शेड के पीछे मिला महिला का शव

**उघैती, अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र में इस्लामनगर मार्ग स्थित यात्री शेड के पास एक बुजुर्ग महिला का शव मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। महिला की शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं लग सका। पुलिस ने महिला का शव मोर्चरी में रखा है।

शुक्रवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि थाना उघैती क्षेत्र के गांव गदगांव में बिसौली-इस्लामनगर मार्ग पर यात्री शेड के पीछे लगभग 60 साल की महिला का शव पड़ा है। थानाध्यक्ष राजेश कौशिक टीम बल के साथ मौके पर पहुंचे। गांव के लोगों को बुलाकर महिला के बारे में पता किया लेकिन महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। महिला मानसिक मंदित बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

# बीएसए कार्यालय से मृतक आश्रित शिक्षक का रिकॉर्ड गायब

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शिक्षक के मामले की जांच कर रही सीबीसीआईडी ने मांगी पत्रावलियां विभाग ने खड़े किए हाथ
- विभाग ने कहा, पटल हस्तांतरित करने वाले बाबू की हो चुकी है मौत, कई हो गए सेवानिवृत्त

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग में मृतक आश्रित शिक्षक पद पर गलत चयन के आरोप की सीबीसीआईडी जांच की जा रही है। पत्रावलियां मांगी गई हैं जिससे जांच को आगे बढ़ाया जा सके। परंतु नियुक्ति पत्रावली ही गायब कर दी गई है। इतना ही नहीं जांच एजेंसी को कागजात तक मुहैया नहीं कराए जा रहे हैं। विभाग ने एक पत्र जांच एजेंसी को भेजा है, जिसमें कहा कि पटल हस्तांतरित करने वाले एक बाबू की मौत हो चुकी है और कुछ सेवानिवृत्त हो चुके हैं। इन सभी के द्वारा पटल हस्तांतरित करने के दौरान पत्रावलियों को उपलब्ध नहीं कराया गया।

बेसिक शिक्षा विभाग में एक व्यक्ति ने मृतक आश्रित शिक्षक के पद पर गलत तरीके से चयन का आरोप लगाया था। आरोप था कि शिक्षक के माता-पिता दोनों सरकारी सेवा थे। माता-पिता परिषदीय स्कूल में कार्यरत थे। माता की मृत्यु के बाद बेटे को धोखाधड़ी कर शिक्षक पद पर नौकरी दे दी गई। इसे देखते हुए तत्कालीन अधिकारियों द्वारा बीईओ से जांच कराई थी। जिसमें मामला सही पाया गया। परंतु कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके बाद शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त को शिकायती पत्र भेजकर जांच का आग्रह किया था। लोकायुक्त द्वारा सीबीसीआईडी को जांच सौंप दी। जांच पिछले आठ साल से लंबित है। जांच एजेंसी कई बार पत्रावलियां उपलब्ध कराने के लिए बीएसए को पत्र जारी कर चुका है। लेकिन आज तक पत्रावलियां पलब्ध नहीं कराई गईं।। विभाग की ओर से जांच एजेंसी को भेजे गए पत्र में कहा जाता रहा है पत्रावलियों को नष्ट कर दिया गया।

एक बार फिर सीबीसीआईडी द्वारा रिमाइंडर भेजकर पत्रावली उपलब्ध कराने को कहा है। जांच एजेंसी ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी से नियुक्ति पत्रावली नष्ट करने संबंधी अभिलेख उपलब्ध कराने को कहा है। परंतु विभाग द्वारा जांच एजेंसी को पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराईं। बताते हैं कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जांच एजेंसी को एक पत्र भेजा है। जिसमें कहा है कि पूर्व में मृतक आश्रित पटल देख रहे एक लिपिक की मौत हो चुकी है। कुछ सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कुछ का विभाग से स्थानांतरण हो चुका है। इन सभी के द्वारा मृतक आश्रित नियुक्ति संबंधित पूरी पत्रावलियां उपलब्ध नहीं कराई गई थीं। कुछ पत्रावलियां पूर्व के अधिकारियों के समय में नष्ट कर दी गईं। ऐसे में सवाल उठता है कि विभागीय अधिकारियों की मंशा जांच को लटकाए रखने की है। जिसकी वजह से मृतक आश्रित कोटे से गलत चयन किए जाने संबंधी जांच पूरी नहीं हो पा रही है।

**पत्रावलियां नष्ट करने का यह है प्रावधान**

जर्जर हो चुकी पत्रावलियों को नष्ट करने के लिए एक समिति की गठन किया जाता है। कौन सी पत्रावली नष्ट की जा रहीं हैं उन सभी की एक पत्रावली तैयार की जाती है। जिससे पता चलता रहे कि इन अधिकारियों की निगरानी में संबंधित तिथि को पत्रावलियां नष्ट की गईं। परंतु विभाग के पास पत्रावलियां नष्ट करने संबंधी कोई प्रमाण नहीं है। इन्हीं प्रमाणों की मांग जांच एजेंसी कर रही है।

> मृतक आश्रित शिक्षक पद पर गलत चयन को लेकर उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान द्वारा जांच की जा रही है। संबंधित एजेंसी के पुलिस अधीक्षक ने मृतक आश्रित संबंधी पत्रावलियों को मांगा है। लेकिन पूर्व में जिन लिपिकों द्वारा मृतक आश्रित पटल देखा जाता रहा है उनके द्वारा पूरी पत्रावलियों को उपलब्ध नहीं कराया गया। जिसका जिक्र करते हुए जांच एजेंसी को जवाब भेजा गया है।
> –स्वाती भारती, बीएसए

चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊ परसपुर, बरेली
मो. 8859492000
8859493000
GNM, DPT*, DOT* & B.Sc. (Nursing)
GNM में प्रवेश प्रारम्भ
हॉस्टल एवं ट्रांसपोर्ट की सुविधा
प्रैक्टिकल हेतु आधुनिक प्रयोगशालाएं
सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति।
सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन द्वारा पित्त की थैली, गुर्दे एवं यूरेटर की पथरी और गदूद (प्रोस्टेट) का ऑपरेशन
मेडिक्लेम
स्त्री एवं प्रसूति रोग
आयुष्मान कार्ड में निःशुल्क इलाज
सभी प्रकार की सर्जरी
पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि
आई.सी.यू., कार्डियक, मॉनिटर, वैन्टिलेटर
हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
मो. 9458882565
9410002566

MAXLIFE SUPERSPECIALITY HOSPITAL & FAHMY IVF CENTRE
मैक्सलाइफ
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड फहमी आई.वी.एफ. सेन्टर
मालियों और ईसाइयों की पुलिया के बीच में, सिन्धू नगर, बरेली
डॉ. अनीस बेग
M.B.B.S., D.C.H.
Child Specialist
नवजात शिशु एवं सिरीयस बच्चों के विशेषज्ञ आधुनिक नर्सरी वेंटीलेटर सी. पैप
डॉ. फैहमी खान
M.B.B.S, D.G.O D.M.A.S., F.M.AS Gynaecologist
IVF Specialist Fellowship in Laparoscopy
स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरशद
M.B.B.S., M.S., (Fmas)
Laparoscopic Surgeon
डॉ. दीपक कुमार
M.B.B.S., M.S., MCH
न्यूरोसर्जन
दिमाग व रीढ़ की हड्डी के सर्जन
डॉ. फहद बिन हामिद
D. Ortho, DNB (Ortho)
Trauma, Joint Replacement
Arthoscopy & Sports Injury Specialist
डॉ. शरद खंडेलवाल
MBBS MS (Gen.Surgery)
Mch. (Plastic Surgery)
Cosmetic Hair Transplant.
Microvascular Reconstructive Surgeon
डॉ. मो. जावेद
M.B.B.S., M.D., Physician
ब्लड प्रेशर शुगर एवं पेट रोग विशेषज्ञ
FACILITIES
• CATHLAB
• ICU
• CCU
• ANGIOPLASTY
• NICU
• ECHO TMT
• ANGIOGRAPHY
• HDU
• PACEMAKER
• DIALYSIS
• VENTILATOR
मॉड्यूलर ऑपरेशन
लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
एडवांस आई.सी.यू.
एडवांस एन.आई.सी.यू.
कैथ लैब
EMERGENCY 24 HOURS
Contact :
0581-2990926
0581-2990928

# खुले स्कूल, पहले दिन बच्चों की संख्या रही कम

## खीर खिलाकर किया स्वागत, बच्चों ने खेले कई खेल, समर कैंप को लेकर शिक्षकों में नहीं दिखी रुचि

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों के बाद परिषदीय स्कूल शुक्रवार से खुल गए। स्कूल आने वाले बच्चों का रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया। पहले दिन बच्चों की संख्या कम रही। समर कैंप को लेकर शिक्षकों में रुचि नहीं दिखाई दी। बच्चे खीर पूड़ी खाकर वापस लौट गए। वहीं कई ऐसे स्कूल भी रहे जिनके ताले नहीं खुल सके।

परिषदीय स्कूल 25 जून से खुल गए थे। तीन दिनों तक उनमें साफ सफाई का दौर चल रहा था। साथ ही शिक्षक कार्ययोजना तैयार कर रहे थे। शुक्रवार को बच्चों का स्कूल में आगमन हुआ। स्कूल आने पर बच्चों का रोली टीका लगाकर स्वागत किया गया। सहसवान ब्लॉक क्षेत्र के कटैया अलीगंज स्थित प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूल में बच्चों का शिक्षकों ने रोली चावल से तिलक कर स्वागत किया।

शिक्षकों ने अभिभावकों से नियमित बच्चों को विद्यालय भेजने की अपील की। ऐसी ही स्थित शहर के कुछ स्कूलों में भी दिखी। डायट स्थित संविलियन स्कूल, पुलिस लाइन स्थित प्राथमिक स्कूल में बच्चों का स्वागत किया गया। स्कूल पहुंचने पर बच्चों को एमडीएम में खीर पूड़ी खिलाई गई। परंतु समर कैंप को लेकर शिक्षकों में कोई रुचि नहीं दिखी। बच्चों खाना खाने के बाद साढ़े दस बजे घर लौट गए। लेकिन कई स्कूल ऐसे रहे जिनके ताले नहीं खुले। जिसमें पटियाली सराय प्राथमिक स्कूल द्वितीय, कबूलपुरा आदि प्राथमिक स्कूल शामिल रहे।


स्कूल गेट के बाहर कतारबद्ध खड़े बच्चों के स्वागत के लिए तैयार खड़े शिक्षक।


बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार

### 18 जून से खुलने थे स्कूल

परिषदीय विद्यालयों में लगभग एक महीने से गर्मी की छुट्टियां चल रही थीं। स्कूल 18 जून से खुलने थे। किंतु भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने छुट्टियां 24 जून तक बढ़ा दीं। 25 जून से विद्यालय खोले गए। शुरू के तीन दिन शिक्षकों ने स्कूल पहुंचकर साफ-सफाई, मिड-डे-मील आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। शुक्रवार को बच्चों का स्कूल में आगमन हुआ।

### 15 जुलाई से ऑनलाइन लगेगी हाजिरी

महानिदेशक शिक्षा ने परिषदीय स्कूलों के सभी 12 रजिस्टर को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति टैबलेट पर किए जाने के आदेश दिए हैं। इसके अंतर्गत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम (चेहरा दिखाकर) से उपस्थिति दर्ज करानी होगी। 15 जुलाई से यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश के साथ जनपद में भी लागू हो जाएगी। इसको लेकर बीएसए ने शिक्षकों और बीईओ को आदेश जारी कर दिए हैं।

> शुक्रवार से बच्चों का स्कूल में आगमन हुआ है। दो दिनों तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। एक जुलाई से पढ़ाई शुरू होगी। 15 जुलाई से टैबलेट पर हाजिरी लगेगी। जिसके आदेश जारी कर दिए गए हैं। -**स्वाती भारती**, बीएसए

### दो दिन होना है समर कैंप का आयोजन

शासन के आदेशानुसार पहले 15 जून से समर कैंप का आयोजन होना था। भीषण गर्मी को देखते हुए समर कैंप को आगे बढ़ा दिया गया था। अब 28 और 29 जून को ही समर कैंप का आयोजन होना है। 30 जून का साप्ताहिक अवकाश होने की वजह से एक जुलाई सोमवार से कक्षाएं नियमित रूप से संचालित की जाएंगी। समर कैंप के पहले दिन शिक्षक अपने कार्य में व्यस्त दिखे। उनके द्वारा समर कैंप का आयोजन किए जाने की वजह से बच्चे खेलने कूदने और खाना खाने के बाद घर लौट गए।

### नियमित रूप से आएं स्कूल

कादरचौक क्षेत्र के संविलियन विद्यालय कूड़ा शाहपुर के खुलने पर बच्चों का प्रथम दिवस पर तिलक लगाकर स्वागत किया गया, साथ ही मन लगाकर पढ़ाई करने का सुझाव दिया गया। बच्चों से कहा गया कि वह हर रोज साफ सफाई के साथ स्कूल आएं। कॉपी-किताबों के साथ आएं जिससे उनकी पढ़ाई शुरू की जा सके। बच्चों को कई अभिभावक अपने साथ लेकर स्कूल पहुंचे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहर सिंह, सहायक अध्यापक नीलम शर्मा, प्रशांत गुप्ता, स्वाती सिंह, ज्ञान प्रकाश एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मितरोली प्राथमिक स्कूल के नहीं खुले ताले

संवाददाता, आसफपुर

**अमृत विचार :** एक माह से अधिक समय तक छुट्टी रहने के बाद भी शिक्षक लापरवाह बने हुए हैं। नए सत्र में शुक्रवार को मितरोली स्कूल का ताला नहीं खोला गया। बच्चे शिक्षकों का इंतजार करके वापस लौट गए।

विकासखंड इस्लामनगर क्षेत्र के ग्राम मितरोली के प्राथमिक स्कूल के ताले शुक्रवार को नहीं खुले। स्कूल खुलने की खुशी में बच्चे सुबह आठ बजे स्कूल पहुंचे और शिक्षकों का इंतजार करते रहे। लेकिन दस बजे तक जब शिक्षक नहीं आए तब वह वापस लौट गए। जिस पर ग्रामीणों ने रोष व्यक्त करते हुए शिक्षकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि मुख्यालय पर कार्यक्रम है। जिसमें शामिल होने जा रहा हूं। शनिवार को स्कूल पहुंचकर जांच की जाएगी।



मितरोली स्कूल गेट पर लटका ताला।

# खर्च कम कर निकाह को बनाएं आसान, नशे से दूर रहें युवा

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** मुस्लिम समाज में निकाह को आसान बनाने को लेकर एक जलसा कस्बे के पालिका बरातघर पर आयोजित किया गया। जिसमें अमीर और गरीबों के निकाह में कम खर्च करने और फालतू रिवायतों को खत्म करने की अपील की गई। साथ ही नौजवानों में बढ़ती नशे की लत पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा की गई।


जलसे में अपने ख्यालात पेश करते लोग। ● अमृत विचार

● **ककराला में हुई गोष्ठी में वक्ताओं ने की अपील**

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती अनवार ने किया व तिलावत कारी फैजुल रहमान ने की। नात एवं दहेज प्रथा पर नज्म मुफ्ती तारिक जमील कन्नौजी ने पढ़ी, नौजवान-ए-मिल्लत टीम ककराला की कारगुजारी हाफिज मोहम्मद आतिफ ने की। मुख्य अतिथि मौलाना इनाम साहब ने कहा कि लड़के को चाहिए कि शादी से पहले अपने दहेज का खुद इंतजाम करे। मौलाना आजम ने कहा कि हम सबके प्रेरणा स्त्रोत हमारे नबी हैं। हमें पूर्वजों की रस्मों को छोड़कर नबी के पैगाम को अपनाना चाहिए। मौलाना अब्दुर रब ने कहा कि अगर औरतें चाहें तो तमाम बेवजह की रस्में मिट सकती हैं। इसके अलावा कस्बे के तमाम समाजसेवियों ने अपनी राय पेश की। इस मौके पर मास्टर आकिल, हाजी साजीदा ठेकेदार, मास्टर वाहिद साहब ने अपने ख्यालात का इजहार किया और नौजवान टीम ककराला को अपनी दुआओं से नवाजा।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. आशीष सक्सेना
MBBS, MS, FIAGES, FELS
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322
उपलब्ध सुविधायें ● दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन ● हर्निया का ऑपरेशन ● अपेंडिक्स का ऑपरेशन ● पित्त की नली की पथरी ● बवासीर, भगन्दर, फिशर ● हाईड्रोसील ● स्तन की गांठ का ऑपरेशन ● पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) ● पाइलोनाइडल साइनस ● इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय
प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

# अपना हक हासिल करके रहेगा वाल्मीकि समाज

**बदायूं, अमृत विचार :** भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के राष्ट्रीय मुख्य संचालक परमवीर लल्ला बाबू द्रविड़ ने शुक्रवार को जनपद का दौरा किया।

उन्होंने वाल्मीकि बाल निकेतन स्कूल लोटनपुरा में कहा कि आज वाल्मीकि समाज का ग्रामों में बड़े पैमाने पर उत्पीड़न हो रहा है। इस्लामनगर के ग्राम ब्योर में विजेंद्र वाल्मीकि को सरकारी नल से पानी नहीं भरने दिया। उन्होने कहा कि दलितों को इस छुआछूत के खिलाफ सड़कों पर आना होगा। जिससे वह समाज में अपना मान सम्मान रख सकें। इस मौके पर जिला संयोजक नरेंद्र चौधरी, अनिल विराट, राजकुमार, रोहिल, नवीन विद्यार्थी, संजय कटारिया आदि मौजूद रहे।

# नीट यूजी परीक्षा में धांधली के विरोध में कांग्रेसियों ने किया मार्च



मार्च निकालते कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नीट-यूजी परीक्षा में हुई धांधली के विरोध में कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह व शहर अध्यक्ष असरार अहमद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शहर में कैंडल मार्च निकाला।

कैंडिल मार्च परशुराम चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय से शुरू हुआ जो रामलीला ग्राउंड स्थित गांधी प्रतिमा पर समापन हुआ। इस दौरान पार्टी के प्रदेश सचिव जितेंद कश्यप और जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों की वजह से युवाओं का भविष्य आज अधर में है। कहा कि पेपर लीक मामले में मास्टरमाइंड सिकंदर सहित 13 लोगों को जेल में बंद कर दिया गया है। सीबीआई की जांच लगातार चल रही है। इसके बाद भी शिक्षा मंत्री नीट-यूजी परीक्षा निरस्त नहीं कर रहे हैं। पार्टी परीक्षा निरस्त करने की मांग करती है। इस मौके पर वीरेश तोमर, गौरव सिंह राठौर, इखलाश हुसैन, रफत अली, सोनपाल सिंह, हरीश कश्यप, शेर खान आदि मौजूद रहे।

# गंदगी और जलभराव को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बैरमई बुजुर्ग में लंबे समय से गंदगी और जलभराव की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों ने शुक्रवार को ग्राम प्रधान और ब्लाक अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की कई सड़कों पर जलभराव की समस्या कई वर्षों से बनी हुई है। जिसके कारण उन्हें इधर से निकलने में तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़कों पर हमेशा दूषित जल भरा रहता है। जिसके कारण गांव में संक्रामक रोग कभी भी फैल सकते है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान ने नाले का निर्माण और नियमित ढंग से सफाई नहीं कराई है। जिसके कारण समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा है। कई बार ब्लाक अंबियापुर के अधिकारियों को अवगत कराया है। मगर उन्होंने गांव की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। प्रदर्शन करने वालों में राजपाल सिंह, जान मोहम्मद, अंकुश कुमार, महेंद्र सिंह, निशांत, सुलतान, लाल मोहम्मद, शकील अहमद, कमलेश, दिनेश कुमार, नन्हू लाल, स्वराज्य सिंह, बली शेर आदि ने डीएम से समस्या शीघ्र दूर कराए जाने की मांग की है।

# कांवड़ यात्रा में प्लास्टिक पर रहेगा प्रतिबंध

**बदायूं, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनोज कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में श्रावण मास में कांवड़ यात्रा को लेकर बैठक की। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। बिना अनुमति भंडारा आयोजित नहीं होगा। श्रावण मास में 22 जुलाई से कांवड़ यात्रा प्रारंभ होगी। बैठक के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी को कांवड़ यात्रा के दौरान खाद्य सामग्री का नियमित परीक्षण करने कहा। विद्युत सुरक्षा विभाग के अधिकारी को प्रत्येक विद्युत पोल को प्लास्टिक से कवर करने के आदेश दिए।

खबरें पेज 7 व 8 पर...

## आज का मौसम

आसमान में तेज धूप खिली रहेगी।

| 31⁰ | 26⁰ |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 05.22 | सूर्यास्त 07.15 |

## शहर में आज

- भामाशाह की जयंती पर विचार गोष्ठी शहर के भामाशाह भवन में सुबह आठ बजे से
- किसरोली स्थित आईटीआई परिसर में रोजगार मेला सुबह दस बजे से
- ऑपरेशन जागृति फेस-2 के तहत जिले में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस का जागरुकता अभियान सुबह 10 बजे से।
- श्रीमानव सेवा समिति रजिस्टर्ड द्वारा शहर के ततारपुर स्थित पार्क में योग सुबह सुबह सात बजे से।
- श्रीराम कथा का वाचन कस्बा अमांपुर के प्रचीन शीतला माता मंदिर पर दोपर तीन बजे से।
- ब्राहमण कल्याण सभा द्वारा श्रीवराह मंदिर से हरि की पौड़ी परिक्रमा शाम सात बजे से।

# खेतों के ऊपर झूलते तारों की चपेट में आकर महिला की मौत

## पशुओं के लिए चारा लेने खेत में गई थी महिला, चारा काटने के बाद उठी तभी लटकते तारों से छू गई और वहीं दम तोड़ दिया

कार्यालय संवाददाता, कासगंज



मृतका संगीता

**अमृत विचार:** सदर कोतवाली के गांव अलीपुर में खेत पर पशुओं को चारा देने गई महिला खेत के ऊपर झूल रहे हाईटेंशन तार की चपेट में आ गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव अलीपुर निवासी गीतम सिंह की 24 वर्षीय पत्नी संगीता शुक्रवार की सुबह लगभग 11 बजे अपने पशुओं के लिए चारा लेने के लिए खेत पर गई थी। खेत के ऊपर से हाईटेंशन लाइन झूल रहे है। जब वह चारा काटने के बाद खड़ी हुई तो वह तार उससे छू गया। करंट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी आस पास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे। ग्रामीणों को द्वारा घटना की सूचना तहसील प्रशासन और पुलिस को दे दी गई थी। इंस्पेक्टर रामवकील सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। परिजनों और ग्रामीणों से घटना को लेकर पूछताछ की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



गांव अलीपुर में खेत के ऊपर से गुजरती हाईटेंशन लाइन। ● अमृत विचार

> अभी इस मामले में कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। परिजन जो भी तहरीर देंगे। उसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> – अजीत सिंह चौहान, सीओ

> पीड़ित परिवार को नियमानुसार विद्युत विभाग से मुआवजा दिलाया जाएगा। प्रशासन स्तर से परिवार की हरसंभव मदद की जाएगी।
> –संजीव कुमार, एसडीएम

**ग्रामीणों में बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश :** करंट की चपेट में आकर हुई महिला की मौत को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना था कि दो माह पूर्व ही गांव में नई लाइन डाली गई हैं, जो जगह-जगह झूल रही है। अधिकांश लाइनें खेतों के बीच से निकाली गई है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से हादसा हुआ है। ग्रामीणों ने मृतक आश्रित को मुआवजा दिलाए जाने की मांग भी की।

### राजस्व टीम ने किया निरीक्षण

एसडीएम सदर संजीव कुमार ने लेखपाल राकेश कुमार को राजस्व कर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचने और निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षण ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। लेखपाल ने अपनी आख्या एसडीएम को सौंपी है।



ग्रामीणों से घटना के बारे में जानकारी लेते लेखपाल राकेश कुमार। ● अमृत विचार

### तीन मासूम बेटियों के सिर से उठा मां का साया

शुक्रवार को गांव अलीपुर में विद्युत करंट की चेपट में आकर असमय मौत का शिकार हुई संगीता ने अपने पीछे पति के अलावा अपनी तीन मासूम बेटियों को रोता बिलखता छोड़ा है। चार वर्षीय बबिता, ढाई वर्षीय विनीता के अलावा एक साल की सुखमिता के सिर से मां का साया उठ गया है।



मां की मौत के बाद पिता से चिपकी तीनों मासूम बेटियां।

## विकास खंड सिढपुरा सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक

**सिढपुरा:** विकास खंड कार्यालय के सभागार में ब्लाक प्रमुख कश्मीरा देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक आयोजित की गई ।जिसमें क्षेत्र पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों के प्रस्ताव लिए गए। वित्तीय वर्ष में प्रस्ताव के आधार पर कार्य कराए जाने हैं। खंड विकास अधिकारी महेंद्र पाल सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि रवीश कुमार, एडीओ पंचायत संतोष कुमार ,लेखाकार राजकुमार सचिव अनीता निगम, नीरज शाक्य, हरिओम प्रतिहार, अजीत कुमार, राजनेश यादव सहित समस्त सचिव मौजूद रहे।

### आईटीआई परिसर में रोजगार मेला आज

**कासगंज :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेले का आयोजन आज किया जा रहा है ।प्रधानाचार्य आईटीआई जहीर आलम ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों तथा उनकी छाया प्रति, फोटो लेकर 29 जून 2024 को प्रात : 10 बजे रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रोजगार के इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें।

## एक नजर

### भामाशाह की जयंती पर होंगे कार्यक्रम

**कासगंज :** दानवीर भामाशाह की जयंती माहौर वैश्य सभा द्वारा मनाई जाएगी। यह जानकारी माहौर वैश्य सभा के अध्यक्ष दीपक गुप्ता एवं महामंत्री प्रदीप गुप्ता ने संयुक्त रुप से दी है। बताया कि कार्यक्रम 29 जून को सुबह आठ बजे सहावर गेट स्थित भामाशाह भवन पर होगा। उन्होंने समाज के बंधुओं से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार गंभीर

**कासगंज :** शहर के नदरई गेट चौराहे पर शुक्रवार की सुबह लगभग पांच बजे तेज रफ्तार बाइक सवार चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार 45 वर्षीय प्रमोद निवासी मुहल्ला जयजयराम घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर बाइक चालक फरार हो गया। परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

# शहर को बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिला प्रभारी ने नवागत डीएम से मुलाकात की, पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। शहर की समस्याओं के निराकरण की दिशा में प्रभावी पहल करने की मांग की।

उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाप्रभारी दीपक गुप्ता ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंच कर नवागत जिलाधिकारी मेधा रुपम से मुलाकात की। पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

शहर की समस्याओं को बिंदू बार बताते हुए उनके समाधान की मांग की। उन्होंने जिलाधिकारी को बताया कि शहर को बंदरों के आतंक से मुक्त कराया जाएगा। उन्होंने प्रभूपार्क के सौंदर्यीकरण एवं शहर के मुख्य बाजार में शौचालय बनाए जाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि शहर के बाजार में शौचालय न होने से महिलाओ को दिक्कत होती है। यह प्रमुख समस्या है। इसका समाधान होना चाहिए। डीएम ने जिला प्रभारी को आश्वास्त किया है।



जिलाधिकारी मेधा रूपम का स्वागत करते व्यापार मंडल के जिलाप्रभारी दीपक गुप्ता।

- व्यापार मंडल के जिलाप्रभारी ने नवागत डीएम से की भेंट
- पुष्पगुच्छ देकर किया स्वागत बताई शहर की समस्याएं

# जेठ, ससुर और बहनोई पर लगाया अश्लीलता का आरोप

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार:** कस्बे के मुहल्ले की एक महिला ने कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा है कि वह सुसराल में अकेली रहती है। उसका पति के साथ मुकदमा भी चल रहा है। गुरुवार रात बहनोई कमरे में घुस आया और अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध किया तो ससुर व जेठ कमरे में आ गए और मारपीट कर घर से बाहर ले जाने का प्रयास करने लगे।

उसके शोरगुल करने पर आसपास के लोग व पिता पंहुच गए। लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है। जोभी तथ्य प्रकाश में आएगें, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# बहकावे में आकर झूठी एफआईआर न कराएं महिलाएं

संवाददाता, सोरों

**अमृत विचार:** तीर्थ नगरी के ब्लाक सभागार में ऑपरेशन जागृति फेस टू के तहत जागरुकता कार्यक्रम हुआ ।एसपी ने ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला और युवतियों को अधिकार और कर्तव्यों का बोध कराया। सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सुरक्षा और कल्याण की योजनाओं की जानकारी दी। योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि महिलाएं किसी के बहकावे में आकर झूठी प्राथमिकी दर्ज कराने से बचें। क्योंकि जांच के बाद जब भी एफआईआर झूठी पाई जाती है, तो कानून में एफआईआर कराने वाले के विरुद्ध कडे.कानून हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं किसी भी योजना या कार्यक्रम का दुरुपयोग न करें। किसी भी विघम परस्थिति में परिवार और पुलिस का सहयोग करें। डरें नहीं, निर्भीक होकर अपने साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार का विरोध करें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना का पात्र लाभ उठाएं। कार्यक्रम में सोरों विकास की खंड में 15 गांव की महिलाए और पुरुषों ने भाग लिया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, बीडीओ संजीव कुमार, क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान सोरों इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी आदि मौजूद रहे।



ऑपरेशन जागृति फेस टू कार्यक्रम में पहुंचीं बड़ी संख्या में महिलाएं। ● अमृत विचार

### हाथों में मेहंदी सजाकर दिखाई प्रतिभा

ऑपरेशन जागृति कार्यक्रम के दौरान मेहंदी प्रतियोगिता कराई गई। महिलाओं ने मेहंदी सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारतीय सीओ अजीत सिंह चौहान ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाली महिलाओ और युवितयों की प्रतिभा को सराहा। सभी को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की अपील की।

# समर कैंप में बच्चों ने की मौज मस्ती

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** जिले भर में बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों में शासनादेश के अनुसार समर कैंप के आयोजन किए जा रहे हैं जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न खेल सिखाए जा रहे हैं।

शुक्रवार को जनपद के सभी स्कूलों में समर कैंप की गतिविधियां आयोजित कराई गईं। लंबी छुट्टियों के बाद खुले स्कूलों में पहुंचे बच्चों का माथे पर रोली, चंदन एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। स्कूलों में आयोजित समर कैंप में विद्यार्थी प्रफुल्लित दिखाई दिए। गंजडुंडवारा की खंड शिक्षाधिकारी प्रीति गोयल के दिशा निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय इस्माईलपुर, प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय गनेशपुर भाटान सुजावलपुर, बरा, नगला बरेठी, समसपुर, लखापुर, बंगसनगर, म्यूनि, म्याऊ एवं पटियाली ब्लॉक के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय घौसगंज, प्यारमपुर, रम्पुरा, नगला मक्खन, औरंगाबाद विकास क्षेत्र सोरों के प्राथमिक विद्यालय होडलपुर, गंगागढ़ सहित सभी विद्यालयों में बच्चों के बीच कला क्राफ्ट, योग, आर्ट, खेल प्रतियोगिया हुई, परिवेशीय वस्तुओं से अवगत कराया गया और पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम के अंत मे शामिल बच्चों को बिस्कुट टॉफ़ी, चॉकलेट, खीर पूड़ी, हलवा इत्यादि का वितरण किया गया ।स्कूल में बच्चों ने ग्रीष्म कालीन अवकाश के अनुभव साझा किए पहले दिन स्कूल खुलने पर ऐसा लग रहा था जैसे बच्चे विद्यालय आने के लिए तैयार बैठे हों।



समर कैंप में खेल कूदकर मौज मस्ती करते बच्चे। ● अमृत विचार

- माथे पर रोली, चंदन एवं माल्यार्पण कर किया गया स्वागत

# मेधावियों को लखनऊ में मुख्यमंत्री करेंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- लखनऊ के लोक भवन में होगा सम्मान कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाईस्कूल इंटरमीडिएट व समकक्ष परीक्षाओं के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। लखनऊ के लोक भवन में सम्मान कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री द्वारा मेधावियों को नगद धनराशि टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल दिए जाएगें।

जिला विद्यालय निरीक्षक बीके मौर्य ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद काउंसलिंग फॉर द इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट एग्जामिनेशन नई दिल्ली एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के मेधावियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मेधावियों को एक –एक लाख रुपये के चेक, एक टेबलेट, प्रशस्ति पत्र एंव मेडल दिए जाएगें।उन्होंने बताया कि सम्मान समारोह की तिथि अभी तय नहीं है।

### यह विद्यार्थी होंगे सम्मानित

हाईस्कूल की छात्रा कंचन, गौरी भारद्वाज, मनोज कुमार, संजना, आकाश मोहन, अवनीश, अपूर्वा गुप्ता, चाहत, काव्या, सुगम कुमार, अंजलि, एवं इंटर के दीपक, बबली, समीक्षा, अभिनय मान, भूमिका, जतन कुमार, पूष्पेंद्र कुमार, शिवानी राजपूत, ललित कुमार, हर्ष कुमार, सोनू गुप्ता

# तमंचे के साथ फोटो किया वायरल आरोपी पकड़ा

**कासगंज ,अमृत विचार:** अवैध तमंचे के साथ फोटो वायरल करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद हुआ है।

एक व्यक्ति द्वारा अपनी सोशल मीडिया आईडी पर तमंचे के साथ फोटो वायरल किया गया था। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश सिढपुरा पुलिस को दिए। पुलिस ने आरोपी कांति निवासी ग्राम ठाठी थाना सिढपुरा को गिरफ्तार कर थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया गया है। इंस्पेक्टर राधेश्याम सिंह ने बताया कि आरोपी कांति निवासी ग्राम ठाठी के पास एक तमंचा 315 बोर एवं एक कारतूस बरामद हुआ है।

# शहर के प्रभूपार्क का किया जाएगा सौंदर्यीकरण



प्रभूपार्क में पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र बौहरे से चर्चा करतीं डीएम मेधा रूपम।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- बनाया जाएगा ओपन जिम सुरक्षा कर्मी रहेंगे तैनात
- डीएम ने निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**अमृत विचार:** नवागत जिलाधिकारी ने शुक्रवार की सुबह शहर के नदरई गेट स्थित प्रभूपार्क का निरीक्षण किया। पार्क का सौंदर्यीकरण कराए जाने ओपन जिम लगाए जाने सहित पार्क की दशा सुधारे जाने के निर्देश पालिका के अधिकारियों को दिए हैं।

जिलाधिकारी मेधा रूपम शुक्रवार की सुबह प्रभूपार्क पहुंच गईं। उन्होंने पार्क में व्यवस्थाएं देखीं। टहलने पहुंचे लोगों से बातकी। पूर्व पालिका अध्यक्ष एवं पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र बौहरे से पार्क के विकास और सौंदर्यीकरण पर चर्चा की। डीएम ने कहा कि प्रभूपार्क में स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएं, सफाई के लिए अलग से तैनाती की जाए। बडे पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाए। पौधों के पोषण की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि पार्क में ओपन जिम भी बनाई जाए जिससे लोग व्यायाम कर सकें। सुरक्षा कर्मी की तैनाती के भी निर्देश दिए। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल, संजय बौहरे व अन्य मौजूद रहे।

# बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहने को विवश दिव्यांग



बारिश के बाद चारपाई पर गिरी छत की पटिया। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पात्रता के बावजूद महिला को नहीं मिला सरकारी योजना का लाभ
- बरसात में जर्जर मकान की छत हुई धराशायी

**अमृत विचार:** दिव्यांग महिला बच्चों के साथ जर्जर मकान में रहने को विवश है। गुरुवार रात को हुई बारिश से उसके मकान की छत गिर गई।

सहावर के गांव बढारी कला की दिव्यांग बेगम के पति की लगभग 14 वर्ष पूर्व मौत हो गई। वह अपने दो बच्चों के साथ पुराने और जर्जर मकान में रह रही है। गुरुवार रात हुई बारिश से छत की मकान की पटियां टूट कर नीचे आ गिरीं। यह इत्तेफाक था कि कोई हादसा नहीं हुआ। पीडिता का कहना है कि उसे केवल दिव्यांग पेंशन ही मिलती है। इस पेंशन से उसके परिवार का गुजारा नहीं होता। उसके पास कोई भी कृषि भूमि नहीं है। उसने प्रशासन से मदद की गुहार की है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से विकलांग महिला की हरसंभव मदद की गुहार लगाई है। मांग करने वालों में कैलाश चंद्र, रामबाबू, अनिल, विजय पाल, साहब सिंह, सत्यपाल, प्रदीप सहित अन्य ग्रामीण शामिल हैं।

### धोखाधड़ी का वांछित गिरफ्तार

**कासगंज :** इंस्पेक्टर रामवकील सिंह ने बताया कि धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी नीरेश निवासी गांव कुमरौआ को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। जहां से उसके खिलाफ कार्रवाई हुई है।

### हत्या के प्रयास का आरोपी तमंचा सहित गिरफ्तार

**कासगंज :** थाना अमांपुर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर तीन जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी शेखर निवासी ग्राम देवपुर थाना अमांपुर को पूछतांछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

### सर्पदंश से किसान गंभीर

**कासगंज :** थाना ढोलना के गांव त्यैवपुर में खेत पर काम कर रहे किसान को सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। बेहोशी की हालत में परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका उपचार हुआ है। उपचार के बाद युवक की हालत में सुधार हुआ है।

# सट्टे की खाईवाड़ी करते एक गिरफ्तार

**गंजडुंडवारा:** पुलिस द्वारा अवैध जुआ-सट्टा के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को कोतवाली पुलिस ने सट्टा करते हुए एक युवक अलीम उर रहमान पुत्र मोहम्मद हलीम को मुहल्ला मूलचंद से गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से सट्टे का पर्ची, पेन व 1,710 रुपये बरामद हुए। युवक को कोतवाली लाकर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

# यज्ञ में आहुति देकर श्रद्धालुओं ने की लोक कल्याण की कामना

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास की सप्तमी पर शुक्रवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित श्री रामायणेश्वर महादेव मंदिर पर हवन यज्ञ हुआ। श्रद्धालुओं ने आहुति देकर लोक कल्याण की कामना की। भंडारे में प्रसाद पाने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भगवान महादेव और जगत जननी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हुआ।

सुबह से ही पारानामठ मंदिर पर श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। लाउडस्पीकर पर वेद मंत्रोच्चारण हो रहा था। श्रद्धालु भगवान महादेव और जगत जननी की जय जयकार कर रहे थे। मौका था धार्मिक अनुष्ठानों का। मंदिर में सुबह हवन यज्ञ हुआ। श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति देकर लोक कल्याण की कामना की। हवन कुंड से उठती सुगंधी से वातावरण सुगंधित था। धार्मिक अनुष्ठानों के समापन पर आरती उतारी गई। भंडारा हुआ। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए दोपहर से लेकर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। जयसिंह वर्मा, मौहर सिंह, विजय कुमार, दिनेश कुमार, राकेश कुमार, दिनेश जौहरी, प्रवेंद्र सिंह, गुंजन, दीपक, राहुल, सनोज कुमार, रवि दिवाकर, अनुपम माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



श्री रामायणेश्वर महादेव मंदिर में यज्ञ में आहुति देते बड़ी संख्या में श्रद्धालु।



पारनामठ मंदिर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते लोग। ● अमृत विचार

- रामायणेश्वर महादेव मंदिर पर हुए धार्मिक कार्यक्रम
- भंडारे में प्रसाद पाने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



# हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)

# Dr. S. Zaheer®

## (यूनानी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सक)

## पुरुषों एवं महिलाओं के समस्त गुप्त रोग

जो व्यक्ति बचपन की नादानी के कारण जिनको धातु स्वप्नदोष, नामर्दी का होना, जोश, शीघ्रपतन, गलत विचारों से वीर्य का ि निकलना, शुक्राणु का कम होना, पेशाब में जलन होना, ज्यादा आयु वाले मर्दों का सैकस पॉवर खत्म होना, व बहने सफेदी का आना (ल्यूकोरिया) नलों पर सूजन होना, माहवारी का होना निसंतान दम्पत्ति मिलें।

## बवासीर, खूनी व बादी भगन्दर, गठिया, जोडों का दर्द, पेट की समस्या रोगों का इलाज

Sugar (मधुमेह) जैसे जानलेवा बीमारी का आयुर्वेदिक और यूनानी दवाइयों द्वारा इलाज, जोडों में दर्द रहना। कोलेस्टॉल का खराब होना, लीवर का बार-बार खराब हो जाना, ऐसे जटिल से जटिल समस्याओं का इलाज बिना किसी साइड इफेक्ट्स के यूनानी और आयुर्वेदिक उपचार...

## शनिवार रविवार

बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे इस्लामिया मैदान के सामने, बरेली

9634499693
9837338306

# बारिश तक राहत, उसके बाद उमस भरी गर्मी से बिलबिला जाते हैं लोग

## देर रात हुई बारिश, दिन भर बादलों में छिपा रहा सूरज, निचले इलाकों में जलभराव

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

**अमृत विचार:** शुक्रवार को मौसम में सुबह से ही उमस भरी गर्मी रही। गुरुवार रात हुई बारिश के कारण मौसम में बदलाव नजर आया। दिन भर सूर्य बादलों की कोख में छिपे रहे। कुछ निचली बस्तियों में जल भराव से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मानसून दस्तक के साथ ही मौसम में बदलाव हो गया है। गुरुवार को देर रात बूंदाबांदी के साथ शुरु हुई बारिश कभी तेज तो कभी धीमी गति से होती रही। सुबह लगभग 4:30 बजे बारिश थमी, लेकिन सूर्य नहीं निकले। वह बादलों की कोख में छिपे रहे। मौसम में उमस भरी गर्मी रही। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ऐसी और कूलरों में बैठे रहे।

बारिश के चलते शहर की कई निचली बस्तियों में जलभराव हुआ। यहां के लोगों को दिक्कत और परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोग घरों में कैद होकर रह गए। धानमिल रोड, गंगेश्वर कॉलोनी, लवकुश नगर, सिटी मुहल्ला, नबाब मुहल्ला, जामा मस्जिद बस्तियों से बारिश बंद होने के बावजूद भी कई घंटो बाद पानी निकला।



तीर्थ नगरी सोरों में बरसात के कारण जलभराव। ● अमृत विचार



सड़क किनारे भरा पानी।

### सोरों में जलभराव से लोग हुए परेशान

सोरों में गुरुवार और शुक्रवार को हुई बारिश से कस्बे की बस्तियों में जलभराव के कारण लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आवागमन में असुविधा हुई। कई घंटे तक बरसात का पानी बस्तियों में भरे रहने से लोग घरों में बंद रहे। निचले घरों में बरसात का पानी घुस गया। मुहल्ला चक्रतीर्थ, बालू बाजार, मुहल्ला चौसठ, बड़ा बाजार, रामलाल चौराहा, लहरा रोड हरि की पौड़ी सोमेश्वर घाट पानी से भर जाने के कारण श्रद्धालुओं को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# विकास कार्यों को शीघ्र कराया जाएगा पूरा



सहावर विकास खंड सभागार में गोद भराई करते ब्लॉक प्रमुख कृष्णा राजपूत।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- ब्लॉक प्रमुख ने बैठक कर विकास कार्यों पर की चर्चा

**अमृत विचार:** विकास खंड सहावर के सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्राम प्रधानों की शुक्रवार को बैठक हुई। ब्लॉक प्रमुख ने विकास कार्यों पर चर्चा करते हुए अधूरे एवं शेष रहे विकास कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का भरोसा दिया।

ब्लॉक प्रमुख कृष्णा राजपूत ने ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायतों को संबोधित करते हुए कहा कि बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ब्लॉक प्रमुख ने प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों से क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए सहयोग की अपील की। पूर्व ब्लॉक प्रमुख गवेंद्र सिंह, बिजेंद्र सिंह गौर व क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की

बच्चों को कुपोषण और मृत्यु दर कम करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत पुष्टाहार विभाग द्वारा गोद भराई कार्यक्रम में किया गया। पांच गर्भवती महिलाओ की गोद भराई की गई। गर्भावस्था के दिनों में बेहतर पोषण के बारे में अवगत कराया गया।

# विकास परिषद के बिना संभव नहीं तीर्थ नगरी का विकास

**सोरों, अमृत विचार:** अखंड आर्यावर्त निर्माण संघ ने तीर्थ नगरी के अधूरे विकास को लेकर चिंता जताई है। विकास परिषद के गठन के लिए एक जुलाई से आंदोलन का ऐलान किया है।

संघ के अध्यक्ष भूपेश शर्मा ने बताया कि सोरों को तीर्थ स्थल घोषित हुए लगभग 2 साल हो चुके हैं। अभी तक यहां कोई बड़ी योजना नहीं लाई गई है। जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सूकर क्षेत्र सोरों तीर्थ के साथ इस तरह का पक्षपात सरकार को शोभा नहीं देता है। तीर्थों के विकास के लिए तीर्थ विकास परिषद का गठन हुआ है, लेकिन आज तक सूकर क्षेत्र सोरों के लिए कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि एक जुलाई से हमारे संगठन द्वारा सूकर क्षेत्र तीर्थ विकास परिषद की मांग उठाई जा रही है। जिसमें संगठन और भाजपा के जनप्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा। जिला अधिकारी के माध्यम से इस मांग को प्रदेश सरकार तक पहुंचाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री से समय लेकर इस पर चर्चा की जाएगी। आंदोलन की रूप रेखा तैयार कर ली गई है।

# जेल में बंदियों के उपचार की हो बेहतर व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, कासगंज




कारागार से निकलते जिला जज सय्यद माऊज बिन आसिम, डीएम मेधा रूपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक। ● अमृत विचार

- न्यायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस अफसरों ने जेल का किया निरीक्षण
- तलाशी के दौरान जेल में नहीं मिली कोई आपत्तिजनक सामिग्री

**अमृत विचार:** शुक्रवार को न्यायायिक, प्रशासनिक एवं पुलिस के अधिकारियों ने पचलाना स्थित जिला कारागार का निरीक्षण किया। व्यवस्थाएं देखीं। बंदियों से बातचीत की। बैरकों में तलाशी कराई। तलाशी के दौरान कोई भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिली। जेलर को जेल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

जिला जज सय्यद माऊज बिन आसिम, डीएम मेधा रुपम, एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। कारागार की साफ सफाई देखी। मैस में बनाए जा रहे खाने पीने की व्यवस्था देखी। कारागार के अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती बंदियों से स्वास्थ्य सेवाओ के बारे में पूछताछ की। डीएम ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि बंदी रोगियों का बेहतर उपचार होना चाहिए। गंभीर मरीजों को जिला अस्पताल या फिर जरूरत समझने पर हायर सेंटर रेफर किया जाए। अधिकारियों ने बंदियों की समस्याएं सुनीं। जेल परिसर में चेकिंग कराई गई। चेकिंग के दौरान किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक अथवा प्रतिबंधित वस्तु नहीं मिली।

जिला जज ने कहा कि जेल में बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए।

एसपी ने महिला बंदियों और उनके साथ रह रहे बच्चों से बात कर उनके स्वास्थ्य आदि की जानकारी ली। कारागार अधीक्षक विजय विक्रम सिंह सहित जिला कारागार के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

### फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

### फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज

- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

### रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

### रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज

उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ

## बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

### बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

### रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

### केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी

फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त

- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942

केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

### बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट

- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

## करंट से ग्रामीण की मौत, बेटे ने कराई एफआईआर

**मिरहची, अमृत विचार:** करंट की चपेट में आकर एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। बेटे ने एफआईआर कराई है।

मिरहची थाना क्षेत्र गांव हिमांचल निवासी संतोष कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पिता राजवीर सिंह (50) पुत्र लालाराम सिंह गुरुवार की रात 11 बजे घर के सामने खड़े बिजली के पोल के पास बैठकर लघुशंका कर रहे थे, तभी पोल में आ रहे करंट की चपेट में आकर वहीं गिर गए। परिजन अस्पताल ले जा रहे थे कि रास्ते में दम तोड़ दिया।

राजवीर की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। घर वालों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# पिछड़े क्षेत्र अमांपुर को है विकास की दरकार



लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात करते अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा।

कार्यालय संवाददाता,कासगंज

- विधायक हरिओम वर्मा ने लखनऊ में मुख्यमंत्री से की मुलाकात, बताईं समस्याएं

**अमृत विचार:** अमांपुर के विधायक ने गुरुवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात की। अमांपुर के विकास की जरुरत बताकर प्रस्ताव रखे। मुख्यमंत्री ने विधायक को विकास के प्रति भरोसा दिया है।

अमांपुर के विधायक हरिओम वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अमांपुर विधानसभा क्षेत्र में बिजली-पानी, सड़क, खेल मैदान, रोजगार, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने एटा-अमांपुर-सहावर मार्ग में अवशेष भाग नगला गुलरिया से अमांपुर हेतु धन उपलब्धता करना। बस स्टैंड, अमांपुर-मोहनपुर मार्ग का चौड़ीकरण, एटा अमांपुर सहावर मार्ग फारौली पुल से चांडी तक अवशेष भाग का चौड़ीकरण, नवीन स्टेडियम, स्वीकृत बिजलीघर का जल्द से जल्द निर्माण कार्य सहित विभिन्न विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा की।

## बाइक की डिग्गी में रखे 6.50 लाख रुपए उड़ाए

**एटा, अमृत विचार:** जनपद में चोरों व टप्पेबाजों के हौसले बुलंद हैं। कहीं महिलाएं टप्पेबाजों का शिकार हो रही हैं, तो कहीं किसान की बाइक की डिग्गी से लाखों रुपये चोरी हो रहे हैं। बैंक से रुपए निकालकर आए एक व्यक्ति की बाइक की डिग्गी में रखे 6.50 लाख रुपये निकाल लिए गए।

थाना कोतवाली नगर में किसान रामदास निवासी सबलपुर थाना सकीट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बृहस्पतिवार को वह अपने लड़के के साथ आईडीबीआई और एक्सिस बैंक से पैसे निकालने गया था। उसने आईडीबीआई बैंक से 5 लाख और एक्सिस बैंक से 1.50 लाख रुपये निकाले। जिन्हें बाइक की डिग्गी में रख लिये।

इसके बाद खाद लेने के लिए मंडी के पास स्थित इफको गोदाम पर पहुंचा। वहां बाइक को खड़ी करके खाद लेने चला गया। तभी अज्ञात लोगों ने रुपए निकाल लिए। पुलिस उचक्कों की तलाश कर रही है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्य ने बाल विकास विभाग से मांगी सूचना

**कासगंज:** गंजडुंडवारा की ग्राम पंचायत म्यांसुर के क्षेत्र पंचायत सदस्य जाहिद कुरैशी ने जन सूचना अधिकार अधिनियम के तहत बाल विकास परियोजना अधिकारी से सूचना मांगी है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने ग्राम पंचायत म्यासुर में तीन से छह वर्ष तक लाभार्थियों की संख्या एवं इन्हें दिए जाने वाले पुष्टाहार, जीरों से छह वर्ष तक के लाभार्थी बच्चे गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की संख्या और प्रति माह दिए जाने वाले पुष्टाहार सहित कुल चार जानकारियां मांगी हैं।

# खामियों के चलते शासन ने निरस्त किया औद्योगिक आस्थान का प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- कमियों को दूर कर विभाग दोबारा भेजेगा प्रस्ताव
- प्रस्ताव पुन: भेजने को मानक पूरे करने में जुटा उद्योग विभाग

**अमृत विचार:** उद्योग विभाग द्वारा जिले में नए औद्योगिक आस्थान के लिए सरकार को भेजा गया प्रस्ताव किसी कमी के चलते शासन ने निरस्त कर दिया है। विभाग कमियों को दूर कर स्वीकृति को दोबारा भेजेगा। विभाग प्रस्ताव को पुनः भेजने के लिए मानक पूरे करने में लगा हुआ है।

जिले में नए उद्योग आस्थान बनाए जाने की मांग लगभग एक दशक से चली आ रही है। शहर के इस्माइलपुर रोड औद्योगिक आस्थान अब पर्याप्त नहीं रह गया है। जिला उद्योग विभाग द्वारा गांव महमूद पुख्ता में नया औद्योगिक आस्थान स्थापित करने के लिए 11 एकड़ क्षेत्रफल भूमि का प्रस्ताव शासन के लिए भेजा गया था। तकनीकी खामी के चलते यह प्रस्ताव शासन ने निरस्त कर दिया। इससे पहले भी जिला प्रशासन द्वारा गांव पचलाना में औद्योगिक स्थापना का प्रस्ताव तैयार किया गया था, लेकिन उद्यमियों द्वारा विरोध किए जाने पर यह प्रस्ताव ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। अब जिला प्रशासन निरस्तीकरण के बाद तकनीकी खामियों को दूर करने में लगा है।

> पूर्व में भेजा गये प्रस्ताव पर लखनऊ की विभागीय टीम ने निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट शासन को भेजी थी। शासन ने प्रस्ताव को निरस्त कर दिया। तकनीकी खामियों को दूर किया जा रहा है। शीघ्र ही पुन: प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा।
> **- चंद्रभानू भास्कर,** उपायुक्त उद्योग

# विभिन्न सड़क हादसों में चार लोग गंभीर घायल

**एटा, अमृत विचार:** अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल हो गए। दो की हालत गंभीर देखते हुए आगरा रेफर किया गया है।

थाना जैथरा के गांव रशीदपुर निवासी विवेक कुमार और शीलेंद्र बृहस्पतिवार को किसी कार्य से कुरावली जा रहे थे। उनकी बाइक जैथरा-कुरावली मार्ग पर बिजलीघर के पास पहुंची कि दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। दोनों लोग घायल हो गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जैथरा पर भेजा, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। शीलेंद्र की हालत को गंभीर देखते हुए रेफर कर दिया गया है। कोतवाली देहात क्षेत्र में विरामपुर निवासी अखिल बृहस्पतिवार की देर शाम गांव के सामने ही सड़क पार कर रहा था। तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अखिल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। इसके अलावा इसी थाना क्षेत्र के गांव रामपुर घनश्याम निवासी अर्चना कूड़ा डालकर सड़क पार कर रही थी। उसी समय अज्ञात बाइक सवार टक्कर मार गया। गंभीर रूप से घायल अर्चना को मेडिकल कॉलेज लाया गया, वहां से हालत गंभीर देखते हुए आगरा रेफर कर दिया गया है।

# बैंकों में लंबित न रहें योजनाओं के तहत ऋण आवेदन

## जिलाधिकारी ने की जिला सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक, कहा- हर हाल में लक्ष्य पूरा किया जाए

संवाददाता, एटा



बैठक कर अधीनस्थों को निर्देशित करते जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। डीएम ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग, माटीकला योजना, पीएमईजीपी सहित अन्य योजनाओं के तहत बैंकर्स द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्रतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैंक स्तर पर कोई भी आवेदन पत्र लंबित नहीं रहना चाहिए। यदि कहीं पर बैंकर्स को कोई समस्या है तो एलडीएम के संज्ञान में लाए, जिससे कि विभागीय स्तर पर उन समस्याओं का निस्तारण कराया जा सके। अनावश्यक रूप से लाभार्थियों को परेशान करने की शिकायत बैंक स्तर से नहीं आनी चाहिए।

- **किसानों को बताएं, फसल की क्षति से बचाव के लिए बीमा कराना जरूरी**
- **अधार की तर्ज पर बनाए जाएंगे किसान कार्ड, इसी से मिलेगा बैंकों से लोन**

डीएम ने कहा कि फसल बीमा कम्पनी, कृषि विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर खरीफ फसल धान, मक्का, बाजरा की खेती करने वाले किसानों से सम्पर्क स्थापित कर उनकी फसल का बीमा कराने हेतु कार्यवाही करें। प्रयास करें कि अधिक से अधिक किसान अपनी फसल का बीमा कराएं, किसानों को जानकारी दी जाए, कि उनकी फसल की क्षति से बचाव हेतु बीमा कराना जरूरी है। डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, एनआरएलएम स्वयं सहायता समूह के तहत भी लंबित आवेदनों का समय से निस्तारण किया जाए। डीएम ने बैठक में मौजूद सभी बैंकर्स को निर्देश दिए कि इस वित्तीय वर्ष में सीडी रेशियों सहित अन्य विभागीय स्कीम की प्रगति में शासन की अपेक्षा के अनुसार सुधार लाना बहुत जरूरी है।

बैठक में सीडीओ डा. एके वाजपेयी, एलडीएम प्रीतम सिंह, डीसी एनआरएलएम प्रतिमा निमेष, डीएओ मनवीर सिंह, डीडी कृषि रोताश कुमार, डीडीएम नाबार्ड पवन कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी, बैंकर्स आदि मौजूद रहे।

### किसान कार्ड बनाने को चलाया जाएगा अभियान

डीएम ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसान कार्ड बनाने के लिए किसान रजिस्ट्री अभियान को अतिशीघ्र चलाया जाएगा। अभी किसान को किसी तरह का ऋण लेने के लिए बार-बार राजस्व रिकॉर्ड देना पड़ता है। किसान रजिस्ट्री होने से उनके नंबर को संबंधित एप पर डालकर उसका पूरा विवरण देखा जा सकेगा। इससे किसान कल्याण की योजनाएं बनाने और उसने क्रियान्वयन में आसानी होगी। लाभार्थियों के सत्यापन, कृषि उत्पाद के विपणन और अन्य वित्तीय मामलों में भी सहूलियत होगी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि का भुगतान, फसली ऋण के लिए किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा, आपदा के दौरान किसानों को क्षतिपूर्ति देने के लिए चिन्हांकन करने में आसानी होगी।

### स्वच्छता समिति की बैठक 1 जुलाई को

**एटा, अमृत विचार :** जिला पंचायतराज अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह चौहान ने बताया है कि जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अन्तर्गत जिला स्वच्छता समितिध्स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कमेटी की बैठक का आयोजन दिनांक 01 जुलाई 2024 को सांय 04 बजे से विकास भवन सभागार में आयोजित की जायेगी।

### भामाशाह का जन्म दिवस आज

**एटा, अमृत विचार :** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी अशोक सिंह ने बताया है कि राज्य सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जाने का निर्णय लिया गया है। खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा पूर्वान्ह 11 बजे से भामाशाह का जन्मदिवस जिला ग्रामोद्योग कार्यालय एटा में मनाया जायेगा। उन्होंने व्यापारी बन्धुओं से अनुरोध किया है कि खादी ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु अवश्य उपस्थित हों।

### साइबर ठगों ने 88 हजार ठगे

**अलीगंज :** शिवनाराण शर्मा निवासी मोहल्ला राधाकिशन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 26 जून को उसके मोबाइल नंबर पर लिंक भेजकर खाते से 88 हजार 500 रुपए निकाल लिए गए। मामले की जांच पड़ताल एसआई धर्मवीर सिंह कर रहे हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद, शाहजहाँपुर

पत्रांक : 530/न.पा.प.ज./2024-25 दिनांक : 28 जून 2024

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, जलालाबाद शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु विभिन्न ठेकों की नीलामी दिनांक 12 जुलाई 2024 को दोपहर 12:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, जलालाबाद में की जायेगी।

इच्छुक बोलीदाताओं निर्धारित तिथि व समय से पूर्व जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र तथा अग्रिम जमानत धनराशि जमा करने के उपरान्त बोली में भाग ले सकते हैं। ठेका स्वीकृति उपरान्त ठेकेदार को तत्काल निर्धारित दर पर देय स्टाम्प पर उप निबन्धक कार्यालय जलालाबाद में अपने व्यय पर अनुबन्ध करना होगा। नीलामी की शर्ते/शरायतें पालिका कार्यालय के कार्य दिवस में निःशुल्क देखी जा सकती है।

**ठेकों का विवरण निम्नवत् है :-**

| क्रमांक | मद ठेकाजात | अग्रिम जमानत राशि |
|---|---|---|
| 1. | ठेका प्राइवेट वाहन (पार्किंग शुल्क) नगर पालिका परिषद जलालाबाद | 200000.00 |
| 2. | ठेका लोडिंग-अनलोडिंग सम्पूर्ण नगर में। | 200000.00 |
| 3. | ठेका प्राइवेट वाहन (पार्किंग शुल्क) ई-रिक्शा, सम्पूर्ण नगर क्षेत्र। | 200000.00 |
| 4. | ठेका खोया (वजनकशी) | 200000.00 |
| 5. | ठेका चबेना (वजनकशी) | 200000.00 |
| 6. | ठेका मुर्दा मवेशी | 200000.00 |
| 7. | ठेका सार्वजनिक शौचालय सम्पूर्ण नगर में | 200000.00 |

**अधिशासी अधिकारी** **(शकील अहमद खाँ) अध्यक्ष**

## कार्यालय नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी बरेली

पत्रांक: 550/न.पं.फ.पू./2024-25 दिनांक 28.06.2024

**विज्ञप्ति**

**जीरो वेस्ट इवेन्ट के अन्तर्गत SOP**

नगर पंचायत फतेहगंज पूर्वी के समस्त सम्मानित नागरिकों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत नगर को ''गार्बेज फ्री'' बनाने हेतु प्रयासरत् हैं। इसके लिए नगर पंचायत द्वारा ''जीरो वेस्ट इवेंट'' के अन्तर्गत SOP निर्धारित की है। जिसमें आप सभी नागरिकों द्वारा आयोजित होने वाले व्यवसायिक/ऑफिसियल/धार्मिक/सामाजिक कार्यक्रम में निम्न कार्यवाही अपेक्षित है-

- स्वागत द्वार पर ''**यह स्वच्छ/जीरो वेस्ट कार्यक्रम है।**'' स्पष्ट रूप में लिखा होना चाहिए।
- प्लास्टिक के पलैक्सी, बैनर या साइनेज का प्रयोग नहीं करना है बल्कि उसके स्थान पर कपड़े, जूट तथा पेपर इत्यादि के पलैक्सी, बैनर या साइनेज का ही प्रयोग करना है।
- प्लास्टिक के बने फूल, सजावट के सामग्री का प्रयोग नहीं करना है उसके स्थान पर बायो डिग्रेडेवल पर्यावरण अनूकूल सजावट की सामग्री का प्रयोग करना है।
- किसी भी साइज के प्लास्टिक के बोतलों/ग्लास/कप/कटलरी/इत्यादि का प्रयोग नहीं करना है उसके स्थान पर बायो डिग्रेडेवल पर्यावरण अनूकूल तथा पुनः उपयोग होने वाले जैसे स्टील तथा कांच के ग्लास/कप/कटलरी का प्रयोग करना है।
- कुछ-कुछ दूरी पर हैण्ड सैनेटाइजर की व्यवस्था होनी चाहिए।
- हरे तथा नीले रंग का कूड़ेदान का जिस पर स्पष्ट रूप में नीला सूखा व हरा गीला/हर दिन दो बिन लिखित हो, का प्रयोग करेंगे। सभी कूड़ेदान समय-समय पर खाली करने होंगे तथा कूड़े को पृथक्कीकरण कर नगर पंचायत के कूड़ा वाहन को देंगे।
- वाश वेसिन पर **जल बचाओ-जल संरक्षण** सम्बन्धित स्लोगन लिखे जायेंगे।
- टायलेट्स सभी प्रकार के लिंग समूहों के अनूकूल होंगे तथा निम्न शर्तों का पालन करेंगे-
  - सभी ट्रायलेस्ट सीट साफ सुथरी होंगी तथा दिव्यांग जन अनूकूल भी होंगी।
  - ट्रायलेस्ट में पर्याप्त वेन्टीलेशन, प्रकाश की व्यवस्था, पानी की उपलब्धता तथा कुन्डी लगी होगी।
  - महिलाओं हेतु सैनेट्री वेन्डिंग मशीन व इन्सीरेटर हो हर सीट पर लाल रंग का डस्टबिन हो।
  - हैण्डवाश, सोप डिस्पेन्सर की पर्याप्त सुविधा हो।

**अधिशासी अधिकारी न.पं. फतेहगंज पूर्वी बरेली** **अध्यक्ष न.पं. फतेहगंज पूर्वी बरेली**


# गन्ने में दिखी सूड़ी, ड्रोन से किया गया छिड़काव

कार्यालय संवाददाता बदायूं



**अमृत विचार :** खेतों में गन्ना विकास परिषद और चीनी मिलों ने संयुक्त रूप से सर्वे किया। सर्वे के दौरान गन्ने में चोटी बेधक कीट देखा गया। उसको नष्ट करने के लिए ड्रोन से गन्ने पर छिड़काव कराया गया।

शुक्रवार को गन्ना विकास परिषद के अधिकारी और बिसौली की यदु शुगर मिल के अधिकारी ग्राम बल्लियां पहुंचे। खेत में खड़ी पेड़ी में रेड रोग एवं टॉप बोरर देखा गया। किसानों को कीटनाशक का प्रयोग करने की सलाह दी गई एवं मैकेनिकल कंट्रोल के लिए प्रभावित क्लंप को खेत से निकाल कर फेंक देने का सुझाव दिया गया।

बिसौली चीनी मिल के दूसरे गांव नगला झील में गन्ने की फसल का निरीक्षण किया गया यहां पर गन्ने के पत्ते पर सूड़ी देखी गई। इस सूड़ी को नष्ट करने के लिए कोरोजीन और एनपीके का छिड़काव ड्रोन से कराया गया। चीनी मिल करीमगंज के गांव बाबट में 0,238 गन्ने के खेत में निरीक्षण किया गया। रामवीर और लेखराज के खेतों में चोटी बेधक बीमारी के लक्षण देखे गए। सलाह दी ग कि जिस पौधे में सूड़ी है उस पौधे को खेत से उखाड़ कर बाहर फेंक दिया जाए।

# तीन अंतर्जनपदीय टप्पेबाजों को दबोचा

संवाददाता,एटा



टप्पेबाजों के बारे में जानकारी देते इंस्पेक्टर कोतवाली नगर अरुण कुमार पवार।

**अमृत विचार:** कोतवाली नगर पुलिस द्वारा लोगों को झांसे में देकर टप्पेबाजी करने वाले 3 अंतर्जनपदीय शातिर बदमाशों को 2,10,000 रुपये, 2 तमंचा 315 बोर, 6 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 1 मोटर साइकिल सहित गिरफ्तार किया। बदमाशों ने तीन घटनाओं का खुलासा किया है।

कोतवाली नगर प्रभारी अरुण कुमार पवार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मंडी स्थित महेश ढाबा के पास से आरिफ निवासी डोरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद, सहमत अली निवासी ग्राम डोरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद और शाहिद उर्फ बनिया निवासी ग्राम डोरी थाना नारखी जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर लिया। कब्जे से नगदी, तमंचा, कारतूस, बाइक बरामद की गई।

ये लोग शहर तथा आसपास की कालोनी, भीड़भाड़ वाले बाजारों में घूमकर लोगों को अपनी बातों में लेकर उनके कीमती सामान, रुपये, गहने की ठगी तथा चोरी कर लेते थे। पिछले साल दिसम्बर माह में तीनों ने थाना अलीगंज डाकखाने की दीवार काटकर चोरी की थी। जहां इन्होंने करीब 4 लाख रुपये चुराये थे। जीटी रोड स्थित घंटाघर से हाथरस के व्यक्ति से लूट की थी, शहर क्षेत्र में एक महिला से ठप्पेबाजी कर आभूषण लूटे थे। इसके अलावा टप्पेबाजी की घटनाओं के साथ साथ मौका पाकर चोरी व लूट की घटनाओं को भी अंजाम देते है। शाहिद के खिलाफ नौ, सहमत अली के खिलाफ चार, आरिफ के खिलाफ तीन मुकदमा विभिन्न धाराओं के अलग-अलग थानों में दर्ज हैं।

- **बदमाशों के कब्जे से नगदी तमंचा, कारतूस, बाइक बरामद**

# शनि जात के लिए की विशेष व्यवस्था

संवाददाता, जलेसर



बड़े मियां की दरगाह पर जात से पहले जुटी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आषाढ़ मास के प्रथम शनिवार पर जलेसर में छोटे मियां और बड़े मियां शनिदेव मंदिर पर जुड़ने वाली भीड़ को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सर्किल क्षेत्र के साथ-साथ जनपद के अन्य थानों से भी पुलिस की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन द्वारा दरगाह के अंदर संग्रह अमीन एवं लेखपालों की ड्यूटी लगाई गई है।

उप जिलाधिकारी राजकुमार मौर्य के अनुसार श्रद्धालुओं को असुविधा न हो उसके लिए जात स्थल के अंदर व बाहर संग्रह अमीनो एवं तहसील कर्मचारियों को लगाया जाएगा। गत दिवस उप जिला अधिकारी ने दरगाह एवं शनिदेव स्थल का निरीक्षण किया गया। क्षेत्राधिकारी पुलिस कृष्ण मुरारी दोहरे ने बताया की नगर प्रवेश के समस्त मार्गों पर बेरीकेटिंग की व्यवस्था की गई है, ताकि वाहनों का नगर में प्रवेश न हो सके। वाहनों की व्यवस्था नगर के बाहर ही रहेगी, वाहन स्वामी अपने अपने वाहनों को नगर के बाहर ही रखें, नगर में समस्याओं के निवारण हेतु सर्किल क्षेत्र में लगाने के लिए पुलिस फोर्स के साथ-साथ जनपद के अन्य थानों से भी पुलिस फोर्स बुलाया गया है ताकि व्यवस्था चाक चौबंद बनी रहे।

- **पुलिस के अलावा तहसील कर्मचारियों की लगाई गई डयूटी वाहन अंदर ले जाने पर प्रतिबंध**

### समाजसेवियों ने हिमाचल के राज्यपाल से की मुलाकात



**कासगंज, अमृत विचार :** कासगंज के सहावर तहसील क्षेत्र के बेहटा गांव के रहने वाले समाज सेवी साजिद अली व प्रयागराज के नारी सशक्तिकरण ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज अग्रहरी गुप्ता ने राज भवन पहुंचकर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला से मुलाकात की। नारी शक्ति को मजबूत करने और समाजिक कार्यों को बढ़ावा देने के लिए विचार-विमर्श किया।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने की चर्चा



युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष का सम्मान करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता,एटा

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया किसान यूनियन की राष्ट्रीय व प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय पर हुई। बैठक की अध्यक्षता जीवाराम लोधी ने की।

बैठक में किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कैलाश लोधी ने कहा कि किसानों की समस्याओं को दूर करने के लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है। संचालन कर रहे प्रदेश प्रभारी डॉ. गोकुल सिंह ने उत्तर प्रदेश के बुजुर्ग किसानों को प्रतिमाह 10 हजार रुपये पेंशन देने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि किसानों की फसलों का उचित मूल्य मिले।

प्रदेश उपाध्यक्ष मुनेश लोधी राजपूत ने कहा कि योजनाओं को किसानों तक पहुचाने का कार्य सरकार को करना चाहिए, किसानों के बिजली कनेक्शन काटे न जाये, किसान सयंत्रों को बिचौलियों से मुक्ति मिलनी चाहिए। ब्रज मण्डल अध्यक्ष अमित यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की दोगुनी आय के लिए तकनीकी जानकारी प्रशिक्षण के माध्यम से कराए। भगवती प्रसाद राजपूत ने कहा कि एटा जिले में किसानों के आलू और गेहूं का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है। जिले में सरकार चिप्स फेक्ट्री खुलबाये, तो किसानों को आलू का उचित मूल्य मिल सकता है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष प्रेम सिंह वर्मा ने युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर पूर्व सैनिक मनोहर सिंह को मनोनीत किया। प्रदेश संगठन मंत्री आरएस राना ने किसानों के हित में काम करने के लिए शपथ दिलाई।

अलीगढ़ मण्डल प्रभारी पवन कुमार गुप्ता, मण्डल संगठन मंत्री राय सिंह लोधी, मण्डल मंत्री अरुणेश कुमार लोधी, इंद्र पाल सिंह, राधेश्याम वर्मा प्रधान, विनोद कुमार, देवेन्द्र कुमार लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

### लेखपाल ने ली 15 हजार रिश्वत एंटी करप्शन टीम ने पकड़ा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम कोहना के रहने वाले रामलखन कश्यप पुत्र ओमकार कश्यप ने एंटी करप्शन बरेली से शिकायत की थी कि उन्होंने ग्राम कुंवरपुर में तालाब गाटा संख्या 127 रकवा 1.254 हेक्टेयर पट्टाशुदा भूमि की पैमाइश कराने के लिए आवेदन किया था। लेखपाल सौरभ गंगवार ने सदर तहसील के कई चक्कर लगवाए और 15 हजार रुपये की घूस मांगी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन बरेली मंडल के डिप्टी एसपी यशपाल सिंह ने निरीक्षक सुनील कुमार की अगुवाई में शुक्रवार को एक टीम पीलीभीत भेजी। दोपहर में ग्रामीण से कॉल कराकर लेखपाल को बुलवाया। सदर तहसील के बाहर पान की दुकान के पास लेखपाल ने जैसे ही रुपये लिए। एंटी करप्शन टीम ने पकड़ लिया और कोतवाली ले गई जहां काफी देर तक पूछताछ चलती रही। निरीक्षक सुनील कुमार की ओर से दी गई तहरीर पर एफआईआर दर्ज की गई।


## कार्यालय स्वास्थ्य विभाग नगर निगम, बरेली

**पुनः ई-निविदा सूचना**

पत्रांक 66/स्वा.वि./प.चि. एवं क.अधि./गौशाला/2024-25 दिनांक : 28.06.2024

नगर आयुक्त महोदया की स्वीकृति दिनांक 18.06.2024 के अनुपालन में नगर निगम बरेली के क्षेत्र से आवारा घूम रहे कुत्ते/कुत्तियों को पकड़कर बंधियाकरण व वैक्सीनेशन करके पकड़े गये स्थानों पर छोड़े जाने हेतु डवल विड पुनः ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है जो ई-निविदायें ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबासाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश संख्या-4848/नौ-5-2018-470 सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर 2018 के क्रम में निविदा मूल्य+GST डी.डी. के माध्यम से E-TENDER BNN@NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से ही देय होगी जिसकी व सुरक्षित धनराशि की एफ.डी.आर. की भी स्कैन कापी व अन्य सम्बन्धित प्रपत्र टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। व हार्ड कापी टेन्डर की दिनांक को विभाग में जमा करनी होगी जमानत राशि धनराशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी। सुरक्षित धनराशि 60,000/-रु. की (F.D.R.) टेण्डर अपलोड करते समय तथा 1,40,000/-रू. स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध करने से पूर्व में किया जाना अनिवार्य है। तथा एफ.डी.आर. नगर स्वास्थ्य अधिकारी नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है। ई-निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 29-06-2024 - (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 29-06-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 05-07-2024 - (03:00 PM) |
| तकनीकी ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 06-07-2024 - (11:00 AM) |
| वित्त ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | स्वीकृति उपरान्त |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क स्वीकृति उपरान्त | 18% GST | निविदा मूल्य 18% |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ए.बी.सी. योजना के अन्तर्गत नगर निगम बरेली क्षेत्र से आवारा घूम रहे कुत्ते एवं कुतियों (ए.वे. बोर्ड द्वारा समय-समय पर दी गयी गाइडलाइन्स के अनुसार) को पकड़कर उनका बंधियाकरण व वैक्सीनेशन करके उपचार उपरान्त पकड़े गये स्थानों पर छोड़े जाने हेतु दर जीएसटी सहित प्रति कुत्ता, कुतिया देनी है (लगभग 2000 कुत्ते, कुतियों का 2024-25 एक वर्ष में) | 60000.00 | 750.00 | 135.00 | 885.00 |

**पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, नगर निगम, बरेली।** **नगर स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम, बरेली।**

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज -------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा एक ऑरिजिनल बैनामा जिसकी दिनांक 19.07.2012 वही सं. -1, जिल्द सं. 5565, पृष्ठ सं. 387 से 408 पर क्रमांक 9228 जोकि सूरज पाल पुत्र नत्थू लाल, निवासी सिठौरा, बरेली में श्रीमती चन्दवती के नाम किया था, जिसका ऑरिजनल बैनामा कहीं खो गया है, जिसका प्रयोग पूर्णतया अवैध है। यदि किसी को आपत्ति है तो 15 दिन में सूचित करें। **बब्लु पुत्र श्री रामौतार, निवासी समसपुर, बरेली उ.प्र. - 243001 मो. 6397467319**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम त्रुटिवश Parul Yadav अंकित हो गया है जबकि वास्तव में मेरा नाम Paro Yadav है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम से जाना पहचाना जाए। **पारो यादव पत्नी स्व. अमित सिंह यादव नि. मोहल्ला तखान पीलीभीत।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी माँ रिजवाना बी, भाई मोहम्मद शाजमान व बहन फरहा नाज़ द्वारा गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में मेरा उनसे कोई सरोकार व वास्ता नहीं होगा। नशरा नाज़ पुत्री स्व. ग्यासुद्दीन निवासी मोहल्ला अशरफ खां, थाना कोतवाली, जिला पीलीभीत।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र विजय पाल व पुत्रवधू श्रीमती गंगाजली को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **बाबू राम पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम ऐना पोस्ट जोगीठेर, बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश मनोज कुमारी अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरा वास्तविक नाम सुशीला है। भविष्य में मुझे सुशीला के नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **सुशीला पत्नी श्री बब्लू निवासी ग्राम कुरतरा फतेहगंज पश्चिमी, जिला बरेली।**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र गौरव मिश्रा पुत्र स्व. राघवेन्द्र मिश्रा (मेरे पूर्व पति) व पुत्रवधु प्रीति मिश्रा को उनके गलत आचरण व गलत संगत के कारण उनसे तंग आकर अपने समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ये अपने कृत्यों व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता न होगा। **मीरा मिश्रा पत्नी सतानन्द मिश्रा (वर्तमान पति), निवासी ग्राम बिलपुर नई कालोनी, थाना फतेहगंज पूर्वी, तहसील फरीदपुर, जिला बरेली**

**ट्रेन्ड PRO की आवश्यकता है**
**मेडीहब अस्पताल**
निकट पुलिस चौकी, नकटिया, बरेली।
9760493901

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## एक नजर

### हैदराबाद पुलिस ने साइबर अपराध मामला 11 मिनट में सुलझाया

**हैदराबाद।** हैदराबाद शहर की साइबर अपराध पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को साइबर धोखाधड़ी में 18 लाख रुपये गंवाने से बचा लिया है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि अंबरपेट निवासी 31 वर्षीय व्यक्ति एक प्रतिष्ठित कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर कर्मचारी काम करता है और किसी ने उसके आईसीआईसीआई बैंक खाते से 18 लाख रुपये निकालने का मामला सामने आया था। पीड़ित व्यक्ति को एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने उसके पैसे हड़प लिए थे।

### बीएसएफ प्रमुख ने तैयारियों की समीक्षा की

**जम्मू।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर तैनात जवानों की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने जवानों के पेशेवर रुख और उनके समर्पण की सराहना की। बीएसएफ प्रमुख का 'जम्मू फ्रंटियर' का दौरा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिल्ली में एक उच्च-स्तरीय बैठक आयोजित करने के कुछ दिनों बाद हुआ है। शाह ने जम्मू-कश्मीर में कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने को कहा था।

### मणिपुर की रैली में हजारों लोग शामिल

**इंफाल।** मणिपुर में हजारों लोगों ने शुक्रवार को यहां एक रैली में भाग लिया और राज्य की क्षेत्रीय व प्रशासनिक अखंडता की मांग की। इंफाल के कई नागरिक समाज संगठनों ने साथ मिलकर इस रैली का आयोजन किया था। मणिपुर अखंडता समन्वय समिति (सीओसीओएमआई) के तत्वावधान में हुई रैली इंफाल पश्चिम जिले के थाउ मैदान से शुरू हुई और करीब चार किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद खुमान लम्पक स्टेडियम में समाप्त हुई। स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी, महिलाएं, युवा और गांवों के स्वयंसेवकों ने रैली में हिस्सा लिया और पड़ोसी देश म्यांमा से अवैध तौर पर घुसे प्रवासियों के खिलाफ नारे लगाए।

### शिंदे सेना नेता पर मामला दर्ज

**परली (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र पुलिस ने शुक्रवार को सत्तारूढ़ शिवसेना और विपक्षी राकांपा (एससीपी) के दो नेताओं के खिलाफ राज्य कृषि मंत्री धनंजय मुंडे के बारे में "आपत्तिजनक शब्दों" वाला एक ऑडियो क्लिप "जानबूझकर वायरल" करने का मामला दर्ज किया। परली सिटी पुलिस स्टेशन में शिवसेना शिंदे गुट के जिला प्रमुख कुंडलिक खांडे और एनसीपी (एससीपी) कार्यकर्ता शिवराज बांगर के खिलाफ दर्ज मामले में यह भी आरोप लगाया गया कि दोनों "दो जातियों के बीच दरार पैदा करने" की कोशिश कर रहे थे। एनसीपी-अजित पवार नेता वाल्मीक कराड ने शिकायत दर्ज कराई है कि मुंडे के बारे में "आपत्तिजनक शब्द" और "बर्बरता की भाषा का उपयोग करके" दोनों जातियों के बीच दरार पैदा करने का प्रयास किया गया है।

# एक जुलाई से प्रभाव में आएंगे तीन नए आपराधिक कानून

## देश के सभी 17,500 थाने आयोजित करेंगे विशेष कार्यक्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश के समस्त 17,500 पुलिस थाने एक जुलाई को एक विशेष आयोजन करेंगे जिसमें महिलाओं, छात्रों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों और प्रतिष्ठित हस्तियों को उस दिन प्रभाव में आने वाले तीन नए अपराध कानूनों की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इन नए कानूनों में भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 हैं जो एक जुलाई से प्रभाव में आएंगे। ये तीनों नए कानून ब्रिटिश कालीन कानूनों क्रमशः भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे। सूत्रों ने बताया कि इन तीन नये आपराधिक कानूनों के प्रभाव में आने के मौके पर एक जुलाई को सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के प्रत्येक पुलिस थाने में प्रभारी अधिकारी एक कार्यक्रम आयोजित करेंगे और इन नये कानूनों की प्रमुख विशेषताओं से लोगों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि थानों या किसी अन्य स्थान पर आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाएं, युवा, छात्र, वरिष्ठ नागरिक, सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, जानीमानी हस्तियां, स्वयं-सहायता समूहों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा स्थानीय शांति समितियों के सदस्य एवं शिक्षण संस्थान भी भाग लेंगे। पुलिस अनुसंधान और विकास ब्यूरो द्वारा संकलित पुलिस संगठन के एक आंकड़े के अनुसार देश में 17,500 से अधिक थाने हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के तहत संचालित सभी उच्च शिक्षण संस्थान एक जुलाई को सामूहिक चर्चा, कार्यशाला, संगोष्ठी आदि गतिविधियों का आयोजन करेंगे और नए कानूनों के उद्देश्यों को रेखांकित करेंगे।

इन तीन नए कानूनों में ऑनलाइन पुलिस शिकायत दर्ज होना, पेशी के लिए इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से समन भेजना, सभी जघन्य अपराधों के स्थानों की अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराना एवं 'जीरो' प्राथमिकी दर्ज करना जैसी प्रमुख विशेषताएं हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय अगले सप्ताह से इन तीन नए अपराध कानूनों को लागू करने के लिए कमर कस चुका है।

### बंगाल एसटीएफ ने संदिग्ध आतंकवादी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शुक्रवार को चेन्नई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिस पर बांग्लादेश के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन शहादत-ए-अल-हिकमा से जुड़े होने का आरोप है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। व्यक्ति की पहचान अनवर शेख के रूप में हुई है। वह चेन्नई में राजमिस्त्री का काम करता था। अधिकारी ने बताया, ''हम उसे कोलकाता वापस ला रहे हैं। आज हमने उसे चेन्नई की एक अदालत में पेश किया, जहां उसे ट्रांजिट रिमांड पर भेज दिया गया है।'' उन्होंने बताया कि शेख का नाम उसी संगठन के गिरफ्तार किए गए पांच लोगों से पूछताछ करने के बाद सामने आया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में कंप्यूटर विज्ञान का एक छात्र भी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि इन पांचों को पिछले सप्ताह पश्चिम बंगाल में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार किए गए सभी लोग आतंकी संगठन के लिए युवाओं को शामिल कर रहे थे।




गुरुग्राम में शुक्रवार को भारी बारिश के बाद जलजमाव वाले दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेसवे सर्विस रोड से गुजरते वाहन। ● एजेंसी

# हरियाणा के सरकारी स्कूलों के चार लाख से अधिक फर्जी छात्रों के खिलाफ सीबीआई ने दर्ज की प्राथमिकी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने हरियाणा के सरकारी स्कूलों में साल 2016 में पाए गए चार लाख फर्जी छात्रों के संबंध में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दो नवंबर 2019 को दिए गए आदेश के बाद इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपी गई थी। सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर कर दावा किया था कि इस मामले की जांच के लिए बड़ी संख्या में लोगों की आवश्यकता होगी और जांच का काम राज्य पुलिस को सौंपा जाना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने हाल ही में सीबीआई की यह याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद

● पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय ने सीबीआई को सौंपी थी जांच



जांच एजेंसी ने इस मामले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय को साल 2016 में बताया गया कि आंकड़ों के सत्यापन से यह खुलासा हुआ है कि हरियाणा के सरकारी स्कूलों की विभिन्न कक्षाओं में 22 लाख छात्र थे, लेकिन वास्तव में केवल 18 लाख छात्र ही पाए गए और जबकि चार लाखों छात्रों का प्रवेश फर्जी पाया गया। अदालत को यह भी बताया गया कि समाज के पिछड़े या गरीब वर्ग के छात्रों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा मध्याह्न भोजन योजना के तहत कुछ लाभ भी दिए गए। उच्च न्यायालय ने राज्य सतर्कता विभाग को चार लाख 'अस्तित्वहीन' छात्रों के संबंध में पैसों की हेराफेरी की जांच के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त करने का आदेश दिया था। सतर्कता ब्यूरो की अनुशंसा पर हरियाणा में इस मामले के संबंध में सात प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। उच्च न्यायालय ने साल 2019 में इस मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि इस मामले के संबंध में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी जांच 'बहुत धीमी' है। इसके बाद उसने उचित, गहन और त्वरित जांच के लिए यह मामला केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंप दिया। इसने राज्य सतर्कता विभाग को दो नवंबर, 2019 को अपने आदेश के एक सप्ताह के भीतर सभी दस्तावेज सौंपने को कहा था और सीबीआई को तीन महीने के भीतर एक रिपोर्ट दाखिल करने का भी आदेश दिया था।

### ईडी ने दायर की आबकारी नीति मामले में 9वीं चार्जशीट

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया और नौवां आरोपपत्र दायर किया और विनोद चौहान नाम के व्यक्ति को आरोपी बनाया। ईडी ने जांच के तहत मई में चौहान को गिरफ्तार किया था। सूत्रों ने कहा कि यहां धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत में नई और नौवीं अभियोजन शिकायत (आरोपपत्र) दायर की गई जिसमें आरोपी का नाम विनोद चौहान है। इस मामले में ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया वह 18वां व्यक्ति है। एजेंसी ने इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, बीआरएस नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता तथा कई शराब कारोबारियों और अन्य को भी हिरासत में लिया था। ईडी ने कविता की गिरफ्तारी के संबंध में चौहान की भूमिका का उल्लेख किया।

● विनोद चौहान नाम के व्यक्ति को बनाया आरोपी

### तेलंगाना की ग्लास फैक्टरी में विस्फोट पांच लोगों की मौत, 10 घायल

**हैदराबाद, एजेंसी**

तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में शुक्रवार को एक ग्लास फैक्टरी में हुए विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल ले जाया गया और उनमें से एक की हालत गंभीर बताई गई है। उन्होंने बताया कि यह घटना हैदराबाद से करीब 55 किलोमीटर दूर शादनगर स्थित फैक्टरी में शाम करीब साढ़े चार बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि फैक्टरी की भट्टी में विस्फोट हुआ और माना जा रहा है कि यह विस्फोट अत्यधिक गर्मी के कारण हुआ। विस्फोट जिस वक्त हुआ उस वक्त फैक्टरी में करीब 100 लोग मौजूद थे। टीवी फुटेज में घटनास्थल पर शवों के टुकड़े दूर तक बिखरे हुए दिखाई दिए। ट्रेड यूनियन के एक नेता ने दावा किया कि मृतकों में से अधिकतर उत्तर प्रदेश और बिहार समेत अन्य राज्यों के थे। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों से घायलों को अस्पताल पहुंचाने और उन्हें आवश्यक उपचार मुहैया कराने को कहा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि रेड्डी ने राजस्व, पुलिस, अग्निशमन, श्रम, उद्योग और स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों को घटनास्थल पर रहने और राहत उपायों का समन्वय करने का निर्देश दिया।

### नीट मामले में दो और अभियुक्तों की सीबीआई रिमांड का आदेश

**पटना, एजेंसी**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में जेल में बंद दो और अभियुक्तों को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत ने जेल में बंद अभियुक्त आशुतोष और मनीष से हिरासती पूछताछ के लिए 29 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर उन्हें 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर देना है। इससे पूर्व अदालत ने 26 जून 2024 को इस मामले के दो अन्य अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश से पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए एक सप्ताह के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया था। गौरतलब है कि केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी पर मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है।

# सदन में विपक्षी सदस्यों का आचरण बेहद पीड़ादायी : धनखड़

## राज्यसभा में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आसन के समक्ष आने को लेकर सभापति ने जताई नाराजगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक के स्वयं आसन के समक्ष आ जाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कहा कि वरिष्ठों के सदन में यह आचरण उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। सभापति धनखड़ ने कहा-सदन में (विपक्षी सदस्यों द्वारा) जिस तरह का आचरण किया गया, वह अविश्वसनीय है, वह मेरे लिए बेहद पीड़ादायी है।



उन्होंने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे वरिष्ठ नेता हैं, वह सदन में विपक्ष के नेता हैं, लेकिन वह आज आसन के समक्ष आ गए। सभापति ने कहा कि सदन में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक भी आसन के समक्ष आ गए। उन्होंने कहा-यह बेहद पीड़ादायी आचरण है। हमें नेता प्रतिपक्ष से ऐसे आचरण की उम्मीद करते हैं जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि-मेरे लिए जो बेहद पीड़ादायी बात है वह यह है कि उन्होंने बाहर जा कर भ्रामक बातें कहीं, बिल्कुल गलत बातें कहीं, बिल्कुल झूठ कहा। उन्होंने जो कहा वह विरोधाभासी है। सभापति ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा पर आघात पहुंचाया गया, उसे तार-तार किया गया और वरिष्ठों के सदन में यह सब उन्होंने किया जिनसे नेतृत्व की अपेक्षा की जाती है। इस पर विरोध जताते हुए विपक्षी सदस्य सदन से वाकआउट कर गए। इससे पहले सभापति कहा था कि नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे।

### सभापति ने विपक्ष से सौतेला व्यवहार किया : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि वह उच्च सदन में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) का विषय उठाना चाहते थे, लेकिन सभापति जगदीप धनखड़ ने उन्हें अपमानित करने के लिए जानबूझकर नजरअंदाज किया। खरगे ने यह दावा भी किया कि विपक्ष के प्रति सभापति का व्यवहार सौतेला था। उधर, राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों द्वारा नीट-यूजी परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार को घेरते हुए हंगामा किए जाने के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष खरगे स्वयं आसन के समक्ष आ गये जो पहले कभी नहीं हुआ। सभापति ने यह टिप्पणी उस समय की जब विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर हो रही चर्चा के दौरान लगातार हंगामा कर रहे थे। नीट-यूजी से जुड़ी कथित अनियमितताओं, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की 'नाकामी' और पेपर लीक से जुड़े मुद्दों पर विपक्षी सदस्य आज सुबह सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद से ही चर्चा कराने की मांग पर हंगामा कर रहे थे। बाद में खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि गत सात वर्षों में 70 पेपर लीक हुए हैं, करोड़ों युवाओं से मोदी सरकार ने विश्वासघात किया है।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर 21 करोड़ रुपये का मादक पदार्थ जब्त

**चेन्नई।** तमिलनाडु के चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर घाना से आई एक महिला हवाई यात्री के पास से 21 करोड़ रुपये मूल्य की दो किलोग्राम से अधिक कोकीन जब्त की गई है। सीमा शुल्क विभाग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पश्चिमी अफ्रीकी देश की रहने वाली महिला 26 जून को चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंची, जहां अधिकारियों ने उसे रोक लिया। चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त आर श्रीनिवास ने एक विज्ञप्ति में बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि महिला ने बैग और जूतों में पाउडर के रूप में मादक पदार्थ छिपा रखा था। स्वापक औषधि और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत महिला से 21 करोड़ रुपये मूल्य की 2,095 ग्राम कोकीन बरामद की गई। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और फिलहाल वह केंद्रीय कारागार, पुझल में बंद है।

● सीमा शुल्क विभाग ने दी जानकारी

### एनआईए ने गुजरात, महाराष्ट्र में कुछ परिसरों में की छापेमारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी के लिए पाकिस्तान से पैसे लेने के कुछ संदिग्ध लोगों के गुजरात और महाराष्ट्र स्थित ठिकानों पर शुक्रवार को छापेमारी की। पिछले साल जून में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने मामला दर्ज किया था, जिसमें यह छापेमारी की गई है।

एनआईए ने एक बयान में कहा कि एजेंसी ने जुलाई 2023 में दो आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया था, इसमें एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है, जो फरार है। इसके बाद तीन अन्य लोगों के खिलाफ दो और आरोपपत्र दायर किए गए। इनमें भी एक पाकिस्तानी नागरिक शामिल है। बयान के अनुसार एनआईए की जांच से पता चला है कि पाकिस्तानी नागरिकों ने जासूसी गिरोह के गिरफ्तार आरोपियों के साथ सहयोग किया था, जिसमें भारत में आतंकी हिंसा फैलाने की साजिश के तहत भारतीय नौसेना से संबंधित संवेदनशील/महत्वपूर्ण जानकारी लीक की जा रही थी। बयान के अनुसार, गोपनीय रक्षा जानकारी के लीक होने से संबंधित 2021 के विशाखापत्तनम पाकिस्तानी आईएसआई जासूसी मामले में शामिल संदिग्धों पर कार्रवाई करते हुए, एनआईए ने शुक्रवार को गुजरात और महाराष्ट्र में तीन स्थानों पर व्यापक छापेमारी की। माना जा रहा है कि संदिग्धों ने भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी करने के लिए पाकिस्तान से धन प्राप्त किया। इन संदिग्धों के तीन स्थानों पर स्थित परिसरों की एनआईए के दलों ने गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान मोबाइल फोन और दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्रियां जब्त की गईं।

एनआईए मामले में और अधिक कड़ियों का पता लगाने के लिए जब्त की गई सामग्रियों की जांच कर रही है। यह मामला मूल रूप से काउंटर इंटेलिजेंस सेल, आंध्र प्रदेश द्वारा 12 जनवरी, 2021 को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था।

**भारतीय रक्षा प्रतिष्ठानों की जासूसी का मामला**



### कर्नाटक में सड़क हादसे में 13 लोगों की मौत

**हावेरी (कर्नाटक), एजेंसी**

कर्नाटक के हावेरी में ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली चौक पर शुक्रवार तड़के ट्रक से एक वैन के टकरा जाने से उसमें सवार दो बच्चों सहित 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि इस हादसे में मारे गए दोनों बच्चे चार और छह साल के थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तड़के करीब पौने चार बजे उस समय हुई जब वैन हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वैन में कुल 17 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य लोगों को अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि चार घायलों में से दो लोग आईसीयू में भर्ती हैं। हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशु कुमार श्रीवास्तव ने कहा-पीड़ित चिंचोली मायाक्का देवस्थान से शिवमोगा जिले में अपने गांव येमेहट्टी जा रहे थे। ट्रक राजमार्ग के किनारे खड़ा था। वैन ने पीछे से ट्रक को टक्कर मार दी। जिससे बड़ा हादसा हो गया।

● सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई वैन, चार घायल

### गायों और बैलों की हत्या के मामले में 24 लोग गिरफ्तार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में पिछले सप्ताह गायों समेत 60 से अधिक गोवंशीय पशुओं की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए आठ आरोपी नागपुर के हैं और सांप्रदायिक उन्माद फैलाने के लिए इन पशुओं को मारने की साजिश रची गई थी। सिवनी के पिंडराई गांव के पास वैनगंगा नदी में 18 गायों के कटे हुए शव बरामद किये गये थे जबकि जिले के धूमा थानाक्षेत्र के काकरतला वन क्षेत्र में 19 और 20 जून को 28 गायों और बैलों के शव मिले थे।

### वीरशैव लिंगायत के धर्मगुरु ने मुख्यमंत्री पद समुदाय को देने की मांग की

**चिकोडी(कर्नाटक)।** वोक्कालिगा महंत द्वारा सार्वजनिक रूप से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से पद छोड़ने और उप मुख्यमंत्री डी.के.शिवकुमार के लिए मार्ग प्रशस्त करने की अपील करने के एक दिन बाद वीरशैव लिंगायत समुदाय के प्रमुख महंत ने शुक्रवार को अपील की कि मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में उनके समुदाय के मंत्रियों के नामों पर विचार किया जाए। श्रीशैल जगदगुरु चन्ना सिद्धर्म पंडितराध्याय स्वामीजी ने उप मुख्यमंत्री के और पद सृजित करने की स्थिति में वीरशैव-लिंगायत समुदाय के मंत्रियों को उक्त पद देने पर विचार करने की भी मांग की। उन्होंने रेखांकित किया कि राज्य में सरकार बनाने के लिए उनके समुदाय के मत अहम रहे हैं।

# चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया : मोदी

● प्रधानमंत्री ने लोजपा सांसदों से मुलाकात की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के सांसदों से मुलाकात की और कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और वह अपने पिता के सपनों को पूरा कर रहे हैं। चिराग पासवान लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान के बेटे हैं।

समाजवादी नेता रामविलास पासवान ने लोजपा का गठन किया था और उनके निधन के बाद पार्टी दो धड़ों में विभाजित हो गई थी। एक धड़े का नेतृत्व पूर्व केंद्रीय मंत्री व रामविलास पासवान के भाई पशुपति कुमार पारस कर रहे हैं, जबकि दूसरे धड़े का नेतृत्व चिराग पासवान के हाथों में है। दोनों ही धड़े राजग के सदस्य हैं। लोकसभा चुनाव के लिये सीट के बंटवारे को लेकर हुए समझौते के तहत भाजपा ने लोजपा (रामविलास) को पांच सीट दी थीं, जबकि पशुपति पारस नीत पार्टी को एक भी सीट नहीं दिया था। भाजपा पर अपनी पार्टी को नजरअंदाज करने का आरोप लगाते हुए पारस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, रामविलास पासवान जी मेरे बहुत प्रिय मित्र थे, जिनकी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि मुझे बहुत याद आती है। मुझे खुशी है कि चिराग पासवान ने खुद को योग्य साबित किया है और रामविलास जी के सपनों को पूरा कर रहे हैं।



केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने पार्टी सांसदों के साथ नई दिल्ली में एक बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। ● एजेंसी

आक्रोशपरिवादाभ्यां विहिंसन्त्यबुधा बुधान्।
वक्ता पापमुपादत्ते क्षममाणो विमुच्यते॥

मुर्ख लोग ज्ञानियों को बुरा-भला कहकर उन्हें दु:ख पहुंचाते हैं। इस पर भी ज्ञानीजन उन्हें माफ कर देते हैं। माफ करने वाला तो पाप से मुक्त हो जाता है और निंदक को पाप लगता है।

## संपादकीय

# बढ़ती विदेशी कमाई

हाल ही में आई विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, विप्रेषण के मामले में भारत अग्रणी देश बना हुआ है। विदेशों में कार्यरत भारतीयों ने 2023 में 120 अरब डॉलर की कमाई देश में भेजी थी। उसके बाद मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और पाकिस्तान हैं, जिन्हें क्रमशः 66, 50, 39 और 27 अरब डॉलर मिले हैं। गौरतलब है कि कुशल भारतीय कामगारों का सबसे बड़ा गंतव्य अमेरिका है। अन्य विकसित देशों के अलावा खाड़ी देशों में भी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी काम कर रहे हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि भारत में आने वाले विप्रेषण में 2024 में 3.7 प्रतिशत और 2025 में चार प्रतिशत बढ़ने की संभावना है। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भारतीय हैं। वे विभिन्न देशों के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जिसका एक संकेत हमें 7.5 प्रतिशत की दर से बढ़ती विप्रेषण राशि से मिलता है। अमेरिका के बाद सबसे अधिक कमाई संयुक्त अरब अमीरात से आई है, जो कुल विप्रेषण का 18 प्रतिशत है। इसके बाद सऊदी अरब, कुवैत, ओमान और कतर का स्थान है। संयुक्त अरब अमीरात और भारत के बीच अपनी मुद्राओं में लेन-देन की व्यवस्था होने से औपचारिक माध्यमों से अब अधिक विप्रेषण भेजा जा रहा है। अमीरात और सिंगापुर में यूपीआई भुगतान प्रणाली के चालू होने से कमाई भेजने का खर्च भी कम होगा और समय भी कम लगेगा। विप्रेषण के मामले में एक आशंका यह लगी रहती है कि बाहरी घटनाओं से इसमें कमी आ सकती है। प्रवासन और विप्रेषण आर्थिक और मानवीय विकास के महत्वपूर्ण कारक हैं। प्रवासी कामगार एक ओर अपनी प्रतिभा एवं परिश्रम से दूसरे देशों के विकास को गति देते हैं, वहीं दूसरी ओर वे अपने देश के विदेशी मुद्रा भंडार को समृद्ध बनाते हैं तथा अपने परिवार की उन्नति का आधार बनते हैं।

वैश्विक स्तर पर जहां कई देशों में श्रम की उपलब्धता का अभाव है, वहीं कई देशों में बेरोजगारी और कौशल की कमी है। भारत के अधिकतर कुशल कामगार अमेरिका और अन्य विकसित देशों में कार्यरत हैं तथा कम कुशल प्रवासी खाड़ी देशों में हैं। इस वितरण से बाहरी घटनाओं का असर कम होगा, इसलिए वैसी स्थिति में भी विप्रेषण में स्थिरता बनी रहेगी। बहुत से देश प्रबंधित प्रवासन को बढ़ावा दे रहे हैं। इसका लाभ भारत जैसे देशों को मिल रहा है। विप्रेषण बढ़ना निश्चित ही उत्साहजनक है, पर हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि हमारे कामगारों को जोखिम, शोषण, भेदभाव आदि का भी सामना करना पड़ता है। हाल ही में कुवैत में एक इमारत में आग लगने से कई भारतीय कामगारों की मौत हो गई। वहीं इटली में एक भारतीय श्रमिक को सड़क पर मरने के लिए छोड़ दिया गया। इस संबंध में हमारे दूतावास और उच्चायोगों के सक्रिय हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

# क्या संभव है संविधान को बदलना


डॉ. शैलेश सिंह
गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास।

संविधान को बदलना और संविधान में संशोधन करना दोनों में बहुत बड़ा अंतर है। लोकसभा में 400 सीटें मिलें तो एनडीए सरकार संविधान बदल देगी, प्रतिपक्ष इस मुद्दे के साथ चुनाव में गया और एक बड़ा विमर्श पूरे देश में खड़ा भी कर दिया, विपक्ष को इसका अत्यधिक लाभ भी हुआ। हालांकि बीजेपी ने इसका काउंटर करने का प्रयास किया, लेकिन चुनाव परिणाम के आधार पर कह सकते है वे इस विमर्श को तोड़ने में नाकाम रहे। भाजपा के कुछ उम्मीदवारों के बयान भी वायरल हुए, जिसका सार ये था कि "राज्य सभा और लोक सभा दोनों में बहुमत मिला तो भाजपा के पास संविधान में संशोधन करने की ताकत आ जाएगी।" इन बयानों के इतर भी पिछले कई सालों से कांग्रेस और विपक्ष के कई दल भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते रहे हैं। क्या संविधान में संशोधन किया जा सकता है और किया जा सकता है तो करने की शर्तें क्या हैं?

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

अब वापस चलते हैं दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी वाली बात पर। स्पेशल मेजॉरिटी बनाम सिंपल मेजॉरिटी। बिल पास करने के लिए संसद के दोनों सदनों में सिंपल मेजॉरिटी से काम चल जाता है। सिंपल मेजॉरिटी यानी बिल पर वोटिंग के दौरान लोकसभा और राज्यसभा में जितने मेंबर मौजूद हैं, उनमें से 50 प्रतिशत से ज्यादा लोग इसके पक्ष में वोट कर दें तो बिल पास। जैसे लोकसभा में कुल 543 सीट हैं, लेकिन मान लीजिए जिस दिन बिल पर वोटिंग हुई उस दिन सिर्फ 350 सांसद ही उपस्थित हों। ऐसा क्यों? जैसे स्कूल के क्लासरूम की टोटल स्ट्रेंथ 50 बच्चों की होती है, पर कोई न कोई अनुपस्थित हो जाता है। वैसा ही संसद में भी होता है। ऐसा बहुत रेयर होता है कि सारे के सारे सांसद उपस्थित हों। अब इन 350 सांसद में से अगर 176 या उससे ज्यादा सांसदों ने बिल के पक्ष में वोट कर दिया तो ये बिल लोकसभा में पास हो जाएगा। ऐसा ही राज्यसभा में भी होगा। ये तो हुई सिंपल मेजॉरिटी, लेकिन संविधान संसोधन के लिए स्पेशल मेजॉरिटी की जरूरत होती है। इसमें क्या होता है?

यहां गणित थोड़ी बदल जाती है। कैसे? मान लीजिए एक संविधान संशोधन बिल पेश हुआ अब ये बिल तभी पास होगा जब मौजूद सांसदों में से कम से कम दो तिहाई सासंद पक्ष में वोट डालेंगे और पक्ष में वोट डालने वाले सांसदों की संख्या लोकसभा में 272 और राज्यसभा में 123 से ज्यादा होगी। ये स्पेशल मेजॉरिटी है। इस मेजॉरिटी के जरिए, फंडामेंटल राइट्स, डायरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी। जैसे संविधान के कई हिस्सों को संशोधित किया जा सकता है। हालांकि हमारे संविधान के कुछ हिस्से ऐसे हैं, जिन्हें स्पेशल मेजॉरिटी से भी संशोधित नहीं किया जा सकता। अब यहां सवाल उठता है कि अगर ऐसे संविधान बदला जा सकता है तो क्या कोई सरकार जिसके पास स्पेशल मेजॉरिटी हो और राज्यों में भी उनकी सरकार हो, वो क्या पूरा का पूरा संविधान बदल सकती है? जवाब है नहीं, नहीं, नहीं।

"शिप ऑफ थीसीस" का नाम सुना होगा आपने, एक जहाज के सारे पुर्जे निकालकर अगर दूसरे पुर्जे लगा दिए जाएं, तो क्या वो तब भी वही जहाज रहेगा। विदित है कि इमरजेंसी के दौरान इंदिरा गांधी सरकार ने संविधान की प्रस्तावना में 42 वां संशोधन कर 1976 में सोशलिस्ट शब्द जुड़वां दिया था। ये संभव हुआ 42 वें संविधान संशोधन से। हालांकि इस संशोधन से ये इकलौता बदलाव नहीं हुआ। 42 वें संशोधन के जरिए इतने बदलाव किए गए कि लोगों ने इस संशोधन को ही एक मिनी कांस्टीट्यूशन का नाम दे दिया। इनमें शामिल थे कुछ बदलाव, जैसे सुप्रीम कोर्ट के जुअरिस्डिक्शन यानी अधिकार दायरे को कम करना। इस संशोधन के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट किसी भी संवैधानिक संशोधन के मामले में सुनवाई नहीं कर सकता था। (अगर सरकार ने कोई ऐसा संशोधन किया, जिससे देश के नागरिकों को समस्या है तो भी वो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकते हैं) इमरजेंसी की प्रॉसेस को आसन बनाया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट की ज्यूडिशियल रिव्यू की ताकत को कम किया गया। इमरजेंसी के बाद 1978 में जनता पार्टी की सरकार बनी। इस सरकार ने 44 वां संविधान संशोधन बिल पेश किया और इस संशोधन के जरिए 42 वें संशोधन की सभी गैर संविधानिक बातों को बदला गया। हालांकि इस कदम से ज्यादा महत्वपूर्ण है सुप्रीम कोर्ट का एक निर्णय जो इस 42 वें संशोधन से पहले आया था और इस निर्णय ने कई बार असंवैधानिक संशोधन से संविधान को बचाया। क्या था इस निर्णय में? एक बेहतरीन नियम। संविधान की मूल भावना से छेड़छाड़ करने वाला कोई भी संशोधन मान्य नहीं होगा। मूल भावना क्या है? डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर- साल 1973, देश का सबसे प्रसिद्ध संविधानिक केस, केशवनंदा भारती केस 13 जजों की बेंच और कुछ बेहतरीन जजमेंट्स। इसी केस से जन्म हुआ डॉक्ट्रिन ऑफ बेसिक स्ट्रक्चर का।

इसका मतलब है कि अगर सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के किसी भी हिस्से को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया तो उस हिस्सा का संशोधन नहीं किया जा सकता। समय के साथ सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के कई अलग-अलग हिस्सों को बेसिक स्ट्रक्चर घोषित किया। जैसे- फंडामेंटल राइट्स, सेकुलरिज्म, जुडिशल रिव्यु आदि। इसने संविधान को बदलने का स्कोप खत्म कर दिया, क्योंकि इसके कई सारे हिस्से बेसिक स्ट्रक्चर का हिस्सा हो गए हैं। बात बची संशोधन की वो भी आसान काम नहीं है। सबसे पहले तो बहुमत का नंबर जुटाना एक बहुत मुश्किल प्रक्रिया है और उसके बाद सुप्रीम कोर्ट की एक पैनी नजर से बचना भी असंभव है।

अगर 2024 के चुनावों में बीजेपी की लोकसभा में 400 सीट आ भी जाती तब भी वो राज्य सभा में स्पेशल मेजॉरिटी के नंबर से बहुत दूर है और कुछ संशोधन के मामलों में तो 50 प्रतिशत से ज्यादा राज्यों की मंजूरी भी चाहिए होती है। यानी दूसरे दलों का सहयोग जरूरी होगा। अगर ये सब हो भी जाए तब भी सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर सुनवाई की जा सकती है और सुप्रीम किसी भी संशोधन को असंवैधानिक घोषित कर सकता है।

368 संविधान का एक आर्टिकल है। इसमें संविधान के संशोधन का हिसाब किताब है। इसके हिसाब से संशोधन करने के लिए दो तरह की स्पेशल मेजॉरिटी चाहिए, लेकिन इसको समझने के लिए "फेडरलिज्म" का कॉन्सेप्ट भी समझना होगा। "फेडरलिज्म" यानी केंद्र और राज्य के बीच शक्तियों का बंटवारा। माने केंद्र राज्य के कामों में दखल न दे और राज्य केन्द्र के कामों में दखल न दे। भारत एक फेडरल देश है, लेकिन शक्तियों का बंटवारा बराबर नहीं है, यहां केंद्र के पास थोड़ी ज्यादा शक्तियां हैं। वैसे तो संविधान का ज्यादातर हिस्सा केंद्र अकेले संशोधित कर सकता है, पर कुछ हिस्सों को संशोधित करने के लिए राज्यों की अनुमति भी चहिए तो अब आपने फेडरलिज्म समझ लिया, ये आगे काम आएगा।

## प्रसंगवश

# गलत है भौतिकतावादी सोच


डॉ. सुधा मिश्रा
लखनऊ

भौतिकतावादी सोच वह मानसिकता है, जिसमें व्यक्ति भौतिक वस्त्रों, संपत्ति और धन को अपने जीवन में सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। फिर यह सोच उन पर इतनी हावी हो जाती है कि यही लोग अक्सर व्यक्तिगत सुख, संतोष और सामाजिक प्रतिष्ठा को भौतिक संपत्ति के माध्यम से प्राप्त करने का भरसक प्रयास करने लगते हैं। ऐसे लोग हमारे आसपास ही जीते जागते हम रोज मिल जाएंगे। इनकी संग्रह की मानसिकता इन्हें संपत्ति का संग्रह करने को विवश करने लगती है। इन्हें लगता है कि भौतिक वस्त्रों का संग्रह और उनकी बढ़ती संख्या से खुशी प्राप्त होगी और पूरा जीवन उसी के संग्रह पर लगा देतें हैं। ऐसी मानसिकता वाले लोगों में धन का महत्व इतना ज्यादा होता है कि पैसे को जीवन का मुख्य लक्ष्य मान ये कमाने के लिए किसी भी हद तक जाने की इच्छा रखने लगते हैं। सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दूसरों को नीचा दिखाने की होड़ में, दूसरों से बेहतर दिखने और उनसे अधिक संपत्ति रखने की होड़ में ये अपना सब कुछ बर्बाद कर देतें हैं। ऐसे लोगों में संतोष की कमी इतनी ज्यादा होती है कि इनके लिए भावनाएं दोयम दर्जे की हो जाती हैं। अधिक संपत्ति और धन के बावजूद भी आंतरिक संतोष और खुशी की कमी इनके जीवन को नारकीय बना देती है। ऐसा नहीं है कि इस मानसिकता के चलते अपने भौतिकतावादी सोच के चलते इनकी हानि न हो रही होती है, पर ऐसे लोगों को पता ही नहीं चलता कि उनके मानसिक तनाव का कारण उनकी अपनी सोच है, उनकी अधिक संपत्ति और धन पाने की होड़ मानसिक तनाव और अवसाद की संभावना को बढ़ा देती है।

समाज भी इसे अछूता नहीं रहता। समाज पर इसका प्रभाव बहुत ही हानिकारक होता है। समाज में असमानता बढ़ती है और लोगों के बीच ईर्ष्या और प्रतिस्पर्धा का माहौल बनता है। हम अगर सच में मानव होने का कर्तव्य पूरा करना चाहते हैं तो हमें भौतिकतावादी सोच के विपरीत, आध्यात्मिक और संतोषजनक जीवनशैली को अपनाना चाहिए, जिससे व्यक्ति आंतरिक शांति और वास्तविक खुशी प्राप्त कर सके। हम एक सुंदर माहौल वाले समाज की संरचना कर सकते हैं। जहां सबके बीच में समान भाव हो एक-दूसरे को नीचा दिखाना न हो।

# नेता विपक्ष का पद तय करेगा राहुल का सियासी भविष्य


डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है।

16 वीं और 17 वीं लोकसभा में नबंरों के लिहाज से कांग्रेस बीते 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में इतना पिछड़ गई थी कि उन्हें नेता प्रतिपक्ष का पद भी नसीब नहीं हुआ। नेता विपक्ष पद की बात तो दूर, पार्टी का भविष्य और अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया था। कम नंबर संख्या के कारण ही संसद में नेता विपक्ष की सीट भी रिक्त रही लेकिन, कहते हैं कि सियासत में चमत्कार की संभावनाएं अन्य क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा रहती हैं। किसके सितारे बुलंद हो जाए और किसके अचानक बुझ जाएं? इसका दामोदर सब कुछ जनता-जर्नादन के मूड और विचारों पर निर्भर रहता है?

बीते 2024 के आम चुनाव में हुआ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही? भाजपा 400 पार के नारे के साथ फिर से प्रचंड बहुमत में आने को पूरी तरह आश्वस्त थी, लेकिन जनता ने अस्वीकार कर दिया। मौका जरूर दिया, लेकिन आधा-अधूरा? हालांकि, कांग्रेस ने इस बार उम्मीद से कहीं बढ़कर बेहतरीन प्रदर्शन कर खुद को लड़ाई में बरकरार रखा। कांग्रेस हो या भाजपा प्रचंड जीत से बौराने की प्रवृति से सभी दलों को तौबा करना होगा। 2024 का जनादेश सभी के लिए सीख जैसा है। कांग्रेस को जनता ने नया जीवनदान दिया है। पिछली बार मात्र 52 सांसद ही जीतकर संसद पहुंचे थे, पर ये आंकड़ा इस दफे 99 तक पहुंचा है। तभी कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष के लिए दावेदार हुई है। अच्छे नंबरों से पास होने का ही नतीजा है कि नेता विपक्ष के लिए राहुल गांधी के नाम पर ताजपोशी होनी विपक्षी धड़े की ओर से मुकर्रर हुई है, पर जनता का संदेश पक्ष और विपक्ष दोनों के लिए बराबर है? बहरहाल गठबंधन राजनीति में नेता विपक्ष के पद को पूरे पांच वर्ष तक सुचारू रूप से यथावत रखना भी किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगा? पद पर आसीन होने वाले औहदेदार के लिए भी चुनौतियों की भरमार रहेंगी। उन्हें हर घड़ी अग्निपरीक्षा से गुजरना होगा।

नेता विपक्ष का पद राहुल गांधी की सियासी समझ की भी कठिन परीक्षा लेगा? क्योंकि सत्तापक्ष और देश की एक बड़ी आबादी अभी तक उन्हें सियासत का 10 वीं पास छात्र ही समझती रही है। दरअसल समझने के कई ताजा उदाहरण भी सामने मुंह खोले जो खड़े हैं। राहुल गांधी कई बार अपने सियासी प्रयोगों में विगत वर्षों में असफल हुए हैं इसलिए भी लोगों को थोड़ा बहुत संदेह अब भी है? उनके सियासी इतिहास के पन्ने खोले तो सामने एक विफलता भरी तस्वीर उभरती है कि वह कांग्रेस अध्यक्ष का पद भी अच्छे से निर्वाह नहीं कर सके, जिसके चलते उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। अमेठी से चुनाव भी हारे और अपनी अगुआई में पार्टी को चुनाव लड़ाकर से ज्यादा कुछ नहीं कर सके। कुल मिलाकर उनके हिस्से में सियासी असफलता की भरमार है, लेकिन इन गुजरे वर्षों में अच्छी बात ये रही कि लगातार हारने के बावजूद भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, सियासी मैदान में डटे रहे? खुद को साबित करने के लिए भारत जोड़ो यात्रा निकाली, जिसमें लोगों का समर्थन हासिल किया। यही कारण है, जनता ने उन पर थोड़ा भरोसा जताया है।

खैर, राजनीति में असफलता ज्यादा मायने नहीं रखती, कोई भी हार सकता है। इसलिए ये पुरानी और बेजान बातें ही हैं। अपने राजनीतिक करियर में राहुल गांधी पहली मर्तबा कोई संसदीय औहदा संभालने जा रहे हैं। 18 वीं लोकसभा में वह नेता विपक्ष की भूमिका में होंगे, जिसे इंडिया गठबंधन के तकरीबन सभी प्रमुख नेताओं ने अपनी स्वीकृति प्रदान की है। नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को दस साल बाद नसीब होगा। राहुल नेता विपक्ष बनने वाले गांधी परिवार से तीसरे सदस्य होंगे। उनके पहले उनके पिता तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी और सांसद माता सोनिया गांधी रह चुकी हैं।

प्रतिपक्ष भारतीय संसद के दोनों सदनों में, प्रत्येक में आधिकारिक विपक्ष का नेतृत्वकर्ता होता है। इसलिए नेता विपक्ष का औहदा अपने आप में बहुत मायने रखता है। प्रधानमंत्री जैसी एक तिहाई शक्तियां उन्हें प्रदान होती हैं। सुविधाएं केंद्रीय मंत्री से कहीं बढ़कर दी जाती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अपने तीसरे कार्यकाल में जो भी बड़े निर्णय लेंगे या संवैधानिक नियुक्तियां करेंगे उसमें नेता विपक्ष की भूमिका रहने वाले उस नेता की राय लिया करेंगे, जिन्हें चुनाव में उन्होंने ये भी कह दिया था कि 'कौन राहुल'? इसलिए इस बार की संसदीय प्रक्रिया बहुत दिलचस्प और टकराव भरी होने वाली है। इसमें चुनौती राहुल गांधी के समझ सबसे ज्यादा रहेंगी, क्योंकि जनता उनके दमखम को नेता विपक्ष के तौर पर परखेगी और भविष्य की राजनीति में उनके कद को तय करेगी।

## सोशल फोरम

# तानसेन की कविताई


ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त, आईपीएस

ग्वालियर के मुहम्मद गौस और वृंदावन के स्वामी हरिदास के शिष्य, सम्राट अकबर के दरबारी गायक और उनके नवरत्नों में से एक संगीत सम्राट तानसेन हमारे भारतीय शास्त्रीय संगीत के शिखर पुरुषों में एक रहे हैं। मध्यकालीन ऐतिहासिक दस्तावेज उनकी गायन प्रतिभा के उल्लेखों से भरे पड़े हैं। 'आईने अकबरी' के लेखक इतिहासकार अबुल फजल ने उनके बारे में कहा है-'पिछले एक हजार सालों में उनके जैसा गायक नहीं हुआ।' उनके गहरे मित्र और प्रशंसक भक्त कवि सूरदास ने उनके बारे में लिखा है-भलो भयो विधि ना दिए शेषनाग के कान/धरा मेरू सब डोलते तानसेन की तान! तानसेन का सांगीतिक व्यक्तित्व कुछ इतना बड़ा था कि उसके पीछे उनके व्यक्तित्व के दूसरे तमाम पहलू ओझल हो गए। बहुत कम लोगों को पता है कि ग्वालियर के पास एक छोटे से गांव बेहट के चरवाहे से सम्राट अकबर के दरबार के प्रमुख गायक के ओहदे तक पहुंचे तानसेन अपने समय के एक बेहतरीन कवि भी थे। रसखान की तरह कृष्ण की भक्ति में आकंठ डूबे हुए कवि। ज्यादातर इतिहासकार तानसेन के बहुआयामी व्यक्तित्व को उद्घाटित करने के बजाय उनकी धार्मिक आस्था के विवाद में ही उलझे रहे हैं। उनके कवि व्यक्तित्व के बारे में इतिहासकारों और साहित्य के आलोचकों द्वारा भी नहीं के बराबर लिखा गया। इसकी एक वजह शायद यह है कि कविकर्म तानसेन की महत्वाकांक्षाओं में शामिल नहीं रहा था।

वे स्वांतः सुखाय ही लिखते थे और आमतौर पर अपनी ही लिखी बंदिशें ही गाते थे। उनकी कविताओं का विषय उस दौर के दूसरे कवियों की तरह भक्ति होती थी। कृष्ण उनके प्रिय पात्र थे। कृष्ण के प्रति उनकी श्रद्धा और समर्पण को उस काल के अन्य कृष्णभक्त कवियों के समकक्ष रखकर देखा जा सकता है। उनकी काव्य कृतियों के नाम थे-रागमाला, संगीतसार और गणेश स्रोत्र। तानसेन द्वारा रचित ज्यादातर पद और दोहे अब विलुप्त प्रायः हैं, लेकिन उनके कुछ पद संगीत की पुरानी किताबों में अब भी सुरक्षित हैं। **– फेसबुक वॉल से**

# अमन पसंद इंसान


बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त आईजी पुलिस, उप्र.

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए।

1980 का मुरादाबाद का सांप्रदायिक दंगा रुकने का नाम नहीं ले रहा था। मंडल में दो बड़े कस्बे चंदौसी और धामपुर ही थे, जो दंगे से अप्रभावित थे, दोनों हिंदू बहुल थे। 19 या 20 अगस्त की रात्रि 9 बजे एक मिश्रित मोहल्ले में एक हिंदू के घर में धमाका हुआ, जिसमें तीन लोग हल्के घायल हुए। हम तत्काल फोर्स के साथ घटनास्थल पहुंचे। वहां घायल परिवार तथा पड़ोसी हिंदू पास के मुसलमानों पर बम फेंकने का आरोप लगा रहे थे तथा मुसलमान अपनी सफाई दे रहे थे।

भीड़ बढ़ रही थी। साथ ही सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा था। हमने पाया कि वह देशी बम था। मौके पर मुजम्मिल खां, राजेन्द्र कुमार जैन, हरिओम अग्रवाल, हंसराज बतरा तथा अन्य कई नेता आ गए या हमने बुलवा लिए। मौके पर कुछ स्थानीय पुलिस को छोड़कर हम घायल तथा कुछ नेताओं को लेकर थाने आकर जब रिपोर्ट लिखाने को कही तो उपस्थित हिंदू नेताओं ने वादी को समझाकर कहा कि जब उसने बम फेंकने वाले को देखा ही नहीं तो शंका पर गलत नामजदगी उचित नहीं। वादी ने अज्ञात मुलजिमों के विरुद्ध मुकदमा लिखाया। हमने उनकी मरहम पट्टी कराकर उन्हें घर भेज दिया। हम मुलजिम का पता लगा रहे थे कि इसी तरह की कई घटनाएं रातों में मोहल्ला बदल-बदल कर कभी हिंदू के घर कभी मुसलमान के घर होने लगीं। हर घटना में दोनों पक्षों की भीड़ जुटती, जबानी युद्ध और दूसरे संप्रदाय पर दोषारोपण होता। दोनों पक्षों के नेताओं की सहायता से मामला शांत कराया जाता। किसी मुकदमें में कोई नामजद नहीं हुआ और पुलिस झूठे मुल्जिम को गिरफ्तार करने से बच गई। हर घटना में देशी बम का प्रयोग हो रहा था और हम मुलजिम ढूंढ़ नहीं पा रहे थे। हमें डर था कि यदि इन बमबारी में कभी कोई मरा, तो दंगा अवश्य हो जाएगा। इन मामलों में मुजम्मिल खां तथा कुछ अन्य का महत्वपूर्ण योगदान था। वह हर मौके पर पहुंचकर अन्य के साथ दोनों पक्षों को समझाते व गलत नामजदगी से बचाते रहे। 15-20 दिन बाद एक दोपहर एक साधारण से व्यक्ति ने मेरे कार्यालय आकर बताया कि वह अमरोहा का मूल निवासी है व मुरादाबाद में रहता है। उसका एक पुराना मकान कोट मुहल्ले में है उसमें कोई नहीं रहता। जब वह ताला खोलकर घर में गया तो एक आलमारी में कुछ तंबाकू के डिब्बे वाले बम देखे। मैं उछल पड़ा। आज तक पुलिस एक भी बम बरामद नहीं कर सकी थी। मैं फोन पर निरीक्षक कोतवाली को उस स्थान पर बुलाकर उस व्यक्ति के साथ उसके मकान पर पहुंचकर देखा, मकान जीर्णशीर्ण था तथा ऊपरी छत कुछ टूटी थी। हमें उस आलमारी में 35 तंबाकू के डिब्बे वाले बम मिले, लेकिन किसने रखा, यह पता नहीं चल सका। बाद में पता चला मोहल्ले के हिंदुओं की जानकारी में बम आत्मसुरक्षा हेतु चोरी से रखा गया था।

हमनें प्रभावशाली व्यक्तियों की गोष्ठी कर यह बात समझाई कि बम रखना व फेकना बंद कराएं, कोई पक्ष दूसरे पक्ष पर आक्रमण नहीं कर पाएगा। तब तक हमें एक कंपनी सीमा सुरक्षा बल तथा फौज की एक टुकड़ी मिल चुकी थी, जिसका फ्लैग मार्च भी हो चुका था। तब से बमबारी बंद हुई, लेकिन हम सही अभियुक्त नहीं ढूंढ़ सके, यह हमारी बड़ी विफलता थी। मुरादाबाद के ईदगाह की घटना के विरोध में कुछ खुराफाती मुस्लिम नेताओं ने जुमे की नमाज के बाद किसी मस्जिद से शहर में विरोध मार्च निकालने के लिए योजना बनाई, जिसमें तय हुआ कि अमुक मस्जिद से दोपहर की जुमे की नमाज के बाद विरोध मार्च निकालकर एसडीएम को ज्ञापन दिया जाए। मीटिंग में शामिल मुजम्मिल खां ने वहां से लौटकर यह सूचना मुझे फोन से दे दी तथा नेताओं के नाम भी बता दिए। मैंने उन नेताओं को फोन कर बताया कि अमुक मस्जिद से कल नमाज बाद जुलूस निकालने की योजना है, जिससे कुछ गड़बड़ हो सकता है, आप जुमे की नमाज वहीं पढ़िएगा और सुनिश्चित करिएगा कि जुलूस न निकले। उन नेताओं के जुमे की नमाज में शामिल होने से तथा वहां पुलिस प्रबंध होने से जुलूस नहीं निकल सका। यह प्रयास अगले दो जुमा में भी हुआ, लेकिन मुजम्मिल खां की सूचना के कारण हम हर बार सतर्क रहे और जुलूस नहीं निकल सका। बाद की उनकी मीटिंग में लोगों ने यह प्लान लीक करने का आरोप मुजम्मिल खां पर लगाया। मुजम्मिल खां ने आरोप स्वीकार करते हुए कहा कि वह किसी भी ऐसी योजना का साथ नहीं देंगें, जो शहर में अशांति पैदा करे। खां प्रभावशाली व साहसी व्यक्ति थे, उनका सामने से कोई विरोध न कर सका।

प्रतिदिन की तरह ही एक रात 12 बजे मुजम्मिल खां अपने सहयोगियों के साथ रात्रि गस्त कर कोतवाली आए और हमारे साथ बातकर अपनी जीप से घर चले गए। आधे घंटे बाद एक व्यक्ति दौड़ता हुआ कोतवाली आकर बताता है कि मुजम्मिल खां तथा विधायक खुर्शीद अहमद के भाई में झगड़ा हो रहा है। मैं निरीक्षक मय फोर्स के वहां पहुंचे तो पाया कि उस मुस्लिम मुहल्ले में लगभग 150 व्यक्ति एकत्र हैं और खां अपनी रायफल ताने विधायक के भाई को गाली दे रहे थे। पूछने पर बोले कि यह गरीब मुसलमानों को बरगला कर झगड़ा कराने की बात कर रहा था। मेरे समझाने पर मुझे कौम का गद्दार कहा। उन्होंने उपस्थित मुस्लिमों को बताया कि दंगें होने पर वही लोग मरेंगे, पुलिस मुकदमा भी करेगी और यह विधायक का भाई बच जाएगा। हमने लोगों को समझाकर घर भेजकर खां साहब को भी घर भेजा। ऐसे थे मुजम्मिल भाई।

# शासन के दबाव में न लागू हो धारा


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सीआरपीसी एक प्रक्रिया संहिता है, जिसमें लोक व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट को कुछ शक्तियां दी गई हैं। इन शक्तियों का प्रयोग कर पुलिस और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपराध होने की आशंका मात्र पर उसे रोकने के लिए कार्यवाही कर सकते हैं।

सीआरपीसी की एक ऐसी ही बहुचर्चित धारा है, धारा-144। इस धारा के अंतर्गत उपताप या आशंकित खतरे के अत्यावश्यक मामलों में जिला मजिस्ट्रेट या अन्य कार्यपालक मजिस्ट्रेट स्थिति के शीघ्र उपचार के लिए आदेश जारी कर सकता है। आदेश जारी करने का आधार विधिपूर्वक कार्यरत किसी व्यक्ति को बाधा या क्षति की आशंका या मानव जीवन, स्वास्थ्य को खतरा हो, लोक शांति भंग की आशंका हो या के दंगे या बलवे की स्थितियां हो तो उनका निवारण हो जाए, हो सकता है।

सामान्य जन धारा-144 को इस रूप में जानते हैं कि इसके लागू होने के बाद चार से अधिक लोग किसी लोक स्थान पर एकत्र नहीं हो सकते। यदि लोक शांति को खतरा हो, दंगे या बलवे की आशंका हो तो मजिस्ट्रेट इस आशय का आदेश जारी कर सकता है, परंतु इसमें सिद्धांत और व्यवहार का फर्क रहता है। ये आदेश कर्फ्यू के आदेश से भिन्न होता है। ये आदेश संभावित खतरे से निपटने के लिए जारी किया गया है लिहाजा कार्य व्यापार सब पूर्व की भांति चलते रहते हैं।

पुलिस को अगर लगता है के स्थान विशेष पर अधिक लोगों का एकत्र होना लोक शांति के लिए उचित नहीं है तो पुलिस लोगों को वहां से हटने के लिए आदेशित कर सकती है। इस धारा के अधीन जारी कोई भी आदेश दो महीने तक लागू रहता है। उसके बाद स्वत समाप्त हो जाता है जब तक के उसे पुनः अतिरिक्त अवधि के लिए बढ़ाया न जाए। 1 जुलाई 2024 से सीआरपीसी के स्थान भारतीय नागरिक संहिता लागू हो जाएगी। नई संहिता में सीआरपीसी की धारा-144 बिना किसी मूलभूत बदलाव के धारा-163 हो जाएगी। हमारा मानना है कि इस धारा का प्रयोग तभी किया जाना चाहिए जब परिस्थितियां इसके लिए उचित हों न कि शासन के दबाव में लोकतांत्रिक विरोध को कुचलने के लिए। क्या जनहित में बार-बार इस धारा का उपयोग उचित है?

### बच्चे की हालत बिगड़ी तो बुलाने पर भी सोते रहे डॉक्टर और नर्स मोबाइल पर खेलती रही

# केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में नर्स ने यूट्यूब देखकर की डायलिसिस, बच्चे की गई जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन के गिड़गिड़ाने और गुहार लगाने का वीडियो वायरल
- केजीएमयू प्रशासन ने डॉक्टर, स्टाफ की लिखित शिकायत की

**अमृत विचार :** केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर के पीआईसीयू वार्ड में डायलिसिस के दौरान लापरवाही बरतने से बच्चे के गले में गंदगी फंस गई। सांस लेने में दिक्कत होने पर परिजन ने स्टाफ से गुहार लगाई। विश्राम कक्ष जाकर गिड़गिड़ाए लेकिन वहां सो रहे डॉक्टर नहीं उठे, नर्स मोबाइल पर खेलती रही।

परिजन के गिड़गिड़ाने पर मरीज को देखने के बजाए स्टाफ हंसता रहा। कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। लापरवाही के आक्रोशित परिजन ने अस्पताल में हंगामा किया। उन्होंने केजीएमयू प्रशासन से डॉक्टरों और स्टाफ की लिखित शिकायत भी की है। गोरखपुर के नंदानगर निवासी जीतेंद्र यादव शटरिंग का काम करते हैं। उनके बेटे अभ्युदय (9 माह) के शरीर पर रैशेज पड़ गए थे। जीतेंद्र ने बेटे को डॉक्टर माला कुमार की देखरेख में 28 मई को जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के पीडियाट्रिक वार्ड में भर्ती कराया था। करीब एक सप्ताह बाद उसे छुट्टी दे दी गई। बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ था। कुछ दिनों बाद ही निमोनिया की शिकायत हुई। परिजन बच्चे को दोबारा से 6 जून को केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर लाए। यहां आईसीयू में बेड खाली न होने की वजह बता कर


अभ्युदय जिसकी जान गई।


डायलिसिस यूनिट में मोबाइल चलाते हुए नर्स।

लौटा दिया गया। परिजन उसे लेकर गोमतीनगर स्थिति निजी अस्पताल ले गए। पिता के मुताबिक यहां पैसे अधिक लग रहे थे। इसके बाद 14 जून को ट्रॉमा के पीडियाट्रिक वार्ड के पीआईसीयू में भर्ती कराया।

मामा प्रवीण यादव ने बताया कि हालत बिगड़ने पर डॉक्टर ने 72 घंटे की डायलिसिस की सलाह दी। इसके लिए 28-28 हजार कीमत की दो किट और 17 हजार का डायलिसिस में इस्तेमाल होने वाला पानी मंगाया। आरोप है कि गुरुवार रात नर्स ने यू ट्यूब पर देखकर डायलिसिस मशीन को ऑपरेट किया। बच्चे के शरीर का खून मशीन में जाने के बाद मशीन बंद हो गई। वापस खून बच्चे के शरीर में नहीं जा सका। काफी खून अलग बह गया, उसे स्टाफ ने कूड़े में फेंकवा दिया।

डायलिसिस में लापरवाही से गुरुवार रात करीब दो बजे बच्चे के गले में गंदगी फंस गई। इससे उसकी सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजन ने स्टाफ से गुहार लगाई। विश्राम कक्ष जाकर गिड़गिड़ाते रहे, लेकिन सो रहे डॉक्टर नहीं उठे। नर्स मोबाइल पर खेलती रही। परिजन के गिड़गिड़ाने पर स्टाफ हंसता रहा। कोई सक्शन (गंदगी को मशीन से निकालने) करने भी नहीं आया। परिजन ने खुद ही सक्शन किया। कुछ देर बाद बच्चे ने दम तोड़ दिया। इकलौते बेटे की मौत से मां बबिता रोते-रोते कई बार बेहोश हो गई।

#### दरोगा बोला, शिकायत करोगे तो शव लावारिस में कर देंगे

परिजन का कहना है कि डॉक्टरों की लापरवाही का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर मदद की गुहार लगाई। मौके पर पहुंचे जिम्मेदारों ने आईसीयू में वीडियो बनाने पर कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर वीडियो डिलीट करने का दबाव डाला। पुलिस ने तीमारदारों को फटकारा। एक दरोगा ने कहा कि शिकायत करोगे तो बच्चे के शव को लावारिस में दाखिल कर दिया जाएगा। परिजन लापरवाही का आरोप लगाकर केजीएमयू प्रशासन से लिखित शिकायत की है। शिकायत में जिम्मेदार डॉक्टरों व स्टाफ का नाम भी लिखा गया है।

#### वायरल वीडियो में गिड़गिड़ाते दिख रहे परिजन

डॉक्टर साहब बच्चे की सांसें उखड़ रहीं हैं, पल्स रेट तेजी से गिर रहा है उसकी जान बचाइए, सिस्टर आप ही देख लीजिए, अरे कोई तो सुनो, मासूम की मदद करिए नहीं तो वो मर जाएगा। शोर होने पर अन्य मरीजों के परिजन की नींद खुल गई, वह पीआईसीयू पहुंचे गए, लेकिन विश्राम कक्ष से में सो रहे डॉक्टरों नहीं आए।

> बच्चा गंभीर हालत में लाया गया था। उसमें बुखार, डायरिया, निमोनिया, पैंसिटोपेनिया के लक्षण थे। उसकी हालत लगातार गंभीर होते जा रही थी। उसकी स्थिति की जानकारी भी परिजनों को दी जा रही थी। गुर्दे खराब होने के दशा में डायलिसिस किया गया। वेंटिलेटर सपोर्ट पर भी रखा गया। लेकिन कार्डियक अरेस्ट होने से उसे बचाया नहीं जा सका। **- डॉ. सुधीर सिंह,** प्रवक्ता केजीएमयू

## कई आईएएस और आईपीएस बदले

- बृजेश सिंह बदायूं के कप्तान बने

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने शुक्रवार को भी कई आईएएस और आईपीएस के तबादले किए हैं। इनमें से प्रवीण कुमार लक्षकार को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। राजगणपति आर को सिद्धार्थनगर का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं सिद्धार्थनगर के जिलाधिकारी रहे पवन अग्रवाल को बलरामपुर का डीएम बनाया गया है। आईएएस मदन सिंह गर्बियाल को कानपुर नगर आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। वहीं आईपीएस आनंद प्रकाश तिवारी उप्र. से आसाम वापस भेजे गए हैं। बृजेश सिंह को एटीएस से स्थानांतरित कर बदायूं का कप्तान बनाया गया है। 2004 बैच के आईपीएस अधिकारी आनंद प्रकाश असम कॉडर के अधिकारी थे। बलरामपुर के कप्तान केशव कुमार को हटाकर वेटिंग में डाल दिया गया है।

## शिक्षकों की मांगों के लिए आंदोलन करेगा माध्यमिक शिक्षक संघ

**लखनऊ, अमृत विचारः** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पुरानी पेंशन बहाली, आठवें वेतन आयोग गठन समेत कई मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का एलान किया गया। पहले जिला मुख्याल, फिर मंडल मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन होगा। इसके बाद भी सरकार ने मांगें पूरी नहीं की तो 2 दिसंबर से जेल भरो आंदोलन किया जाएगा। एलएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल सदन में शिक्षकों के हित में आवाज उठाएंगे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक शुक्रवार को प्रांतीय कार्यालय पर हुई। अध्यक्षता कर रहे प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने बताया कि पुरानी पेंशन की बहाली, आठवें वेतन आयोग के गठन, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित कराने, वित्त विहीन को मानदेय दिलाने, विषय विशेषज्ञ की सेवा जोड़ते हुए पुरानी पेंशन का लाभ दिलाने समेत कई मांगों को लेकर प्रदेश भर में 3 से 14 जुलाई तक संघर्ष संपर्क कार्यक्रम चलाया जाएगा।

# दहेज के मामलों में मनमाने रूप से हत्या की धारा जोड़ना गंभीर

### बिना किसी ठोस साक्ष्य केआरोपों का निर्धारण गलतः हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश की ट्रायल कोर्ट के न्यायाधीशों द्वारा दहेज हत्या और दहेज से संबंधित अमानवीय व्यवहार से जुड़े मामलों में बिना किसी ठोस साक्ष्य के आईपीसी की धारा 302 को नियमित और यांत्रिक रूप से जोड़ने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि दहेज और दहेज हत्या से जुड़े मामलों में 302 को जोड़ना गंभीर और अधिक गंभीर समस्या बनती जा रही है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्यों की प्रकृति के आधार पर आरोप तय किए जाते हैं, न कि केवल हवा में या मनमाने ढंग से आरोपों का निर्धारण किया जाना चाहिए, जबकि निचली अदालतें कानून के आदेशों या किसी गलत धारणा के तहत बिना किसी ठोस सामग्री के वैकल्पिक आरोप



के रूप में धारा 302 को जोड़ती जा रही हैं, जिससे आरोपी के लिए विनाशकारी परिणाम हो रहे हैं।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य जब धारा 302 के तहत आरोप तय करने का समर्थन करते हैं, तभी ट्रायल कोर्ट को हत्या का आरोप तय करना चाहिए। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने राम मिलन बुनकर की अपील को स्वीकार करते हुए पारित किया और सभी आक्षेपित निर्णयों को रद कर दिया। इसके अलावा अभियुक्त के खिलाफ लगाए गए आरोपों को फिर से तय करने के बाद सभी मामलों को फिर से सुनवाई के लिए संबंधित सत्र न्यायालय को वापस भेज दिया तथा किसी भी पक्ष को अनुचित स्थगन दिए बिना 31 दिसंबर 2024 तक मामले की सुनवाई पूर्ण करने का निर्देश दिया।

सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2010 में एक मामले में सभी अधीनस्थ न्यायालयों को निर्देश दिया था कि वह धारा 304 बी के आरोप में धारा 302 को भी जोड़ें, जिससे महिलाओं के खिलाफ बर्बर अपराधों में मौत की सजा दी जा सके। हालांकि वर्ष 2013 में जसविंदर सैनी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया था कि जिन मामलों में दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है अगर साक्ष्य अनुमति देते हैं तो धारा 302 के तहत भी आरोप तय किया जा सकता है। संभवतः वर्तमान मामले में ट्रायल कोर्ट ने उक्त आधार पर ही धारा 302 के तहत औचित्य न होने के बावजूद हत्या के आरोप जोड़ दिए।

# वीडियो फुटेज, ऑडियो रिकार्डिंग कोर्ट में होगा मंजूर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023, 1 जुलाई से होगा लागू 170 धाराओं का प्रावधान

**अमृत विचार :** 1 जुलाई से भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएगा। इसमें जांच के दौरान घटना स्थल का वीडियो फुटेज और गवाहों की ऑडियो-वीडियो रिकार्डिंग कोर्ट में मंजूर होगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में काफी बदलाव किया है। नए कानून में 170 धाराएं हैं, जबकि पुरानी में 167 धाराएं थी।

नए अधिनियम में सुविधा दी गई है कि अदालत में इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल साक्ष्य पेश किए जा सकेंगे। जिनमें स्मार्टफोन, लैपटॉप, एसएमएस, वेबसाइट, मेल, इलेक्ट्रानिक उपकरण, कंप्यूटर, डिजिटल रिकॉर्ड, ईमेल और सर्वर लॉग को पेश और स्वीकृत किया जा सकेगा। इनकी मान्यता कागज में रखे जाने वाले रिकार्ड के बराबर होगी। नए कानून के तहत केस डायरी, एफआईआर, आरोप पत्र और प्रकरण से संबंधित सभी जानकारी का डिजिटिलाइजेशन किया जाएगा। 1 जुलाई से लागू हो रहे तीन नये कानूनों में से एक भारतीय साक्ष्य अधिनियम के लागू होने पर इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य कोर्ट में दस्तावेज के रूप में मान्य होंगे। नये कानून में इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को दस्तावेज जबकि इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त बयान को साक्ष्य के रूप में परिभाषित किया गया है। इससे इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड को कानूनी स्वीकार्यता और वैधता मिल गयी है। पुलिस ने मुख्यालय से लेकर थाना स्तर के पुलिस अधिकारियों को नये कानूनों के संबंध में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया है।

#### डिजिटल रिकॉर्ड से कोर्ट आसानी से लेगा निर्णय

भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए इसमें इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर पर उपलब्ध दस्तावेज, स्मार्टफोन या लैपटॉप के संदेश, वेबसाइट और लोकेशनल साक्ष्य को भी शामिल किया गया है। इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को प्राथमिक साक्ष्य के रूप में मानने के लिए और अधिक मानक जोड़े गये हैं। स्मार्टफोन से घटनास्थल की रिकॉर्डिंग, लैपटॉप से ई-फाइलिंग नये कानून के लागू होने पर अभियुक्तों पर लगे आरोप प्रमाणित करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल साक्ष्यों की अहमियत बढ़ जायेगी। इससे न्यायालय के स्तर पर निर्णय लेने में आसानी और फैसले में कम समय लगने की उम्मीद है। सभी जांच पदाधिकारी स्मार्टफोन और लैपटॉप से लैस किया गया है। पुलिस अधिकारियों को स्मार्टफोन की मदद से घटनास्थल पर वीडियो रिकॉर्डिंग, फोटोग्राफ, गवाहों के बयान के माध्यम से साक्ष्य इकट्ठा करना होगा। साथ ही लैपटॉप की मदद से पुलिस नेटवर्क और न्यायिक नेटवर्क से जुड़ने की सुविधा मिलेगी। नए कानून को आसानी से लागू करने के लिए राजधानी के सभी थाना प्रभारियों को 112 के प्रशिक्षण हाल में प्रशिक्षित किया जा चुका है। तीन दिन के विशेष शिविर में पुलिस के उच्चाधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी। वहीं दरोगा, मुख्य आरक्षी और आरक्षी को प्रशिक्षित करने के लिए सुल्तानपुर पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में टुकड़ियों में बांटकर नए कानून की जानकारी दी जा रही है। इस प्रशिक्षण शिविर में भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 में दस्तावेजों की परिभाषा का विस्तार करते हुए इसमें इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकार्ड, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कंप्यूटर पर उपलब्ध दस्तावेज, स्मार्टफोन या लैपटॉप के संदेश, वेबसाइट और लोकेशनल साक्ष्य को भी शामिल किया गया है।

## भिखारी को कार में जलाने के मामले में एक आरोपी 17 वर्ष बाद गिरफ्तार

आगरा, एजेंसी

- बीमे के 60 लाख की रकम पाने को रची गई थी साजिश

जिले के रकाबगंज में एक भिखारी को कार में जलाने के 17वर्ष पुराने मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बीमे की रकम पाने के लिए एक भिखारी को कार में अपने कपड़े पहनाकर जिंदा जला दिया था। अहमदाबाद की अपराध शाखा ने नवंबर 2023 में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार करके मामले का खुलासा किया था और अब रकाबगंज पुलिस ने इसी मामले में मुख्य आरोपी के पिता को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक 30 जुलाई 2006 को एक कार आगरा के किले के सामने टक्कर रोड पर खंभे से टकरायी थी और उसमें भीषण आग लगी थी। इस घटना में चालक सीट पर बैठा युवक जिंदा जल गया था।

पुलिस ने बताया कि कार के नंबर के आधार पर पुलिस ने भट्टा परसौल निवासी विजय सिंह से संपर्क किया था, जिसके बाद वह आगरा आये और उन्होंने शव की शिनाख्त अपने बेटे अनिल के तौर पर की। अनिल की ट्रेवल एजेंसी थी और उसका करीब 60 लाख रुपये का बीमा था। मृत्यु प्रमाण पत्र बनने के बाद बीमा राशि ले ली गयी। अनिल वास्तव में कार दुर्घटना में मरा नहीं था और अहमदाबाद में पहचान छिपाकर रहने लगा था। पुलिस ने मुख्य आरोपी के पिता विजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बीमा के पैसे पाने के लिए अनिल और उसके परिवार ने साजिश के तहत अनिल ने एक भिखारी को खाना खाने के लिए बुलाया, उसे खाना खिलाया और पहनने को अपने कपड़े भी दिए। खाने में बेहोशी की दवा थी जिससे भिखारी बेहोश हो गया। इसके बाद आरोपियों ने उसे कार की ड्राइविंग सीट पर बैठाया और कार को जला दिया।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का चुनाव आज

**लखनऊ, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय चुनाव की प्रक्रिया शनिवार पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू हो जाएगी। मोतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में चुनाव होगा। 29 और 30 जून को होने वाले प्रदेश के 21वें त्रैवार्षिक निर्वाचन में भाग लेने के लिए प्रदेश के विभिन्न जनपदों से व्यापारी प्रतिनिधियों का आने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसमें करीब 1,000 व्यापारी 102 पदों पर अपने प्रत्याशियों के लिए नामांकन भरेंगे। देर शाम तक अधिकांश पदों पर फैसला हो जाएगा। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि प्रांतीय निर्वाचन में शामिल होने के लिए आज से कई जनपदों के प्रतिनिधि लखनऊ पहुंच गये हैं। प्रांतीय कार्यालय में बैठक कर शनिवार को होने वाले चुनाव की रूपरेखा तय की गई।

## अवैध संबंध के शक में भाई ने बहन की कुल्हाड़ी से काटकर की हत्या

संवाददाता, सफदरगंज, बाराबंकी

- आरोपी ने पुलिस को खुद जाकर दी सूचना, गिरफ्तार

**अमृत विचारः** स्थानीय कस्बे के नई बस्ती में अवैध संबंध के शक में शुक्रवार की भोर में भाई ने सोते समय बहन की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद थाने जाकर घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आरोपी भाई को गिरफ्तार कर लिया है।


मृतका जमीला बानो।

सफदरगंज थाना व कस्बा के मोहल्ला नई बस्ती में रहने वाले मोहम्मद उस्मान (50) पुत्र इस्लाम ने शुक्रवार भोर में करीब ढाई महीने से मायके में रह रही अपनी विवाहिता बहन जमीला बानो (30) की अवैध संबंध के शक में कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। सुबह सोकर उठी मां जोहरा ने जब कमरे में जमीला का खून से लथपथ शव देखा तो रोने लगी। जानकारी पाकर मौके पर लोग इकट्ठा हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाई ने खुद थाने जाकर घटना के बारे में पुलिस को सूचना दी। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच की। बताते चलें कि जमीला बानो का विवाह करीब ढाई वर्ष पूर्व मसौली थाना अंतर्गत त्रिलोकपुर के मो. आसिफ से हुआ था। करीब ढाई महीने से वह मायके में ही रह रही थी। दो दिन पहले उसका पति आसिफ उसे लेने भी आया था, लेकिन वह साथ नहीं गई थी। भाई मोहम्मद उस्मान को शक था कि बहन का किसी से प्रेम प्रसंग चल रहा है। एएसपी (दक्षिणी) डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि जमीला लगभग ढाई महीने से अपने मायके में ही रह रही थी।

## वर्ग पहेली-115

**बाएं से दाएं**

4. विचारधारा; विचारसरणी; सोचने का ढंग।
6. 1. संपूर्ण गणना करना 2. किसी विशेष उद्देश्य से किसी स्थान पर स्थित वस्तुओं की गणना 3. विधि तथा निषेधशास्त्र का विशेष रूप से कथन।
7. 1. किसी वस्तु को बाँटना या वितरण करना 2. अंश या भाग लगाना; विभक्त करना।

**ऊपर से नीचे**

1. दुबला-पतला; छरहरा।
2. प्रायः झुंड में रहने वाला तथा लोमड़ी से मिलता-जुलता एक जानवर।
3. संभोग; मैथुन; रतिक्रीड़ा।
5. गोलियों के चलने की आवाज़।
6. बेसन

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | 2 |
| | | 3 | | |
| 4 | | | | |
| | | | | 5 |
| 6 | | | | |
| | | | | |
| | | 7 | | |

### वर्ग पहेली -114 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मा | नो | | 2 पि | | |
| सां | | | छ | | |
| त | | | ड़ा | | 3 चु |
| | 4 सें | | 5 प | नो | टी |
| 6 गं | ध | ही | न | | ला |
| | मा | | | | |
| | री | | 7 छु | त | हा |

## सुडोकू -28

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 9 | | | 1 | | 7 |
| 8 | | 7 | 2 | | | | 3 | |
| | 3 | | 5 | | 8 | | | |
| 7 | | | 6 | | 1 | | | 9 |
| | | 4 | | | | 3 | | |
| 6 | | | 3 | | 5 | | | 8 |
| | | | 8 | | 7 | | 4 | |
| | 5 | | | | 3 | 9 | | 2 |
| 3 | | 2 | | | 9 | | 6 | |

### सुडोकू -27 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 7 | 6 | 4 | 8 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 4 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 3 | 9 | 5 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 8 | 1 | 6 | 9 | 3 |
| 8 | 9 | 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 8 | 1 | 4 | 9 | 6 | 5 |
| 4 | 6 | 8 | 3 | 9 | 5 | 2 | 7 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 3 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 14.19 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वर्षा।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 08.49 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** – आज आपका मन अशांत हो सकता है। लोग आपके ऊपर जिम्मेदारियों का बोझ डालने का प्रयास करेंगे। महंगे उत्पादों की ख़रीदारी के कारण परेशान हो सकते हैं। नकारात्मक लोगों की संगत से दूर रहें।

**वृष** – आज आप काफी व्यस्त रहेंगे। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न और संतुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। व्यापार से जुड़े लोगों की बिक्री बढ़ सकती है। सभी कार्य योजनानुसार ही होते चले जायेंगे। फाइनेंस संबंधी कार्यों के लिए दिन बेहद अनुकूल है।

**मिथुन** – आज कार्यक्षेत्र की आंतरिक व्यवस्था में कुछ बदलाव करना पड़ सकता है। नए लक्ष्यों को निर्धारित कर सकते हैं। आपका व्यवहार काफी संयमित और लोगों की नजर में आदर्श रहेगा। अपनी बातों को प्रभावी ढंग से रखेंगे।

**कर्क** – आज वही कार्य करें जिसको लेकर आपकी योजना स्पष्ट हो। परिश्रम का उचित परिणाम न मिलने से मन उदास हो सकता है। परिजनों के साथ बैर या किसी तरह का मनमुटाव आज दूर होगा। वैवाहिक जीवन के लिए समय अवश्य निकालें।

**सिंह** – आज नए व्यापारिक समझौते करने से बचें। व्यवसाय में प्रतिद्वंदियों के कारण नुकसान उठाना पड़ सकता है। निजी रिश्तों के बीच अहम् की भावना न आने दें। बारिश में भींगने से बचें। वायरल बुखार की चपेट में या सकते हैं। इंश्योरेंस आदि में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

**कन्या** – आज आपका मन काफी हर्षित रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। उधार दिया हुआ धन आपको मिल सकता है। व्यापार में काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। घर में प्रसन्नता व खुशहाली का माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण अनुबंध के लिए दिन शुभ है।

**तुला** – आज रुके हुए कार्यों को पूरा करने का दिन है। कार्यक्षेत्र में परेशानियों का अनुभव होगा। जल्दबाज़ी व भावुकता में कोई निर्णय न लें। कानूनी अड़चनों को दूर कर सकते हैं। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम मिलेंगे। दूसरे व्यक्तियों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप करना उचित नहीं है।

**वृश्चिक** – आज घर में शुभ प्रसंग हो सकते हैं। प्रेम संबंध काफी रोमांटिक रहने वाला है। धार्मिक विचारों का आपके ऊपर काफी प्रभाव रहेगा। अपनी जिम्मेदारियों से पीछे न हटें। कार्यस्थल में सब कुछ सामान्य रहेगा। अपनी बातों को दूसरों पर न थोपें।

**धनु** – आज आय के अनुपात में धन खर्च अधिक हो सकता है। शरीर में जल की कमी के कारण पैरों में दर्द की शिकायत हो सकती है। घर के लोगों की सलाह पर विचार अवश्य करें। वैवाहिक संबंध रोमांटिक रहेंगे। आज आपके घर के किसी विवाह योग्य सदस्य के विवाह की चर्चा हो सकती है।

**मकर** – आज किसी आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है। तय लक्ष्यों को समय पर पूरे कर लेंगे। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर काफी गम्भीर रहेंगे। जीवनसाथी को आज कुछ उपहार दे सकते हैं। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

**कुंभ** – आज परिजनों से किसी गंभीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं। पेट में गैस और जलन की शिकायत हो सकती है। आज गरिष्ठ भोजन का सेवन न करें। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा को सिद्ध करने का नया मंच मिल सकता है। आर्थिक समस्याओं का निवारण होगा।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में कुछ महत्वपूर्ण व ठोस निर्णय लेने पड़ेंगे। आप किसी सार्वजनिक समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आज यात्रा पर जाने की योजना बना सकते हैं। पहले हुए व्यापार घाटे से आज निजात मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- नो प्रॉब्लम – सुबह : 08.18
- ड्रीम गर्ल – रात : 09.41

&pictures
- अपरिचित – सुबह : 11.06
- वेलकम बैक – रात : 07.30

SONY PIX
- सुपर मैन – सुबह : 09.20
- व्हाइट हाउस डाउन – शाम : 06.36

ZEE CINEMA
- कृष – सुबह : 09.23
- सूर्या एस 3 – रात : 07.30

colors CINEPLEX
- अजब प्रेम की गजब कहानी – सुबह : 11.54
- भेड़िया – शाम : 05.58

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी ने पति को मैसेज किया – आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया– एकदम बंदरिया जैसी...!
बीवी – ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी।

भिखारी– भाई एक रुपया दे दो, तीन दिन से भूखा हूं।
राहगीर– तीन दिन से भूखा है तो एक रुपये का क्या करेगा?
भिखारी– वजन देखना है कि कितना घटा!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 900 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 800।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 2060, राज श्री 1385, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1960, फॉर्चुन ली. 1610, जय जवान 1510, सचिन 1520, सूरज 1535, अवसर 1640, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1495, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1655, चक्र टिन 1875, ब्लू 1615, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2030, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 35500, लाल मिर्च 20000–28500, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)** डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4600, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9300, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो.) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4600, खजाना 4600, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300–14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850–7300 मलका दाल 7575–7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11200, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9200, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16500, अरहर पटका छोटा 16000–16400, अरहर कोरी छोटी 17400, **चीनी**–डालमियां 4100, पीलीभीत 4080, नवाबगंज (नई) 4070, बहेड़ी (नई) 4080 रुपये।

# 3.4% बढ़ी सरकार की सकल देनदारियां

## वित्त मंत्रालय के मुताबिक मार्च के अंत में बढ़कर 171.78 लाख करोड़ रुपये हुईं

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की कुल सकल देनदारियां दिसंबर के अंत में 166.14 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 2024 के अंत में 171.78 लाख करोड़ रुपये हो गईं। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी।

सार्वजनिक ऋण प्रबंधन तिमाही रिपोर्ट (जनवरी-मार्च, 2024) में कहा गया कि यह आंकड़ा तिमाही आधार पर 3.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। रिपोर्ट के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान सार्वजनिक ऋण कुल सकल देनदारियों का 90.2 प्रतिशत था। इसमें कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान, अंतरिम बजट में घोषित उधार योजना के अपेक्षा से कम रहने के चलते भारतीय घरेलू बॉन्ड के प्रतिफल में नरमी आई। राजकोषीय घाटे के काबू में रहने, एफपीआई प्रवाह और स्थिर मुद्रास्फीति से इसमें मदद मिली। दूसरी ओर, समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी ट्रेजरी प्रतिफल अस्थिर रहा, जो मुख्य रूप से फेडरल रिजर्व की कार्रवाई, मुद्रास्फीति और रोजगार डेटा से प्रभावित था।

समीक्षाधीन तिमाही के दौरान अमेरिकी 10 वर्षीय प्रतिफल 4.33 प्रतिशत के उच्च स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्ट के मुताबिक नए निर्गमों पर भारित औसत प्रतिफल 2023-24 की तीसरी तिमाही के 7.37 प्रतिशत की तुलना में 2023-24 की चौथी तिमाही में 7.19 प्रतिशत तक नरम हो गया। इसके अलावा, दिनांकित प्रतिभूतियों के निर्गमों की भारित औसत परिपक्वता 2023-24 की चौथी तिमाही में 18.75 वर्ष हो गई। यह 2023-24 की तीसरी तिमाही में 18.80 थी।

### लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों में नहीं हुआ बदलाव



सरकार ने सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) एवं अन्य लघु बचत योजनाओं पर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के लिए ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं करने की शुक्रवार को घोषणा की। एक जुलाई, 2024 से शुरू होने वाली तिमाही के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरों को यथावत रखा गया है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा- वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (एक जुलाई से 30 सितंबर 2024 तक) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें पहली तिमाही (एक मार्च से 30 जून 2024 तक) के लिए अधिसूचित दरों के समान ही रहेंगी। अधिसूचना के मुताबिक, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत जमा पर 8.2 प्रतिशत की ब्याज दर मिलेगी, जबकि तीन साल की सावधि जमा पर दर 7.1 प्रतिशत रहेगी। पीपीएफ और डाकघर बचत जमा योजना की ब्याज दरें भी क्रमशः 7.1 प्रतिशत और चार प्रतिशत पर बनी रहेंगी। किसान विकास पत्र पर ब्याज दर 7.5 प्रतिशत होगी तथा यह निवेश 115 महीनों में परिपक्व होगा। जुलाई-सितंबर 2024 की अवधि के लिए राष्ट्रीय बचत पत्र (एनएससी) पर ब्याज दर 7.7 प्रतिशत रहेगी। सितंबर तिमाही में भी डाकघर मासिक आय योजना के निवेशकों को पहले की तरह 7.4 प्रतिशत ब्याज देगी।

# ग्रामीण बैंकों का उनके प्रायोजक बैंक में हो विलय

संवाददाता, अमृत विचार



- बैंकों के दो प्रमुख अधिकारी कर्मचारी संगठनों ने की मांग
- 43 ग्रामीण बैंक राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से हैं जुड़े

**बरेली:** अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ और ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन ने वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र भेजकर सभी 43 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को उनके प्रायोजक बैंक में विलय करने का अनुरोध किया है। इन संगठनों का कहना है कि इस कदम से बैंकों की प्रगति होगी और यह एकरूपता के लिए भी जरूरी है।

हालांकि यह मांग कर्मचारी संगठनों द्वारा पहले भी उठाई जाती रही है। ग्रामीण बैंकों के अधिकारियों ने इसको लेकर आंदोलन भी किए थे। ऐसा दावा किया जा रहा है कि अगर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का अपने प्रायोजक बैंक में विलय होता है तो ग्रामीण बैंकों में स्टाफ की कमी की समस्या का समाधान होगा। साथ ही आपसी प्रतिस्पर्धा पर विराम लगेगा और ग्रामीण बैंक के अधिकारी-कर्मचारी बैंकिंग की नई और मुख्य धारा में जुड़ सकेंगे। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए भी बेहद जरूरी है।

ग्रामीण बैंकों के प्रायोजक बैंक में विलय के बारे में बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा का कहना है कि अब आगे यह देखना होगा कि क्या केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण यूनियन के प्रस्ताव को स्वीकार कर विलय को तैयार होंगी।

### देशभर में 22 हजार ग्रामीण बैंकों की शाखाएं

बता दें कि ग्रामीण बैंकों की शाखाएं सुदूर ग्रामीण अंचल में फैली हुई हैं। पूरे देश में इनकी संख्या 22 हजार के करीब है। देशभर के 702 जिलों में कुल 30 करोड़ जमा खाते और करीब 3 करोड़ लोन खाते हैं। पंजाब एंड सिंध बैंक को छोड़कर सभी ग्रामीण बैंक किसी ने किसी राष्ट्रीयकृत बैंक से मूल रूप से जुड़े हुए हैं। देश भर में ग्रामीण बैंकों की 92 प्रतिशत शाखाएं ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्र में काम कर रही हैं।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 55,000–55,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,350 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 884 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,650 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

## सोने की कीमत में 370 और चांदी में 600 रुपये की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 370 रुपये की तेजी के साथ 72,550 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच घरेलू बाजार में मूल्यवान धातु मजबूत हुआ। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,180 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

चांदी की कीमत भी 600 रुपये की तेजी के साथ 91,200 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई जो पिछले कारोबारी सत्र में 90,600 रुपये प्रति किलोग्राम रही थी।

# आंकड़ों की गणना पद्धति में पूर्वाग्रहों को हटाना जरूरीः दास

मुंबई, एजेंसी



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने शुक्रवार को कृत्रिम मेधा (एआई) एवं मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बढ़ने से आंकड़ों की गणना-पद्धति (एल्गोरिद्म) में पूर्वाग्रहों को खत्म करने की जरूरत बताई।

दास ने केंद्रीय बैंक की तरफ से आयोजित 18वें सांख्यिकी दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में निष्कर्ष निकालने के लिए सांख्यिकी का इस्तेमाल एक पसंदीदा साधन के तौर पर लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र अनिश्चितता को ध्यान में रखते हुए तथ्यों के संग्रह से आगे बढ़कर व्याख्या एवं निष्कर्ष निकालने पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। उन्होंने कहा कि नजरिये में आए इस बदलाव ने सांख्यिकी को अन्य प्रमुख विषयों का अभिन्न अंग बनने की छूट दी है। निर्णय निर्माण की दक्षता में सुधार और मानवीय ज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में उपयोगकर्ता के अनुभव को समृद्ध करने के लिए सांख्यिकीय तरीकों को अपनाने में कंप्यूटिंग की बढ़ी ताकत का तेजी से इस्तेमाल हो रहा है।

## शेयर बाजार में रिकॉर्डतोड़ तेजी का दौर थमा, सेंसेक्स 210 अंक फिसला

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर शुक्रवार को बैंक, वित्त एवं प्रौद्योगिकी शेयरों में मुनाफावसूली आने के कारण पिछले चार सत्रों से जारी तेजी का दौर थम गया। दोनों ही मानक सूचकांक हल्की गिरावट के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 210.45 अंक यानी 0.27 प्रतिशत गिरकर 79,032.73 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 33.90 अंक यानी 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,010.60 पर बंद हुआ।

# आठ बुनियादी ढांचा उद्योग मई में 6.3 प्रतिशत की दर से बढ़े

नई दिल्ली, एजेंसी

- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी, उर्वरक व इस्पात क्षेत्र में उत्पादन बढ़ा

कोयला, प्राकृतिक गैस और बिजली क्षेत्र के उत्पादन में अच्छी वृद्धि होने से मई के महीने में देश के आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 6.3 प्रतिशत बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

अप्रैल में इन आठ क्षेत्रों का उत्पादन 6.7 प्रतिशत बढ़ा था। इन प्रमुख ढांचागत क्षेत्रों की वृद्धि दर मई 2023 में 5.2 प्रतिशत थी। इन क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार उर्वरक, कच्चे तेल और सीमेंट उत्पादन में मई के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों (अप्रैल-मई) में इन ढांचागत क्षेत्रों का उत्पादन 6.5 प्रतिशत बढ़ा है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 4.9 प्रतिशत बढ़ा था। देश के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में इन आठ बुनियादी ढांचा उद्योगों का सम्मिलित रूप से योगदान 40.27 प्रतिशत है।

## एक नजर

### लौह अयस्क उत्पादन 4% बढ़कर 5.2 करोड़ टन पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 5.2 करोड़ टन रहा। अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में देश का लौह अयस्क उत्पादन पांच करोड़ टन हुआ था। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल-मई अवधि में चूना पत्थर का उत्पादन एक साल पहले की अवधि के 7.7 करोड़ टन से बढ़कर 7.9 करोड़ टन हो गया। बयान में कहा गया है, 'मैंगनीज अयस्क का उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 16.7 प्रतिशत बढ़कर वित्तवर्ष 2024-25 (अप्रैल-मई) में सात लाख टन हो गया है।' मूल्य के हिसाब से कुल खनिज उत्पादन में लौह अयस्क और चूना पत्थर का योगदान लगभग 80 प्रतिशत है।

### एचएसबीसी पर 29.6 लाख रुपये का जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने कार्ड से संबंधित कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने पर हांगकांग व शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचएसबीसी) पर 29.6 लाख रुपये का जुर्माना शुक्रवार को लगाया। केंद्रीय बैंक ने एक बयान में कहा कि एचएसबीसी पर यह जुर्माना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 'बैंकों के क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड और रुपया मूल्यवर्गित सह-ब्रांडेड प्रीपेड कार्ड परिचालन' पर जारी कुछ निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए लगाया गया है। आरबीआई के अनुसार, 31 मार्च 2022 तक बैंक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में उसके द्वारा पर्यवेक्षी मूल्यांकन के लिए वैधानिक निरीक्षण (आईएसई 2022) किया गया। इसमें पाया गया कि आरबीआई के निर्देशों का पालन नहीं किया गया। उस संबंध में संबंधित पत्राचार के आधार पर बैंक को एक नोटिस जारी किया गया था।

### बंसल वायर का आईपीओ 3 जुलाई को खुलेगा

**नई दिल्ली।** इस्पात के तार बनाने वाली कंपनी बंसल वायर इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को कहा कि उसका आईपीओ तीन जुलाई को खुलेगा। कंपनी ने बताया कि 745 करोड़ रुपये के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए कीमत का दायरा 243-256 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ 3 जुलाई को खुलेगा और 5 जुलाई को बंद होगा। एंकर निवेशकों के लिए बोली 2 जुलाई को खुलेगी। कंपनी का आईपीओ पूरी तरह ताजा निर्गम है। इसमें किसी तरह की बिक्री पेशकश शामिल नहीं है।

# तकनीक के जरिए फसलों की सुरक्षा करेगी सरकार

## 75 जिलों में फसलों के रख-रखाव के साथ किसानों को बीमा कवर देने की योजना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार तकनीक की मदद से अब फसलों की सुरक्षा करेगी। इसके तहत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत अब उप्र. में यील्ड एस्टिमेशन सिस्टम बेस्ड ऑन टेक्नोलॉजी (यस-टेक) को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। इसे सभी 75 जिलों में लागू करने की तैयारी है।

इस प्रक्रिया के साथ ही रीस्ट्रक्चर्ड वेदर बेस्ड क्रॉप इंश्योरेंस स्कीम (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) के अंतर्गत फसलों की मॉनिटरिंग व रखरखाव की प्रक्रिया को दुरुस्त करने की दिशा में भी सरकार ने कदम बढ़ा दिए हैं।

दरअसल, फसलों को मौसमी आपदाओं से बचाने, किसानों को फसलों का बीमा उपलब्ध कराने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर फसलों के निरीक्षण की प्रक्रिया को और मजबूत बनाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई थी। अब इसी कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए कृषि विभाग ने यस टेक को लागू करने के लिए टेक्नोलॉजी इंप्लिमेंटेशन पार्टनर (टीआईपी) की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कृषि विभाग ने 75 जिलों में रबी व खरीफ सीजन की फसलों से संबंधित आंकड़ों के संकलन को लेकर इस प्रक्रिया की शुरुआत की है। इसके तहत मुख्यतः गेहूं व धान की फसलों पर फिलहाल जोर दिया जा रहा। इस दौरान वर्ष 2023-24, 2024-25 व वर्ष 2025-26 के आंकड़ों का संकलन किया जाएगा। इसमें अन्य बीमित फसलों को भी इससे जोड़ा जा सकता है।

प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 5 सीजन के एसेसमेंट पीरियड के हिसाब से रिपोर्ट को तैयार किया जाएगा, जिसमें मिड सीजन रिपोर्ट व एंड सीजन रिपोर्ट का भी संकलन किया जाएगा। इन सभी प्रक्रियाओं को पूरा करने के लिए टीआईपी द्वारा मशीन लर्निंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मॉड्यूल को कार्य में लाया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ सभी किसानों को मिले, इस उद्देश्य से सभी जिलों में फसलों को ग्राम पंचायत स्तर पर बीमित करने पर जोर दिया जा रहा है।

### बीमित फसलों के लिए समय निर्धारित

इस प्रक्रिया में बीमित खरीफ फसल के तौर पर केला, मिर्च व पान तथा रबी फसल के तौर पर टमाटर, शिमला मिर्च, हरी मटर व आम को वरीयता दी गई है। केले के लिए 30 जून, मिर्च के लिए 31 जुलाई, पान के लिए 30 जून, टमाटर के लिए 30 नवम्बर, शिमला मिर्च के लिए 30 नवम्बर, हरी मटर के लिए 30 नवम्बर तथा आम के लिए फसलवार बीमा कराने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

## सीसीआई जल्द करेगा प्रतिस्पर्धा नियमों में बदलाव

नई दिल्ली। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) शीघ्र ही कुछ प्रतिस्पर्धा नियमों में बदलाव लाएगा। इन नियमों में विलय और अधिग्रहण के लिए 'ग्रीन चैनल' से अनुमोदन से संबंधित नियम भी शामिल हैं। 'ग्रीन चैनल' मंजूरी के तहत विलय का विकल्प चुनने वाली कंपनियों को प्रतस्पर्धा आयोग की स्वतः मंजूरी मिल जाएगी, बशर्ते कि लेनदेन का प्रतिस्पर्धा परिदृश्य पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता हो।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की चेयरपर्सन रवनीत कौर ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक सम्मेलन में कहा कि नियामक क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। सीसीआई द्वारा की जा रही विभिन्न गतिविधियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, "हम शीघ्र ही प्रतिस्पर्धा नियमों में बदलावों को अधिसूचित करने जा रहे हैं।"

एनपीएस उपभोक्ताओं के लिए खुशखबरी

# अब 1 जुलाई से एक दिन में ही मिलेगी सेटलमेंट की सुविधा

नई दिल्ली, एजेंसी




पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण ने 1 जुलाई से राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली अंशधारकों के लिए सौदे वाले दिन ही निपटान की अनुमति दे दी है।

पेंशन कोष विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 11 बजे तक ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) अंशदान उसी दिन निवेश किया जाएगा और ग्राहकों को उसी दिन एनएवी (शुद्ध संपत्ति मूल्य) का लाभ मिलेगा।

पीएफआरडीए के अनुसार, अब तक ट्रस्टी बैंक द्वारा प्राप्त योगदान का निपटान अगले दिन (टी+1) निवेश किया जाता है। इसका मतलब है कि पिछले दिन तक प्राप्त योगदान अगले दिन निवेश किया जाता है। पीएफआरडीए ने कहा कि किसी भी निपटान दिवस पर सुबह 9:30 बजे तक प्राप्त योगदान को पहले से ही उसी दिन निवेश के लिए माना जाता था। अब सुबह 11 बजे तक प्राप्त योगदान राशि भी लागू एनएवी के साथ उसी दिन निवेश किया जाएगा।

बयान के अनुसार, पीएफआरडीए ने ई-एनपीएस के लिए 'पॉइंट ऑफ प्रजेंस' (पीओपी), नोडल कार्यालयों और एनपीएस ट्रस्ट को सलाह दी है कि वे अपने एनपीएस परिचालन को संशोधित समयसीमा के अनुरूप करें ताकि समयबद्ध तरीके से ग्राहकों को लाभ मिल सके।

# निर्यातकों के लिए ब्याज सब्सिडी योजना अगस्त तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए उठाया कदम



सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात के पहले और बाद के रुपया निर्यात ऋण पर ब्याज समानीकरण योजना शुक्रवार को दो महीने के लिए बढ़ा दी। निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 30 जून को ही समाप्त हो रही थी। हालांकि, शीर्ष निर्यातकों के निकाय फियो ने इस कदम पर निराशा जताते हुए कहा कि केवल एमएसएमई निर्यातकों के लिए ही योजना का विस्तार किया गया है।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक सूचना में कहा, "व्यापार और उद्योग को सूचित किया जाता है कि निर्यात के पहले और निर्यात के बाद के रुपया निर्यात ऋण के लिए ब्याज समानीकरण योजना को दो महीने यानी 31 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है।" हालांकि, यह विस्तार केवल एमएसएमई निर्यातकों के लिए ही लागू है और ऐसी विस्तारित अवधि के लिए योजना का कुल परिव्यय 750 करोड़ रुपये तक सीमित है। डीजीएफटी ने कहा कि गैर-एमएसएमई निर्यातकों के दावों पर 30 जून के बाद विचार नहीं किया जाएगा।

पिछले साल आठ दिसंबर को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने योजना को 30 जून तक जारी रखने के लिए 2,500 करोड़ रुपये के अतिरिक्त आवंटन को मंजूरी दी थी। यह योजना चिह्नित क्षेत्रों के निर्यातकों और सभी एमएसएमई विनिर्माता निर्यातकों को ऐसे समय में प्रतिस्पर्धी दरों पर रुपया निर्यात ऋण प्राप्त करने में मदद करती है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था मुश्किलों का सामना कर रही है। निर्यातकों को निर्यात के पहले और बाद रुपया निर्यात ऋण के लिए ब्याज समानीकरण योजना के तहत सब्सिडी मिलती है। योजना के तहत 9,538 करोड़ रुपये के मौजूदा परिव्यय के अलावा 2,500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त परिव्यय उपलब्ध कराया गया था। यह योजना एक अप्रैल, 2015 से पांच साल के लिए शुरू की गई थी।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने आईटी सेक्टर में दैनिक कामकाज के घंटों की सीमा बढ़ाई

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल सरकार राज्य में एक जुलाई से दैनिक कामकाजी घंटों की सीमा 30 मिनट बढ़ाने जा रही है। राज्य के आईटी उद्योग मंत्री बाबुल सुप्रियो ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश सरकार ने इस निर्णय के साथ सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है।

सुप्रियो ने कहा कि हालांकि सप्ताह में अधिकतम 48 कामकाजी घंटों की सीमा में कोई बदलाव नहीं होगा। सुप्रियो ने कहा कि अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा में तालमेल बनाए रखने और पश्चिम बंगाल के आईटी क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दैनिक कामकाजी समय सीमा को 8.30 घंटे से बदलकर नौ घंटे करने को हरी झंडी दे दी है। उन्होंने कहा, "साप्ताहिक कामकाजी समय सीमा 48 घंटे ही रहेगी। उद्योग जगत दैनिक कामकाजी समय सीमा बढ़ाने की मांग कर रहा था, क्योंकि वे आम तौर पर पांच दिन का कामकाजी सप्ताह अपनाते हैं। इसका मतलब है कि आईटी क्षेत्र की कंपनियां अपने ग्राहकों को अब 42.5 घंटे के बजाय 45 घंटे का बिल दे सकती हैं। यह जुलाई से प्रभावी होगा।"

# कोरोमंडल ने पेश किया नया मैग्नीशियम फोर्टिफाइड कॉम्प्लेक्स उर्वरक

**बेंगलुरु।** रासायनिक उर्वरक एवं कृषि रसायन कंपनी कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने यहां एक नया मैग्नीशियम-फोर्टिफाइड कॉम्प्लेक्स ग्रेड उर्वरक 'पैरामफोस प्लस' पेश किया। 'पैरामफोस प्लस' उर्वरक 16 प्रतिशत नाइट्रोजन, 20 प्रतिशत फॉस्फोरस और 13 प्रतिशत सल्फर के साथ-साथ अतिरिक्त 0.6 प्रतिशत मैग्नीशियम कर मिश्रण है। कंपनी के अनुसार उसके उर्वरक कारोबार के कार्यकारी निदेशक शंकरसुब्रमण्यम एस ने यहां एक कार्यक्रम में बाजार के लिए यह नया उत्पाद प्रस्तुत किया। कंपनी का कहना है कि उसका नया उर्वरक धान, कपास, मक्का, गन्ना, दालें, रागी, मूंगफली, तिलहन और सब्जियों सहित कई तरह की फसलों के लिए बेसल और टॉप ड्रेसिंग दोनों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 जून को समाप्त सप्ताह में 81.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 653.71 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 21 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 10.6 करोड़ डॉलर घटकर 574.13 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है।

# सेबी ने डीमैट खाते की निवेश सीमा 10 लाख रुपये तक बढ़ाई

- बाजार नियामक के इस कदम से छोटे निवेशकों की बढ़ेगी भागीदारी

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रतिभूति बाजार में छोटे निवेशकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को बुनियादी सेवा वाले डीमैट खाते की सीमा को दो लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दिया। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक परिपत्र में कहा कि नए दिशानिर्देश एक सितंबर से लागू होंगे।

बुनियादी सेवा वाले डीमैट खाते (बीएसडीए) में रखी गई प्रतिभूतियों के मूल्य की सीमा बढ़ाने से छोटे निवेशक शेयर बाजार में कारोबार के लिए प्रोत्साहित होंगे और उनका वित्तीय समावेशन सुनिश्चित होगा। बीएसडीए नियमित डीमैट खाते का अधिक बुनियादी संस्करण होता है। छोटे पोर्टफोलियो वाले निवेशकों पर डीमैट शुल्क का बोझ कम करने के लिए बाजार नियामक सेबी ने 2012 में बीएसडीए सुविधा शुरू की थी।

सेबी ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति एकमात्र या प्रथम धारक के रूप में केवल एक डीमैट खाता रखता है, सभी डिपॉजिटरी में उसके नाम पर केवल एक खाता है और उस खाते में रखी प्रतिभूतियों का मूल्य किसी भी समय 10 लाख रुपये से अधिक नहीं है तो वह बीएसडीए खाता रखने के लिए पात्र है। इस बदलाव से पहले बीएसडीए के लिए पात्र होने के लिए एक ही डीमैट खाते में दो लाख रुपये तक की ऋण प्रतिभूतियों और दो लाख रुपये तक की गैर-ऋण प्रतिभूतियों को रखने की अनुमति थी।

### चार लाख रुपये मूल्य होने पर कोई शुल्क नहीं

सेबी ने कहा कि चार लाख रुपये तक के पोर्टफोलियो मूल्य होने पर बीडीएसए के लिए कोई वार्षिक रख-रखाव शुल्क नहीं लगेगा, जबकि चार लाख रुपये से अधिक और 10 लाख रुपये तक के पोर्टफोलियो मूल्य होने पर शुल्क 100 रुपये लगेगा। हालांकि, पोर्टफोलियो मूल्य 10 लाख रुपये से अधिक होने पर बीडीएसए को अपने-आप ही नियमित डीमैट खाते में परिवर्तित कर दिया जाना चाहिए। नियामक ने कहा कि बीडीएसए खाताधारकों को इलेक्ट्रॉनिक विवरण मुफ्त में दिए जाएंगे। इसके साथ 25 रुपये देकर भौतिक खाता विवरण लिया जा सकता है।



# फाइनल में भारत के सामने दक्षिण अफ्रीका की दमदार चुनौती

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम शनिवार को जब टी-20 विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसके सामने पिछले 10 साल से अधिक के वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करने की चुनौती होगी। अपने फाइनल तक के अभियान में दोनों टीमें अजेय रही हैं लेकिन बड़े टूर्नामेंटों के कई फाइनल मैचों को खेलने के अनुभव के कारण भारत का पलड़ा भारी होगा।

दक्षिण अफ्रीका 1998 के बाद पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टूर्नामेंट में भारत का अभियान पिछले साल घरेलू वनडे विश्व कप के समान ही रहा है, जहां वे फाइनल में पहुंचे थे लेकिन खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने उनसे बेहतर प्रदर्शन किया था। भारत यहां भी अब तक सर्वश्रेष्ठ टीम रहा है। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि इस बार उनके सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती नहीं है। दक्षिण अफ्रीका की आईसीसी स्पर्धाओं में एकमात्र जीत 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी में हुई थी। टीम चोकर्स के अपने तमगे को पीछे छोड़कर फाइनल में पहुंची है और वे खिताबी मुकाबले में भी इस तमगे को धत्ता बताने की कोशिश करेंगे। आईपीएल खिताब को अब तक सबसे बड़ी उपलब्धि बताने वाले उनके कुछ खिलाड़ियों के लिए विश्व कप ट्रॉफी सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। गयाना में सेमीफाइनल में भारत की इंग्लैंड पर जीत के बाद बाद प्रशंसकों और विशेषज्ञों की भावनाओं को देखा जाए तो रोहित शर्मा की टीम खिताब की प्रबल दावेदार होगी। भारत की टीम का संयोजन कैरेबियाई देशों की पिचों के मुताबिक है। टीम इस मैच में पिछले साल 19 नवंबर को अहमदाबाद में एक लाख दर्शकों के सामने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मिली एकदिवसीय विश्व कप फाइनल की निराशा को पीछे छोड़ने के लिए बेकरार है। कप्तान ने कहा कि मैं जानता हूं कि फाइनल में भारत के साथ लंबे समय से समस्याएं रही हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि दक्षिण अफ्रीका कोई चुनौती पेश कर पाएगा। भारत अब तक टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम रही है और मैन टू मैन के मामले में भी दक्षिण अफ्रीका नजर आ रही है। इस विश्व कप में भारत शुरुआती चरण से बाहर हो गया था। एक कोच के रूप में टीम उन्हें यादगार विदाई देने की कोशिश करेगी।

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीकाः** एडेन मार्कराम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, गेराल्ड कोएट्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजा हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नोर्किया, कागिसो रबादा, रेयान रिकेल्टन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

**भारतीय समय अनुसार मैच आज रात 8 बजे**





## टीम के लिए विश्व कप जीतना चाहते हैं द्रविड़



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम टी20 विश्व कप फाइनल के लिए ब्रिजटाउन (बारबाडोस) में शनिवार को जब मैदान पर उतरेगी तो कोच के तौर पर इस टीम के साथ राहुल द्रविड़ का यह आखिरी मैच होगा। द्रविड़ का करार बीते नवंबर में वन-डे विश्व कप के बाद ही खत्म हो गया था लेकिन टीम प्रबंधन ने टी-20 विश्व कप तक उनसे इस जिम्मेदारी को निभाने का आग्रह किया था। टी20 विश्व कप के भारतीय प्रसारक ने सोशल मीडिया पर 'डूइटफोरद्रविड़' (द्रविड़ के लिए करो) का अभियान चलाया है जिस क्रिकेट जगत और प्रशंसकों का समर्थन मिल रहा है लेकिन 51 वर्षीय द्रविड़ इस वैश्विक खिताब को किसी व्यक्ति के लिए नहीं बल्कि टीम के लिए जीतना चाहते हैं। द्रविड़ के लिए विश्व कप जीतना कोई व्यक्तिगत गौरव का क्षण नहीं होगा यह टीम की उपलब्धी होगी।

## भारत को बेखौफ खेलते रहना होगा : गांगुली



**कोलकाता।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में भारतीय टीम को बेखौफ खेलकर 11 साल के खिताबी सूखे को खत्म करने की सलाह देते हुए कहा कि टीम को इस मुकाम तक लाने में रोहित शर्मा का अहम योगदान रहा है। भारतीय टीम जीत की दावेदार है। टीम के लिए 2013 की चैंपियंस ट्रॉफी के बाद वैश्विक खिताबी सूखे को खत्म करना चाहेगी। गांगुली ने कहा कि मैं रोहित के लिए बहुत खुश हूं। यही जीवन चक्र है कि जो छह महीने पहले मुंबई इंडियंस का कप्तान भी नहीं थे अब उसकी अगुवाई में भारत विश्व कप के फाइनल में खेलेगा।

## खेल डायरी

### विश्व टेनिस लीग का तीसरा सत्र होगा अबू धाबी में

अबू धाबी। विश्व टेनिस लीग (डब्ल्यूटीएल) का तीसरा सत्र 19 से 22 दिसंबर तक यहां एतिहाद एरेना में आयोजित किया जाएगा। चार दिवसीय कार्यक्रम में अपने पिछले सत्र में डेनियल मेदवेदेव, स्टेफानोस सितसिपास, आंद्रे रुबलेव, आर्यना सबलेंका, इगा स्वियातेक और एलेना रयबाकिना जैसे दिग्गजों ने हिस्सा लिया था। पिछले सत्र को मेदवेदेव, रुबलेव, मीरा एंड्रीवा और सोफिया केनिन की मौजूदगी वाली टीम पीबीजी ईगल्स ने जीता था। इस सत्र के लिए खिलाड़ियों की घोषणा बाद में की जाएगी।

### ब्रिंदा-दीपा को यूके-इंडिया अवार्ड 2024 सम्मान

**लंदन।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और पैरालंपियन दीपा मलिक को विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाले भारतीयों के सम्मान के लिए आयोजित एक समारोह में विशेष पुरस्कार से नवाजा गया है। लंदन में गुरुवार शाम को आयोजित इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) के वार्षिक यूके-इंडिया अवार्ड्स 2024 में सकारात्मक सामाजिक बदलाव के लिए अरुणाचलम मुरुगनाथम ग्लोबल इंडियन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उनके के साथ खेल के इन दिग्गजों को सम्मानित किया गया।

### भारत ने वियतनाम को बैडमिंटन में हराया

**नई दिल्ली।** भारत ने इंडोनेशिया में चल रही बैडमिंटन एशिया जूनियर मिश्रित टीम चैंपियनशिप में ग्रुप सी के मैच में वियतनाम को 5-0 से हराया। मिश्रित युगल में भार्गव राम और वेन्नाला के ने फाम वान टी और बुइ बिच फुओंग को 17-21, 21-19, 21-17 से मात दी। एकल में प्रणय शेट्टीगर ने टी कुओक के को 10-21, 21-18, 21-17 से हराकर भारत की बढत दुगुनी कर ली। तन्वी शर्मा ने टी थि अन को 21-13, 21-18 से हराया। भारत का सामना अब दूसरे दौर में फिलीपींस से होगा।

### आद्या के सामने फाइनल में गौशिका की चुनौती

**नई दिल्ली।** दूसरी वरीयता प्राप्त आद्या बुधिया शनिवार को इस्लामाबाद में 31वीं एशियाई जूनियर व्यक्तिगत स्क्वाश चैंपियनशिप के अंडर-13 लड़कियों के फाइनल में हमवतन गौशिका एम से भिड़ेंगी। लड़कों के अंडर-15 वर्ग के सेमीफाइनल में शिवेन अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां चौथी वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी नौमान खान को शिकस्त दी। आद्या ने अंतिम चार मुकाबले में छठी वरीयता प्राप्त हांगकांग के चिउ हौ चिंग को शिकस्त दी जबकि चौथी वरीयता प्राप्त गौशिका ने मलेशिया की नौवीं वरीयता प्राप्त मैसरह बिनती मोहम्मद खैरुल निजाम को हराया।

# शेफाली-मंधाना की रिकॉर्ड पारी से भारत मजबूत

## एकमात्र महिला टेस्ट क्रिकेट के पहले दिन भारत ने बनाया 4 विकेट के नुकसान पर 525 रन का बड़ा स्कोर



**शेफाली वर्मा**
205 रन | 197 गेंद

**स्मृति मंधाना**
149 रन | 161 गेंद

चेन्नई, एजेंसी

युवा बल्लेबाज शेफाली वर्मा के रिकॉर्ड तोड़ दोहरे शतक से भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को रिकार्डों की झड़ी लगा दी जिसमें एक दिन का सर्वोच्च स्कोर शामिल है।

शेफाली ने 194 गेंद में 205 रन और स्मृति मंधाना (149) के साथ 292 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पहले दिन 4 विकेट पर 525 रन बनाए। शेफाली दोहरा शतक के बाद आउट हो गई। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 96 रन था। अपना पांचवां टेस्ट खेल रही शेफाली ने 23 चौके और आठ छक्के लगाये। पहले बल्लेबाजी करते हुए शेफाली और मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के अनुभवहीन गेंदबाजों को खासी नसीहत दी। दोनों लंच तक स्कोर बिना किसी नुकसान के 130 रन तक ले गए। दोनों का शतक एक ही समय पर पूरा हुआ। मंधाना को डेल्मी टकर ने स्लिप में लपकवाकर इस साझेदारी को तोड़ा। मंधाना का भी टेस्ट क्रिकेट में यह सर्वोच्च स्कोर है। इससे पहले उनका सर्वोच्च स्कोर 127 रन था। टेस्ट क्रिकेट में किसी भी विकेट के लिए यह भारत की सबसे बड़ी साझेदारी है। महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए यह दूसरी बड़ी साझेदारी है। मंधाना की जगह आई सतीश शुभा 27 गेंद में 15 रन बनाकर आउट हो गई। जेमिमा रौड्रिग्स (55) ने हालांकि शेफाली का बखूबी साथ दिया। तेजी से रन चुराने के प्रयास में आपस में तालमेल नहीं बैठ पाने से शेफाली रन आउट हो गई। कप्तान हरमनप्रीत कौर 42 और रिचा घोष 43 रन बनाकर क्रीज पर है। भारत महिला टेस्ट मैच में एक दिन में 500 से अधिक रन बनाने वाली पहली टीम बन गई।



टेस्ट मैच के पहले दिन भारतीय बल्लेबाज स्मृति मंधाना का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती द. अफ्रीकी गेंदबाज डेल्मी टकर।

### शेफाली-मंधाना ने की बड़ी साझेदारी

शेफाली और स्मृति की जोड़ी ने टेस्ट के पहले दिन 292 रन की साझेदारी की जो महिला क्रिकेट में पहले विकेट का नया रिकॉर्ड है। दोनों ने 2004 में कराची में वेस्टइंडीज के खिलाफ पाकिस्तान की साजिदा शाह और किरण बलूच की 241 रन की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया। 1987 में वेदरबी में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे विकेट के लिए एलए रीलर और डीए एनेट्स की ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी के बीच 309 रन की साझेदारी के बाद महिला टेस्ट में किसी भी विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। शेफाली और मंधाना ने इस तरह 2021 में ब्रिस्टल में इंग्लैंड के खिलाफ 167 रन की अपनी पिछली सर्वश्रेष्ठ साझेदारी में सुधार किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड पूनम राउत और थिरुष कामिनी के नाम था, जिन्होंने मैसूर में 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 275 की साझेदारी की थी। शेफाली टेस्ट में 150 से अधिक रन बनाने वाली भारत की चौथी खिलाड़ी बन गई। उनसे पहले मिताली राज, कामिनी और संध्या अग्रवाल ने यह कारनामा किया है।

### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी) 525/4 (98 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर नाबाद | 42 | 76 | 2/0 |
| रिचा घोष नाबाद | 43 | 33 | 9/0 |

**अतिरिक्त** -16 रन, **विकेट पतन:** 1-292, 2-325, 3-411, 4-450
**गेंदबाज :** क्लास 14-2-63-0, डेर्कसन 11-0-60-0, डि क्लेर्क 0-1-62-1, सेखुखुने 10-0-55-0, एमलाबा 24-1-113-0, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

# मनु पर डोपिंग में फंसने का खतरा

## नाडा ने एएफआई से प्रतियोगिता में रोकने के लिए कहा

पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी

भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के निर्देश पर भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने प्रतियोगिताओं से दूर रहने के लिए कहा है क्योंकि ओलंपिक का टिकट पक्का करने के करीब पहुंच चुका यह खिलाड़ी डोपिंग के संदेह में है।

एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले इस खिलाड़ी का विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से ओलंपिक क्वालीफिकेशन लगभग निश्चित था। इस मामले के सामने आने के बाद हालांकि उनका पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर होना तय है। वह गुरुवार से शुरू हुई राष्ट्रीय अंतर-राज्य चैंपियनशिप के लिए शुरुआती प्रवेश सूची में थे लेकिन बाद में जारी सूची से उनका नाम हटा दिया गया।

एएफआई अध्यक्ष आदिले सुमरिवाला ने बताया कि नाडा ने महासंघ से मनु को प्रतियोगिताओं से रोकने के लिए कहा है लेकिन उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की कि एथलीट ने डोपिंग अपराध किया है या नहीं। सुमरिवाला ने कहा कि ऐसा कुछ हो सकता है, लेकिन हम अभी नहीं जानते कि वास्तविक कारण क्या है। कल एएफआई कार्यालय (नाडा से) को एक फोन आया था कि उसे (मनु को) प्रतियोगिताओं से रोक दिया जाए।



उन्होंने कहा कि इसके अलावा कोई विवरण नहीं दिया गया है। मुझे लगता है कि डीपी मनु खुद नाडा से पता लगा रहा है कि इसके पीछे क्या कारण है। मनु 15 से 19 मई तक भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में 82.06 मीटर के थ्रो के साथ नीरज चोपड़ा के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। उन्होंने एक जून को ताइपे शहर में ताइवान एथलेटिक्स ओपन में 81.58 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था।

# त्रीसा और गायत्री क्वार्टर फाइनल में

फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी

भारत के प्रियांशु राजावत ने चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को सीधे गेम में हराकर यहां चल रहे अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। ऑरलियन्स मास्टर्स 2023 के विजेता और यहां आठवें वरीय राजावत ने हुआंग पर 21-18 21-16 से जीत दर्ज की। अब उनका सामना चीन के चौथी वरीयता प्राप्त लेई लैन शी से होगा।

महिला एकल में सातवीं वरीय मालविका बंसोड़ भी अंतिम आठ में जगह बनाने में सफल रही। उन्होंने चेक गणराज्य की टेरेजा स्वाबिकोवा को 15-21 21-19 21-14 से हराया। मालविका को अब स्कॉटलैंड की तीसरी वरीय क्रिस्टी गिलमोर की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



महिला युगल में राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। इस भारतीय जोड़ी ने दूसरे दौर में चीनी ताइपे की हसीह पेई शान और हंग एन त्जु को 16-21 21-11 21-19 से पराजित किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को पहले दौर में बाइ मिली थी। उनका अगला मुकाबला रुई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी से होगा।

## नागल को विम्बलडन में मुश्किल ड्रॉ

लंदन। पहली बार विम्बलडन पुरुष एकल मुख्य ड्रॉ में खेल रहे भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल को मुश्किल ड्रॉ मिला है, जिसमें पहले दौर में उनका सामना सर्बिया के मियोमिर केसमानोविच से होगा। दुनिया के 72वें नंबर के खिलाड़ी नागल की राह कठिन होगी क्योंकि नंबर एक खिलाड़ी इटली के यानिक सिनेर भी इसी ड्रॉ में हैं और तीसरे दौर में उनसे टक्कर हो सकती है। नागल के लिए पहले दौर की बाधा पार करना भी आसान नहीं होगा क्योंकि उनका सामना रैंकिंग में अपने से 20 पायदान ऊंचे खिलाड़ी से है। नागल अगर पहले दौर की बाधा पार कर लेते हैं तो स्पेन के पाब्लो कारेनो बस्टा और नीदरलैंड के टालोन ग्रीक्सपूर के बीच होने वाले मैच के विजेता से टक्कर हो सकती है। ओलंपिक जा रहे नागल 2018 में पुरुष एकल पहले दौर के क्वालीफायर में पोलैंड के कामिल एम से हार गए थे। नागल ने आस्ट्रेलियाई ओपन के मुख्य ड्रॉ में कजाखस्तान के अलेक्जेंडर को मात दी थी। उन्होंने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाई। पुरुष युगल में रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का सामना फ्रांस के एड्रियन मानारिनो और जियोवान्नि एम पेरिकार्ड से होगा।



# वीह को रेड कार्ड मिलने के बाद पनामा ने अमेरिका को हराया

अटलांटा, एजेंसी

टिम वीह को मैच के शुरू में ही रेड कार्ड मिलने से 10 खिलाड़ियों से खेल रहे अमेरिका को पनामा से 1-2 से हार मिली, जिससे उसकी कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फिर गया। जोस फजार्डो ने 83वें मिनट में बैकअप गोलकीपर एथन होर्वाथ को छकाकर पनामा की तरफ से गोल किया। इससे पहले फोलारिन बालोगुन ने 22वें मिनट में अमेरिका को बढ़त दिलाई लेकिन सीजर ब्लैकमैन ने 26वें मिनट में स्कोर बराबर किया। अमेरिका को वीह की कमी खली जिन्हें मैच के 18वें मिनट में साल्वाडोर के रेफरी इवान बार्टन ने रॉड्रिक मिलर के सिर पर मुक्का मारने पर रेड कार्ड देकर बाहर भेज दिया था।



गोल के लिए संघर्ष करते अमेरिका और पनामा के खिलाड़ी।

## उरुग्वे ने बोलिविया को 5-0 से हराया

ईस्ट रदरफोर्ड, एजेंसी

डार्विन नुनेज़ ने अपने लगातार सातवें अंतरराष्ट्रीय मैच में गोल किया, जिससे उरुग्वे ने गुरुवार रात को बोलिविया को 5-0 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। फ़ैकुंडो पेलिस्ट्री ने आठवें मिनट में उरुग्वे को बढ़त दिलाई जबकि नुनेज़ ने 21वें मिनट में की अपनी राष्ट्रीय टीम की तरफ से पिछले सात मैचों में 10वें और कुल 25 मैचों में 13वें गोल के साथ इसे दोगुना कर दिया। मैक्सिमिलियानो अराउजो ने 77वें मिनट में टूर्नामेंट का अपना दूसरा गोल किया तथा फेडेरिको वाल्वरडे (81वें मिनट) और रोड्रिगो बेंटानकुर (89वें मिनट) ने गोल करके उरुग्वे को बड़ी जीत दिलाई। उरुग्वे के इस जीत से 6 अंक हो गए हैं और वह सोमवार को अमेरिका के खिलाफ होने वाले मैच को ड्रा कराने पर भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच जाएगा।

# गुकेश-प्रज्ञाननंदा ने अपनी बाजियां ड्रॉ खेलीं

बुखारेस्ट (रोमानिया),एजेंसी

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश ने सुपरबेट शतरंज क्लासिक के दूसरे दौर में रूस के इयान नेपोमनियाचची से कड़े मुकाबले में ड्रा खेला, जबकि एक अन्य भारतीय खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने भी फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव से अंक बांटे।

अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फैबियानो कारुआना अपनी एक गलती के कारण हमवतन वेस्ली सो के खिलाफ जीत दर्ज करने से चूक गए जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराया। हॉलैंड के अनीश गिरी इस 350000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में सबसे कम रैंकिंग के खिलाड़ी रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल के खिलाफ अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए और उन्हें अंक बांटने पड़े। डबल राउंड रोबिन आधार पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में अब जब के सात दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है तब गुकेश और कारुआना 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से बढ़त पर हैं। उनके बाद अलीरेजा, प्रज्ञाननंदा, गिरी, वेस्ली, वाचियर लाग्रेव और नेपोमनियाचची का नंबर आता है, जिनके एक-एक अंक हैं। डेक बोगदान डैनियल और अब्दुसत्तोरोव के आधा-आधा अंक हैं।



डी गुकेश



आर प्रज्ञाननंदा


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

आस्था



जम्मू से संतो का यह जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए शुक्रवार रात को बालटाल के लिए निकला। बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए सभी जयकारे लगाते नजर आए। ● एजेंसी

## राष्ट्रपति पद की बहस में बाइडन और ट्रंप ने एक दूसरे को सबसे खराब राष्ट्रपति बताया

# पहली अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट में ट्रंप से हारे बाइडेन


अटलांटा, एजेंसी

राष्ट्रपति जो बाइडन और उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप के बीच राष्ट्रपति पद की चुनाव प्रक्रिया की पहली बहस के दौरान अर्थव्यवस्था, सीमा, विदेश नीति, गर्भपात और राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति पर बहस हुई। इस दौरान दोनों ने एक दूसरे को झूठा और अमेरिकी इतिहास का सबसे खराब राष्ट्रपति करार दिया। डिबेट में ट्रंप ने बाइडेन को हरा दिया।

गुरुवार रात को बाइडन और ट्रंप के बीच लगभग 90 मिनट हुई बहस के दौरान दोनों ने एक-दूसरे पर निजी हमले किए। बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी के संभावित उम्मीदवार बाइडन ने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा, मैं हाल में 'डी-डे' के लिए फ्रांस में था और मैंने उन सभी नायकों के बारे में बात की जिन्होंने जान न्यौछावर की। मैं द्वितीय विश्व युद्ध और प्रथम विश्व युद्ध में मारे गए नायकों के कब्रिस्तान में गया, जहां उन्होंने (ट्रंप) जाने से इनकार कर दिया था। तत्कालीन राष्ट्रपति ट्रंप ने 2018 के दौरे के दौरान इस कब्रिस्तान का दौरा करने से इनकार कर दिया था। उम्र के मामले में 81 वर्षीय बाइडन ने याद दिलाया कि 78 वर्षीय ट्रंप उनसे केवल तीन साल छोटे हैं। न्यूयॉर्क में एक पोर्न स्टार को गुप्त रूप से धन देने के मामले में ट्रंप को दोषी ठहराए जाने का हवाला देते हुए बाइडन ने उन्हें अपराधी कहा था, जिस पर पलटवार करते हुए ट्रंप ने बाइडन को अपराधी कहा। ट्रंप ने बाइडन के बेटे हंटर बाइडन को बंदूक खरीद से जुड़े एक मामले में दोषी ठहराए जाने का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि उनका बेटा एक बहुत ही उच्च स्तर का अपराधी है।

### ट्रंप प्रशासन में सेवा देने में सम्मानित महसूस करूंगा

**अटलांटा।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कभी प्रतिद्वंद्वी रहे भारतीय मूल के अमेरिकी उद्योगपति विवेक रामास्वामी ने कहा है कि वैसे तो उनसे कहा नहीं गया है लेकिन वह ट्रंप प्रशासन में दूसरे नंबर (उपराष्ट्रपति पद) पर रहकर अपनी सेवा देने में 'सम्मानित' महसूस करेंगे।



● 90 मिनट की लंबी बहस के में दोनों ने एक-दूसरे पर किए निजी हमले

● बाइडन ने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को मूर्ख और हारा हुआ व्यक्ति करार दिया

### अधिकतर लोगों ने ट्रंप को बताया विजयी : सीएनएन

**अटलांटा।** पहली बहस (डिबेट) देखने वाले ज्यादातर लोगों की नजर में मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के मुकाबले पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रदर्शन बेहतर रहा। एसएसआरएस द्वारा आयोजित सीएनएन फ्लैश सर्वेक्षण के अनुसार, बहस देखने वाले पंजीकृत लोगों में से 67 प्रतिशत से 33 प्रतिशत ने कहा कि ट्रंप ने बेहतर प्रदर्शन किया। बहस से पहले उन्हीं मतदाताओं (55 प्रतिशत से 45 प्रतिशत) ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि बाइडन के मुकाबले ट्रंप बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

## एक नजर

### तिरुवनंतपुरम-मुंबई उड़ान में बम की धमकी

**मुंबई।** विस्तारा की तिरुवनंतपुरम–मुंबई उड़ान में शुक्रवार को बम की धमकी मिली जिसके बाद वहां तलाशी ली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी है। सहर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि चालक दल के एक सदस्य को विमान में बम होने की एक पर्ची मिली। उन्होंने बताया कि विमान के दोपहर करीब सवा तीन बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरते ही एयरलाइन ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

### अमेरिकी ड्रोन उड़ानों की संख्या में बढ़ोतरी : रूस

**मॉस्को।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की गतिविधियां बढ़ गई हैं और वे यूक्रेन को आपूर्ति किए गए पश्चिमी हथियारों के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के लिए टोह ले रहे हैं। मंत्रालय ने कहा रूसी रक्षा मंत्रालय ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी रणनीतिक ड्रोनों की उड़ानों की बढ़ती संख्या पर कड़ी निगरानी रखी है।

### स्लोवाकिया में ट्रेन व बस की टक्कर में 7 लोगों की मौत

**ब्रातिस्लावा (स्लोवाकिया)।** दक्षिणी स्लोवाकिया में एक ट्रेन और एक बस के बीच टक्कर हो जाने से सात लोगों की मौत हो गई। स्लोवाकिया के परिवहन मंत्री जोजेफ राज ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग से स्लोवाकिया होते हुए हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट जा रही इस यूरोसिटी ट्रेन में लगभग 200 लोग सवार थे। यह हादसा बृहस्पतिवार को स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजे के बाद नोवे जाम्की शहर के निकट एक 'क्रॉसिंग' पर हुआ। हादसे के बाद ट्रेन के इंजन में आग लग गई, जबकि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर दो भागों में टूट गई।

### जेएएक्सए ने खराब मौसम के कारण प्रक्षेपण स्थगित

**टोक्यो।** खराब मौसम की आशंका के बीच जापान ने अपने नए एच–3 रॉकेट के माध्यम से सप्ताहांत में एक उपग्रह का प्रस्तावित प्रक्षेपण सोमवार तक स्थगित कर दिया है। जेएएक्सए ने कहा कि शनिवार रात को बारिश और बिजली कड़कने की संभावना के मद्देनर उपग्रह प्रक्षेपण स्थगित किया गया है।

# मनी लांड्रिग की रोकथाम के लिए भारत में मुरीद हुआ एफएटीएफ

## भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया, अब 2027 में देनी होगी रिपोर्ट

सिंगापुर, एजेंसी

देश में गैरकानूनी तरीके से पैसे का लेन-देन करने, अवैध कमाई को पकड़ने और आतंकी संगठनों तक वित्तीय संसाधनों की पहुंच को रोकने के लिए भारत का रिकार्ड बहुत ही अच्छा है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) इससे इतना संतुष्ट है कि उसने भारत को जी-20 देशों के समूह में चयनित उन चार देशों की श्रेणी में रखा है, जिन्हें उन विषयों पर अपनी रिपोर्ट अब तीन वर्ष बाद वर्ष अक्टूबर 2027 में ही देनी होगी।

एफएटीएफ ने शुक्रवार को सिंगापुर में हुई अपनी पूर्ण बैठक के दौरान धन शोधन पर भारत की पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट को स्वीकार किया और आतंकवाद के वित्तपोषण के खिलाफ इसकी कार्रवाई की प्रशंसा की। सरकार ने इस कदम की सराहना करते हुए इसे एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया है। तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के अंत में अपने संक्षिप्त बयान में एफएटीएफ ने कहा है कि भारत अपने मानदंडों के साथ तकनीकी अनुपालन के उच्चस्तर पर पहुंच गया है और धनशोधन एवं आतंकी वित्तपोषण के खिलाफ भारत की कोशिशों के बढ़िया नतीजे आ रहे हैं।

हालांकि, एफएटीएफ ने कहा कि भारत को धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मुकदमों की सुनवाई पूरी करने में होने वाली देरी का समाधान करने की जरूरत है। इसने कहा कि गुणवत्ता एवं निरंतरता समीक्षा पूरी होने के बाद देश के संबंध में अंतिम मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी। सूत्रों के मुताबिक नियमित फॉलोअप श्रेणी से संकेत मिलता है कि भारत को अनुशंसित कार्यों पर अक्टूबर 2027 में प्रगति रिपोर्ट पेश करने की जरूरत है।

वहीं, अधिक फॉलोअप श्रेणी में शामिल देशों को हर साल आगे की कार्रवाई से संबंधित रिपोर्ट पेश करनी होती है। पेरिस मुख्यालय वाला एफएटीएफ धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए वैश्विक कार्रवाई का नेतृत्व करता है।



सिंगापुर में एफएटीएफ की बैठक में मौजूद सदस्य। ● एजेंसी

### अर्थव्यवस्था के लिहाज से भारत का प्रदर्शन अहम

नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि एफएटीएफ पारस्परिक मूल्यांकन में भारत का प्रदर्शन बढ़ती अर्थव्यवस्था के लिहाज से खासा अहम है, क्योंकि यह वित्तीय प्रणाली की समग्र स्थिरता और अखंडता को दर्शाता है। एफएटीएफ दिशानिर्देशों के अंतर्गत भारत का पारस्परिक मूल्यांकन पिछली बार 2010 में किया गया था। इस मूल्यांकन का मकसद किसी देश की वित्तीय अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कानून और नीति बनाने तथा उन्हें लागू करने की क्षमता की पड़ताल करना है।

## चीन की धमकी से ताइवान ने यात्रा से बचने का किया आग्रह

**ताइपे (ताइवान)।** ताइवान ने अपने नागरिकों से चीन और अर्ध-स्वायत्त चीनी क्षेत्रों हांगकांग और मकाऊ की यात्रा करने से बचने का आग्रह किया है। बीजिंग ने स्वशासित द्वीप ताइवान के लोकतंत्र की स्वतंत्रता के समर्थकों को मार डालने की धमकी दी थी, जिसके बाद ताइवान ने अपने नागरिकों से यह अपील की है।

मुख्यभूमि मामलों की परिषद के प्रवक्ता और इसके उप प्रमुख लियांग वेन-चेह ने बृहस्पतिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह सलाह जारी की। ताइवान की ओर से यह अपील चीन की ओर से बढ़ती धमकियों के बीच आई है। चीन दावा करता है कि ताइवान उसका अपना क्षेत्र है और यदि आवश्यक हुआ तो वह बलपूर्वक उस पर कब्जा कर सकता है। स्वतंत्रता समर्थक डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के लाई चिंग-ते के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चीन ने ताइवान के स्वतंत्रता समर्थकों को खोज खोज कर मार डालने की धमकी दी है। चीन ने 2016 में डीपीपी की पूर्व राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन के चुनाव जीतने के बाद से ताइवान की सरकार के साथ सभी तरह के संपर्क से इनकार कर दिया है।

# अमेरिका की जारी धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट पक्षपातपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारत ने कहा वोट बैंक की सोच से प्रेरित है अमेरिकी विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट

भारत ने अमेरिका के विदेश मंत्रालय द्वारा अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रतता पर जारी रिपोर्ट में की गई आलोचना को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण और वोट बैंक की सोच से प्रेरित है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रिपोर्ट खारिज करते हुए कहा कि इसमें पहले से ही तय विमर्श को आगे बढ़ाने के लिए चुनिंदा घटनाओं को चुना गया है और यहां तक कि भारतीय अदालतों द्वारा सुनाए गए कुछ कानूनी निर्णयों की सत्यनिष्ठा को भी चुनौती दी गई है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की धार्मिक स्वतंत्रता-2023 की रिपोर्ट में भारत में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों की हत्याओं और हमलों सहित हिंसक हमलों का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में हिंसा का भी हवाला दिया गया है। जायसवाल ने कहा अतीत की तरह, यह रिपोर्ट भी अत्यधिक पक्षपातपूर्ण है, इसमें भारत के सामाजिक ताने-बाने की समझ का अभाव है तथा यह स्पष्ट रूप से वोट बैंक की सोच और निर्देशात्मक दृष्टिकोण से प्रेरित है। इसलिए हम इसे खारिज करते हैं। उन्होंने कहा यह पूरा उपक्रम अपने आप में आरोप-प्रत्यारोप, गलतबयानी, तथ्यों के चयनात्मक उपयोग, पक्षपातपूर्ण स्रोतों पर निर्भरता और मुद्दों को एकतरफा तरीके से पेश करने का मिश्रण है।

### अमेरिका में है अधिक कठोर कानून और नियम

रणधीर जायसवाल ने कहा कि अमेरिका में तो और भी अधिक कठोर कानून और नियम हैं तथा वह निश्चित रूप से अपने लिए ऐसे समाधान नहीं सुझाएगा। मानवाधिकार और विविधता के प्रति सम्मान भारत और अमेरिका के बीच चर्चा का वैध विषय रहा है और रहेगा। भारत ने 2023 में आधिकारिक रूप से अमेरिका में घृणा अपराधों, भारतीय नागरिकों और अन्य अल्पसंख्यकों पर नस्लीय हमलों, पूजा स्थलों पर तोड़फोड़ और उन्हें निशाना बनाने, कानून प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा हिंसा और दुर्व्यवहार के साथ–साथ विदेशों में चरमपंथ और आतंकवाद के समर्थकों को राजनीतिक शरण देने के कई मामलों को उठाया था।

## संसद भवन पर दंगे के आरोपियों पर अभियोग लगाना बनाया कठिन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिए अपने फैसले से कैपिटल (संसद) दंगा के आरोपियों पर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने का अभियोग लगाना कठिन कर दिया है। सरकार ने मामले में यह आरोप सैकड़ों आरोपियों पर लगाया है जिनमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी शामिल हैं। न्यायालय ने तीन के मुकाबले छह न्यायधीशों के बहुमत से फैसला सुनाया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप लगाने के लिए यह सबूत भी शामिल होना चाहिए कि प्रतिवादियों ने दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ या उन्हें नष्ट करने का प्रयास किया था। यह कानून 2002 में एनरॉन कॉरपोरेशन के पतन का कारण बने वित्तीय घोटाले के जवाब में लाया गया था। अदालत के इस फैसले के बाद छह जनवरी 2021 को कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हिंसक हमला करने वाले कुछ लोग ही उस श्रेणी में आते हैं।

## साइबर अपराध में संलिप्त 137 भारतीय गिरफ्तार

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के आपराधिक जांच विभाग ने ऑनलाइन वित्तीय घोटाले में शामिल 137 भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय अखबार डेली मिरर ने पुलिस प्रवक्ता के हवाले से बताया कि इन लोगों को गुरुवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाकों मडीवेला और बट्टारामुल्ला तथा पश्चिमी तटीय शहर नेगोम्बो से गिरफ्तार किया गया।

थलदुवा ने बताया कि अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने इन इलाकों में एक साथ छापेमारी की और इस दौरान 158 मोबाइल फोन, 60 डेस्कटॉप और कई लैपटॉप जब्त किए। पुलिस के अनुसार नेगोम्बो से 55 संदिग्धों को 55 मोबाइल फोन और 29 लैपटॉप के साथ हिरासत में लिया गया। इसी तरह कोच्चिकाडे में अधिकारियों ने 53 व्यक्तियों को पकड़ा और 31 लैपटॉप एवं 58 मोबाइल जब्त किए। मडीवेला में अभियान के दौरान 13 संदिग्धों को गिरफ्त में लिया गया और उनके पास से आठ लैपटॉप एवं 38 मोबाइल बरामद किए गए। थानालगामा में 16 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और आठ लैपटॉप एवं 38 मोबाइल जब्त किए गए।



एसएसपी ने कहा कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध पुरुष हैं। यह कार्रवाई एक पीड़ित की शिकायत के आधार पर की गई जिसने आरोप लगाया था कि सोशल मीडिया पर संवाद करने के लिए उसे नकद राशि दिए जाने का वादा करके एक व्हाट्सऐप समूह में जोड़ा गया था।

## टीटीपी पनाहगाहों को जल्द बनाएंगे निशाना : रक्षामंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने चेतावनी दी है कि हाल में सेना द्वारा शुरू किए गए आतंकवाद रोधी अभियान के तहत अफगानिस्तान स्थित प्रतिबंधित संगठन टीटीपी की पनाहगाहों को भी निशाना बनाया जा सकता है।

उन्होंने इसी के साथ प्रतिबंधित संगठन से किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया क्योंकि इसके लिए कोई 'सामान आधार' नहीं है। सरकार ने पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन अज्म-ए-इश्तेहकाम' शुरू करने की घोषणा की थी। इसका उद्देश्य पाकिस्तान पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के बढ़ते खतरे से निपटना है। टीटीपी के आतंकवादियों को अफगान तालिबान द्वारा अपनी जमीन का इस्तेमाल करने के लिए कथित तौर पर दी गई मौन सहमति की वजह से पाकिस्तान पर खतरा बढ़ता जा रहा है।

## विपक्षी नेताओं ने सुनक को पाकी कहकर किया संबोधित

लंदन, एजेंसी

● प्रधानमंत्री सुनक ने कहा- रिफॉर्म यूके के नेता निगेल फराज पुतिन के हाथ की कठपुतली

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपने खिलाफ की गई नस्लीय टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि इससे वह आहत और आक्रोशित हैं। आम चुनाव प्रचार अभियान के दौरान सुनक ने कहा कि उनकी दो बेटियों, कृष्णा और अनुष्का को रिफॉर्म यूके के उन नेताओं को देखना और सुनना पड़ा, जिन्होंने पार्टी नेता निगेल फराज के लिए प्रचार के दौरान मुझे एक पाकी कहकर संबोधित किया।

सुनक ने कहा जब आप रिफॉर्म पार्टी के उम्मीदवारों और प्रचारकों को देखते हैं, जो बिना किसी चुनौती के नस्लवादी और स्त्रीद्वेषी भाषा और विचारों का उपयोग करते हुए दिखते हैं, तो मुझे लगता है कि यह आपको रिफॉर्म पार्टी के भीतर की संस्कृति के बारे में कुछ दर्शाता है। सुनक ने द टेलीग्राफ से कहा रिफॉर्म यूके के नेताओं ने जो कुछ कहा वह गलत था, यह पूरी तरह से गलत था। वह पुतिन के हाथ की कठपुतली हैं। वह उस वक्त यह टिप्पणी कर रहे थे जब धुर दक्षिणपंथी रिफॉर्म यूके के एक प्रचारक को दक्षिण एशियाई विरासत के लोगों के प्रति नस्लवादी टिप्पणी का इस्तेमाल करते हुए फिल्माया गया था, जिससे पार्टी के नेता और आम चुनाव के उम्मीदवार निगेल फराज को इस कृत्य को भयावह बताते हुए निंदा करनी पड़ी।



## चंद्रमा के दूसरी ओर से नमूने लाया चीन का चांग ई-6

**बीजिंग।** चीन का 'चांग ई-6' मिशन इस सप्ताह धरती पर वापस लौट आया और आपने साथ चंद्रमा के सतह की दूसरी ओर से करीब दो किलोग्राम नमूने अनुसंधान के साथ लाया है जिसके अध्ययन से पृथ्वी के एकमात्र प्राकृतिक उपग्रह की उत्पत्ति को समझने में और मदद मिलेगी। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह घोषणा की।

चाइना नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (सीएनएसए) के मुताबिक शुरुआती तौल के मुताबिक चांग ई-6 अपने साथ चंद्रमा से 1,935.3 ग्राम नमूने लेकर लौटा है। सीएनएसए के चंद्र अन्वेषण एवं अंतरिक्ष इंजीनियरिंग केंद्र के उप निदेशक जी पिंग ने कहा, हमने पाया है कि चांग ई-6 द्वारा लाए गए नमूने पिछले नमूनों की तुलना में अधिक चिपचिपे थे, तथा उनमें गांठें भी थीं। ये अवलोकनीय विशेषताएं हैं। पिंग चांग ई-6 मिशन के प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### कल्कि 2898 एडी ने पहले दिन कमाए 190 करोड़

**मुंबई।** बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड 190 करोड़ की कमाई कर ली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गयी है। ओपनिंग डे पर ही इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉड्र्स तोड़ डाले हैं। इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर कामयाबी का कीर्तिमान स्थापित कर दिया है।इस फिल्म में विजय देवरकोंडा, एसएस राजामौली और दुलकर सलमान, मृणाल ठाकुर और राम गोपाल वर्मा कैमियों में नजर आ रहे हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने फिल्म कल्कि 2898 एडी के बॉक्स ऑफिस आंकड़ों की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, नॉन हॉलीडे, मिड वीक रिलीज और इंडिया वर्सेज इंग्लैंड का टी–20 वर्ल्ड कप 2024 सेमीफाइनल मैच होने के बावजूद, कल्कि 2898एडी ने फैंटास्टिक शुरूआत करते हुए 2024 की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, और जाहिर है, दक्षिण – #कल्कि2898एडी की लहर पूरे देश में छाई हुई है... सबसे अच्छी बात यह है कि फिल्म ने टायर–2 और टायर–3 केंद्रों पर बेहतरीन परफॉर्म किया है और यदि यह ट्रेंड जारी रहा, तो बड़े पैमाने पर कमाई से #कल्कि2898एडीको लंबे समय में एक मजबूत कलेक्शन हासिल करने में मदद मिलेगी। कल्कि 2898 एडी ने वर्ल्डवाईड ग्रास 190 करोड़ की कमाई कर ली है।



### 12 जुलाई से स्ट्रीम होगी सीरीज शोटाइम

**मुंबई।** सीरीज शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। सीरीज शोटाइम के निर्माता धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट, रचनाकार एवं लेखक सुमित रॉय हैं। मिहिर देसाई और अर्चित कुमार ने निर्देशन किया है।डिज्नी हॉटस्टार और धर्मेटिक एंटरटेनमेन्ट ने शोटाइम का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज कर दिया है। शोटाइम के सारे एपिसोड्स 12 जुलाई से सिर्फ डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होंगे। इस सीरीज में इमरान हाशमी, महिमा मकवाना के साथ–साथ मौनी रॉय, राजीव खण्डेलवाल, श्रिया सरन, विशाल वशिष्ठ, नीरज माधव और विजय राज की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं।

तो होगा खतरा — एक 840 फीट व दूसरा 2 .3 किमी बढ़ा आकार, 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा

# इस सप्ताह धरती के करीब से गुजरेंगे दो बड़े क्षुद्रग्रह

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** इस सप्ताह धरती के सबसे बड़े दुश्मन माने जाने वाले दो क्षुद्रग्रह इस सप्ताह पृथ्वी के बेहद करीब से गुजरने जा रहे हैं। जिनमें एक 840 फीट व दूसरा 2.3 किमी आकार है। ये दोनों इतने विशाल हैं कि अगर पृथ्वी से टकरा जाय तो भयानक नुकसान पहुचा सकते हैं। यह दोनों इतने बड़े हैं कि उन्हें छोटी दूरबीनों से देखा जा सकता है।

एक क्षुद्रग्रह का नाम 2011यूएल है। पिछले 21 सालों में दूरबीनों से दिखाई देने वाले सबसे बड़े पृथ्वी के निकट क्षुद्रग्रहों में से एक है, जो 2.3 किमी चौड़ा है। इसे पृथ्वी के निकट ज्ञात सभी 99 क्षुद्रग्रहो में बड़ा माना जा रहा है। ये 27 जून को पृथ्वी की सतह से 6,634,279 किमी दूर था। यह पृथ्वी से सुरक्षित दूरी के साथ आगे निकल जाएगा।

दूसरा क्षुद्रग्रह इसी वर्ष खोजा गया है। जिसका नाम 2024 एमके है। इसका आकार 840 है। दोनों क्षुद्रग्रह चट्टानी हैं। आधी रात के बाद इन्हें देख पाना आसान होगा। क्षुद्रग्रह 2011 यू एल 21 की खोज 2011 में हुई थी। निस्कि खोज अक्टूबर 2011 में टक्सन, एरिज़ोना में कैटालिना स्काई सर्वे की गई थी। यह 65 वर्ष बाद व 25 जून 2089 को दुबारा पृथ्वी के नजदीक पहुचेगा। तब इसकी दूरी आज की तुलना में बहुत कम रह जाएगी। यह क्षुद्रग्रह 25.9 किमी प्रति सेकंड की अद्भुत गति से अपने पथ में आगे जा रहा है। इसे 6 से 8 इंच की दूरबीन से देखा जा सकता है। बहरहाल दोनों क्षुद्रग्रहों पर खगोल वैज्ञानिक नजर रखे हुए हैं।



पृथ्वी व क्षुद्रग्रहों की तस्वीर।

### नासा का रडार करेगा निगरानी नैनीताल

कैलिफ़ोर्निया नासा का गोल्ड स्टोन रडार से 3 जुलाई तक इन दोनों क्षुद्रग्रहों की निगरानी करेगा। क्षुद्रग्रह 2011यू एल 21 बेहद खतरनाक हो सकता है, जिसके भविष्य में पृथ्वी से टकराने की आशंका से इंकार नही किया जा सकता है। जिस कारण नासा रडार द्वारा इनके पाथ की सटीक गणना कर भविष्य में इसके ऑर्बिट की सही जानकारी दे सकेगा। पृथ्वी के करीब से गुजरने वाले क्षुद्रग्रह हमारे बेहद खतरनाक दुश्मन समझे जाते हैं। जिस कारण इन पर पैनी नजर रखी जाती है।